खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, मंगलवार 5 मई 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 259 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम :28°C
न्यूनतम: 21°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2083 17 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र की तबादला नीति में सरकार ने किया बदलाव
पेज 2



ऑरेंज कैप फिर से अभिषेक के सिर, रबाडा पर्पल कैप की दौड़ में
खेल टाइम्स



न हाथ में डिग्री फिर भी जिंदगियां देती दाई मां
सम्पादकीय



ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट का नया नक्शा जारी किया
पेज 12

# बंगाल और तमिलनाडु में बड़ा उलटफेर

- पश्चिम बंगाल, असम और पुड्डुचेरी में राजग, तो केरल में कांग्रेस मोर्चा को मिल रहा बहुमत
- तमिलनाडु में अभिनेता विजय के करिश्मे के दम पर टीवीके सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी
- केरल में एक दशक बाद कांग्रेस के नेतृत्व में संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा की सरकार बनने का रास्ता साफ
- असम और पुड्डुचेरी में नतीजों के अनुसार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार की वापसी निश्चित हुई
- प.बंगाल की सीएम ममता बनर्जी भवानीपुर सीट से सुवेंदु अधिकारी से 15 हजार वोटों से चुनाव हारीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव की मतगणना के रूझानों में पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में भारी उलटफेर की संभावना के साथ भारतीय जनता पार्टी बंगाल में अपने दम पर जबरदस्त बहुमत हासिल करने जा रही है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी अध्यक्ष ममता बनर्जी भवानीपुर से सुवेंदु अधिकारी से 15,114 वोटों से चुनाव हार गई। सुवेंदु के खिलाफ यह उनकी लगातार दूसरी हार है। 2021 विधानसभा चुनाव में सुवेंदु नंदीग्राम से ममता के खिलाफ जीते थे। ममता हार से पहले ही काउंटिंग सेंटर से निकल गईं। उन्होंने आरोप लगाया कि, मुझे अंदर धक्का दिया और पीटा गया। यहां दोबारा काउंटिंग होनी चाहिए।

उधर तमिलनाडु में अभिनेता विजय के करिश्में के दम पर टीवीके स्पष्ट रूप से सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है। केरल में सत्ता परिवर्तन के संकेतों के बीच एक दशक बाद कांग्रेस के नेतृत्व में संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा की सरकार बनेगी। असम और पुड्डुचेरी में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार की वापसी निश्चित हो गई है। चुनाव आयोग के रूझानों के आंकड़ों के अनुसार पश्चिम बंगाल में एग्जिट पोल के अनुमानों के अनुरूप भाजपा को शुरूआती रूझानों में स्पष्ट बढ़त मिल रही है और वह अकेले दम पर जबरदस्त बहुमत हासिल करने जा रही है। राज्य की 294 विधानसभा सीटों में से 284 के आरंभिक रूझानों में विपक्षी भाजपा 119 सीटें जीत चुकी है और 88 सीटों पर आगे चल रही है। भाजपा को कुल 207 सीटें मिलने का अनुमान है। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस 48 सीटें जीत चुकी है तथा केवल 22 सीटों पर आगे चल रही है। तृणमूल कांग्रेस को 80 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। वर्ष 2021 के चुनावों में तृणमूल ने 220, तो भाजपा ने 71 सीटें जीती थी। तमिलनाडु में भी रूझानों में एग्जिट पोल के विपरीत भारी उलट फेर देखने को मिला है। राज्य में अभी तक रूझानों में किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत के संकेत नहीं हैं, लेकिन विधानसभा की 234 में से 224 सीटों के रूझानों में टीवीके अप्रत्याशित रूप से 107 सीटों से साथ सबसे आगे है। टीवीके 59 सीटें जीत चुकी है और 48 पर आगे है। अन्नाद्रमुक दूसरे स्थान पर 55 सीटों पर तथा सत्तारूढ़ द्रमुक 48 सीटों पर आगे रहते हुए तीसरे स्थान पर है। कांग्रेस 4 तथा पीएमके 5 सीट पर आगे है। पिछले चुनाव में द्रमुक गठबंधन को 158 जबकि अन्नाद्रमुक गठबंधन को 69 सीटें मिली थी। असम विधानसभा की 126 सीटों के नतीजों के अनुसार राजग को स्पष्ट बहुमत मिलता दिख रहा है। भाजपा 100 सीटें जीत चुकी है और दो पर आगे चल रही है। कांग्रेस 14 सीटें जीत चुकी है, और उसे 7 सीटों पर बढ़त मिली हुई है। असम गण परिषद को 9 और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीओपीएफ) को 10 सीटों पर बढ़त हासिल है। पिछले चुनावों में राजग को 74, कांग्रेस गठबंधन को 28 तथा एयूडीएफ को 15 सीटें मिली थी। केरल में अनुमानों के अनुरूप कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा को बहुमत मिलने जा रहा है। विधानसभा की 140 सीटों में से मोर्चा 102 सीटें जीत चुका है। जिनमें से कांग्रेस को 63 उसके सहयोगी दल इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग को 23, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी को 25, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी को 9 और केईसी को 7 सीटें मिली हैं। केरल में एलडीएफ ने 35 एवं भाजपा ने तीन सीटें जीती हैं। पिछले चुनाव में वाम लोकतांत्रिक मोर्चा को 94 और संयुक्त मोर्चा को 42 सीटें मिली थी। पुड्डुचेरी विधानसभा की 30 में से राजग 15 सीट जीत चुका है और तीन पर आगे चल रहा है। कांग्रेस को तीन तथा अन्य को छह सीटें मिली हैं। निर्दलीय उम्मीदवार एक सीट पर जीत के साथ दो सीटों पर आगे चल रहे हैं। भाजपा ने एक सीट जीती है और एक पर आगे है। कांग्रेस और अन्नाद्रमुक ने भी एक-एक सीट जीती है।



### पश्चिम बंगाल
सीटें- 293 बहुमत- 147

| पार्टी | जीत | आगे |
|---|---|---|
| भाजपा | 119 | 88 |
| टीएमसी | 48 | 22 |
| कांग्रेस | 00 | 02 |
| लेफ्ट | 00 | 02 |
| अन्य | 00 | 02 |

### तमिलनाडु
सीटें- 234 बहुमत- 118

| पार्टी | जीत | आगे |
|---|---|---|
| टीवीके | 59 | 48 |
| डीएमके | 00 | 48 |
| AIADMK | 00 | 55 |
| एनटीके | 00 | 00 |
| अन्य | 00 | 05 |

### असम
सीटें- 126 बहुमत- 64

| पार्टी | जीत | आगे |
|---|---|---|
| एनडीए | 100 | 02 |
| कांग्रेस | 14 | 07 |
| AIUDF | 02 | 02 |
| अन्य | 00 | 00 |

## केरल में यूडीएफ की जीत पर राहुल गांधी ने प्रदेश की जनता का जताया आभार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केरल में यूडीएफ की जीत के बाद राज्य की जनता का आभार जताया है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर अपने संदेश में लिखा कि केरल के लोगों को धन्यवाद। उन्होंने इस जीत को निर्णायक जनादेश बताया और कहा कि केरल की जनता ने जिस विश्वास के साथ यूडीएफ को चुना है, वह जिम्मेदारी को और बढ़ाता है। उन्होंने चुनाव अभियान में जुटे सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए इसे एक कठिन लेकिन सुव्यवस्थित अभियान बताया।

## पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत, वर्षों की साधना सिद्ध: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय पर कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक और अभूतपूर्व है। सालों की साधना जब सिद्धी में बदलती है तो चेहरे पर जो खुशी होती है वो खुशी मैं देशभर के कार्यकर्ताओं के चेहरे पर देख रहा हूं। एक कार्यकर्ता होने के नाते मैं भाजपा के हर कार्यकर्ता की खुशी में शामिल हूं। आज का ये दिन कई मायनों में खास है। ये देश के उज्जवल भविष्य की उद्घोषणा, भरोसे का दिन है। भरोसा भारत के महान लोकतंत्र पर, भरोसा परफार्मेंस की पॉलिटिक्स पर, भरोसा एक भारत श्रेष्ठ भारत भावना पर। उन्होंने कहा कि आज नया इतिहास रच दिया है।

भाजपा के अध्यक्ष नितिन नवीन के पद संभालने के बाद ये पहले चुनाव थे। इन चुनाव में पार्टी कार्यकर्ताओं को उनका जो मार्गदर्शन था वो इस विजय में बहुमूल्य रहा। पीएम मोदी ने भारत माता की जय के साथ अपना भाषण शुरू किया। उन्होंने सभा स्थल पर मौजूद लोगों से आगे-पीछे न होने की अपील भी की। नितिन नवीन ने कहा कि हम भरोसे के साथ चल रहे हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जनता भय के वातावरण से मोदी के भरोसे के वातावरण में आई है। मोदी की गारंटी को सपनों को हकीकत के आईने में बुनेंगे, तो जनता आपके साथ खड़ी होती है। यही कारण है कि देश के कई राज्यों में भाजपा सरकार दोबारा आती हैं। इन रिजल्ट से जनता ने स्पष्ट किया कि हम भरोसे के साथ चल रहे हैं। 12 सालों के बाद भी मोदी के प्रति वही विश्वास और प्रेम जनता के बीच में कायम है।

## सुनेत्रा पवार ने जीत का इतिहास बनाया

**नई दिल्ली।** देश के 5 राज्यों की 7 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के नतीजे आ गए हैं। महाराष्ट्र के बारामती सीट से एनसीपी उम्मीदवार सुनेत्रा पवार ने 2 लाख 18 हजार वोटों के अंतर से ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

जीत का यह अंतर भारत में किसी विधानसभा चुनाव में सबसे ज्यादा है। सुनेत्रा पूर्व डिप्टी सीएम अजित पवार की पत्नी हैं, जिनका 28 जनवरी 2026 को विमान हादसे में निधन हो गया था। बारामती अजित पवार की पारंपरिक सीट रही है। यहां से सुनेत्रा की जीत पहले से लगभग तय थी। उनके खिलाफ 22



- 2.18 लाख वोटों से जीतीं उपचुनाव

निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में थे। महाराष्ट्र की राहुरी सीट से भाजपा के अक्षय कार्डिले जीत गए हैं। भाजपा ने गुजरात, नगालैंड और त्रिपुरा की 1-1 सीट भी जीत ली है। कर्नाटक की बागलकोट और दावणगेरे साउथ सीट पर कांग्रेस उम्मीदवारों ने जीत हासिल की। उपचुनाव वालीं सभी 7 सीटें पूर्व विधायकों की मौत के कारण खाली हुई थीं। कर्नाटक, नगालैंड और त्रिपुरा में 9 अप्रैल को वोटिंग हुई थी। गुजरात की लिमखेड़ा और महाराष्ट्र के बारामती और राहुरी सीट पर 23 अप्रैल को वोटिंग हुई थी। कर्नाटक के दावणगेरे साउथ विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार समर्थ मल्लिकार्जुन ने 5708 वोटों से जीत हासिल की। उन्हें 69,578 वोट मिले हैं, जबकि भाजपा के श्रीनिवास को 63,870 वोट मिले हैं।

## बम की धमकी वाले ईमेल से दिल्ली के स्कूल में मचा हड़कंप

**नई दिल्ली।** दिल्ली के एक स्कूल में सोमवार की सुबह बम की धमकी वाला ईमेल मिलने से हड़कंप मच गया, जिसके तुरंत बाद सावधानी बरतते हुए छात्रों और कर्मचारियों को स्कूल परिसर से बाहर निकाला गया।धमकी की सूचना मिलते ही एहतियात के तौर पर सभी छात्रों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। पुलिस को तत्काल सूचित किया गया। इसके बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षा जांच शुरू कर दी। जब तक सुरक्षा जांच के बाद स्कूल को पूरी तरह सुरक्षित घोषित नहीं कर दिया जाता, तब तक कक्षाएं निलंबित रहेंगी।

## सुप्रीम कोर्ट का ट्रांसजेंडर संशोधन एक्ट पर केंद्र व राज्यों को नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2026 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर केंद्र सरकार और सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी किया है।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने इस मामले पर 6 हफ्ते के भीतर जवाब मांगा है। अब इस



- कोर्ट ने छह हफ्ते में जवाब मांगा

मामले की सुनवाई तीन जजों की बेंच करेगी। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने संशोधन पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि यह संशोधन ट्रांसजेंडर व्यक्तियों से 'सेल्फ आइडेंटिफिकेशन' का अधिकार छीनता है। यह 2014 के ऐतिहासिक एनएएलएसए जजमेंट के खिलाफ है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने खुद की लैंगिक पहचान चुनने को मौलिक अधिकार घोषित किया था। जस्टिस सूर्यकांत ने सेल्फ आइडेंटिफिकेशन के अधिकार को लेकर कुछ चिंताएं जताईं।

## भारतीय यात्री लिपुलेख से मानसरोवर न जाएं:नेपाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली/ काठमांडू।** नेपाल सरकार ने भारतीय तीर्थयात्रियों से लिपुलेख के रास्ते कैलाश मानसरोवर यात्रा न करने की अपील की है। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि 1816 की सुगौली संधि के मुताबिक लिम्पियाधुरा, लिपुलेख और कालापानी क्षेत्र नेपाल का हिस्सा है।

सरकार ने कहा कि लिपुलेख के रास्ते प्रस्तावित कैलाश मानसरोवर यात्रा को लेकर उसने भारत और चीन दोनों को डिप्लोमैटिक तरीके से अपनी आपत्ति और चिंता से अवगत करा दिया है। नेपाल ने यह भी बताया कि वह पहले भी भारत से इस इलाके में सड़क निर्माण, व्यापार और



पर्यटन जैसी एक्टिविटी न करने की अपील करता रहा है। नेपाल ने चीन को भी आधिकारिक तौर पर यह जानकारी दी है कि लिपुलेख उसका हिस्सा है। नेपाल की हालिया टिप्पणी के बाद भारत ने अपना रुख स्पष्ट किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इस मुद्दे पर भारत की स्थिति पहले से ही स्पष्ट और स्थिर रही है। भारत सभी विवादों का समाधान बातचीत और कूटनीति के जरिये निकालने के पक्ष में है। जायसवाल ने कहा कि लिपुलेख दर्रा 1954 से कैलाश मानसरोवर यात्रा का एक पारंपरिक मार्ग रहा है और इस रास्ते का इस्तेमाल कई दशकों से होता आ रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कोई नया मुद्दा नहीं है। सीमा विवाद पर भारत ने फिर दोहराया कि नेपाल के दावे तथ्यों और ऐतिहासिक प्रमाणों पर आधारित नहीं हैं। भारत ने कहा कि एकतरफा और कृत्रिम तरीके से सीमा दावों को बढ़ाना स्वीकार्य नहीं है। विदेश मंत्रालय ने यह भी कहा कि भारत, नेपाल के साथ सभी लंबित मुद्दों पर सकारात्मक बातचीत के लिए तैयार है और सीमा से जुड़े मतभेदों को भी आपसी संवाद और कूटनीति के जरिए सुलझाने का समर्थन करता है। भारत, नेपाल और चीन सीमा से लगे इस इलाके में हिमालय की नदियों से मिलकर बनी एक घाटी है, जो नेपाल और भारत में बहने वाली काली या महाकाली नदी का उद्गम स्थल है। इस इलाके को कालापानी भी कहते हैं। यहीं पर लिपुलेख दर्रा भी है। यहां से उत्तर-पश्चिम की तरफ कुछ दूरी पर एक और दर्रा है, जिसे लिंपियाधुरा कहते हैं।

- लिपुलेख हमारा इलाका, भारत ने कहा:- नेपाल के दावे का कोई ऐतिहासिक प्रमाण नहीं

## संक्षिप्त समाचार

### तमिलनाडु सीएम स्टालिन अपने ही बागी से हारे

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के मौजूदा सीएम एमके स्टालिन कोलाथुर सीट से चुनाव हार गए हैं। उन्हें टीवीके के बीएस बाबू ने 8000 से ज्यादा वोटों से हराया है। बाबू पहले डीएमके में थे। फरवरी 2026 में ही उन्होंने विजय की पार्टी जॉइन की थी। इधर, टीवीके को सरकार बनाने के लिए 118 सीटों के साथ बहुमत हासिल करना होगा। एक्टर विजय के पिता चंद्रशेखर ने कहा है कि विजय कांग्रेस के साथ गठबंधन कर सकते हैं।

### होर्मुज में अमेरिकी जहाज पर ईरान का मिसाइल अटैक

**तेहरान/वाशिंगटन।** ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में एक अमेरिकी नेवी शिप पर दो मिसाइलें दागीं। हमले में जहाज को नुकसान पहुंचा, जिसके बाद उसे पीछे हटना पड़ा। ईरानी न्यूज एजेंसी फॉर्स ने इस बारे में जानकारी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह हमला तब किया गया जब अमेरिकी जहाज ने ईरानी नौसेना की चेतावनी को नजरअंदाज करते हुए होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने की कोशिश की। हालांकि, अमेरिकी सेंट्रल कमांड सेंटकॉम ने होर्मुज में अपने किसी भी नौसैनिक जहाज पर हमले की खबरों को खारिज कर दिया है। सेंटकॉम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि अमेरिकी सेना होर्मुज में प्रोजेक्ट फ्रीडम के तहत काम कर रही है।

### लखनऊ-दिल्ली इंडिगो फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली।** खराब मौसम की वजह से दिल्ली से लखनऊ जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6ई-6476 की भोपाल में इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। इसमें यूपी के दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक सवार थे। दोनों भोपाल में सुरक्षित उतरे। यूपी में आंधी-बारिश जारी है। कानपुर, सुल्तानपुर और बाराबंकी समेत 64 जिलों में आंधी, बारिश और ओले गिरने का अलर्ट है। पिछले 24 घंटे में जालौन सबसे गर्म शहर रहा। सुल्तानपुर में पेड़ की डाल गिरने से एक की मौत हो गई। राजस्थान के दौसा, कोटपूतली-बहरोड़, अलवर और हनुमानगढ़ में आंधी के साथ बारिश हुई।

### एकीकृत थिएटर कमान भारतीय सेनाओं के लिए अपरिवर्तनीय सुधार

**नई दिल्ली।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने एकीकृत थिएटर कमान को भारतीय सेनाओं के लिए अपरिवर्तनीय सुधार प्रक्रिया करार देते हुए जोर देकर कहा है कि सेनाओं को बदलते खतरों के अनुसार खुद को तेजी से ढालना होगा और सेना, नौसेना तथा वायु सेना के बीच संयुक्तता, एकीकरण और डिजिटलीकरण की प्रक्रिया को मजबूत बनाना होगा। जनरल चौहान ने व्याख्यान के दौरान 'संयुक्तता और थिएटराइजेशन: प्रमुख चुनौतियां और प्रगति' विषय पर कहा कि एकीकृत थिएटर कमान की स्थापना उन्हें प्रमुख रक्षा अध्यक्ष और सैन्य मामलों के विभाग के सचिव के रूप में सौंपा गया एक महत्वपूर्ण दायित्व है।

### एएटीएस के साथ मुठभेड़ में पारदी गिरोह के तीन सदस्य घायल, छह गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के अंबेडकर नगर इलाके में एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड (एएटीएस) की टीम और पारदी गिरोह के सदस्यों के बीच हुई मुठभेड़ में तीन अपराधियों के पैर में गोली लगी है। इन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इन तीनों के अलावा तीन अन्य को भी मौके से हिरासत में लिया गया है। घायल आरोपियों की पहचान 34 वर्षीय निर्मल पारदी उर्फ निखिल, 25 वर्षीय अंबर उर्फ डेविन और 30 वर्षीय सम्राट उर्फ समर उर्फ काला के रूप में हुई है। इन तीनों के पैरों में गोलियां लगी हैं।

# लव मैरिज करने पर जीजा को मार डाला

## दोस्तों के साथ मिलकर ट्रेन के आगे फेंका, तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** बीते बृहस्पतिवार को गुलशन की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले का स्योहारा पुलिस ने खुलासा करते हुए हत्या की गुत्थी सुलझा दी है।

पिता की तहरीर पर दर्ज मुकदमे में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना का खुलासा थाना प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह के नेतृत्व में की गई सघन जांच और रणनीतिक कार्यवाही के बाद संभव हो सका। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला दुर्घटना प्रतीत कराया गया था, लेकिन पुलिस की गहन पड़ताल में यह सुनियोजित हत्या निकली। जांच के दौरान पुष्पेंद्र और रजनीश के नाम सामने आने पर दोनों को हिरासत में लेकर



पूछताछ की गई। जिसके बाद पूरे घटनाक्रम का खुलासा हुआ। पूछताछ में मुख्य आरोपी अतर सिंह ने बताया कि उसकी बहन और मृतक गुलशन के बीच पिछले करीब चार वर्षों से प्रेम संबंध चल रहे थे। परिजनों द्वारा कई बार समझाने के बावजूद दोनों अलग होने को तैयार नहीं हुए और कुछ दिन पूर्व दोनों ने सहमति से कोर्ट मैरिज कर ली। इस बात से परिवार स्वयं को सामाजिक रूप से अपमानित महसूस कर रहा था। इसी बात से आहत होकर अतर सिंह और उसके भाई पंकज ने गांव के ही पुष्पेंद्र, रजनीश व अन्य साथियों के साथ मिलकर गुलशन की हत्या की साजिश रची। योजना के तहत 30 अप्रैल की रात गुलशन के गांव आने पर आरो. पियों ने उसका पीछा किया। उसे पकड़ कर उसकी बाइक सहित महमूदपुर रेलवे लाइन के पास ले गए और घटना को हादसा दिखाने की नीयत से ट्रेन आने पर उसे ट्रेन की ओर धक्का दे दिया। ट्रेन की चपेट में आने से गुलशन की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद सभी आरोपी फरार हो गए थे। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह के निर्देशन में गठित पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अतर सिंह पुत्र आनंद, पुष्पेंद्र पुत्र गेंदा तथा रजनीश पुत्र चमन निवासी ग्राम रहटोली को गिरफ्तार कर लिया। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह, एसआई असकर खान, चौकी इंचार्ज यशदेव शर्मा, एसआई प्रमोद कुमार शर्मा, अवधेश कुमार, प्रभात शर्मा, लोकेंद्र, नितेश कुमार एवं अक्षय कुमार सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्य शामिल रहे। पुलिस की इस त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

# खट्टर के विरुद्ध मुकदमे वापस लेने की मांग

## राष्ट्रपति के नाम सम्बोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के नेतृत्व में सनातन महासंघ के संस्थापक गौतम खट्टर के विरुद्ध गोवा पुलिस द्वारा द्वेष भावना पूर्ण दर्ज मुकदमे को वापस लेने के लिए राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन डीएम जसजीत कौर को सौंपा गया।

ज्ञापन में कहा गया कि गौतम खट्टर की गिरफ्तारी संविधान द्वारा प्रदत्त अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन है। इससे गोवा पुलिस के कृत्य से देश भर के सनातन समाज में रोष व्याप्त है। आर्य प्रतिनिधि सभा इस कृत्य के लिए गोवा पुलिस की घोर निंदा करती है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि श्री खट्टर पर दर्ज मुकदमे को समाप्त किया जाए। ज्ञापन देने से



पूर्व आर्य समाज के सभागार में बैठक जिला प्रधान कावेंद्र सिंह आर्य की अध्यक्षता एवं मंत्री शुभेंद्र आर्य के संचालन में आयोजित की गई। जिसमें आर्य समाज के प्रचार प्रसार पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने आर्यवीर दल को संरक्षण देकर आगे बढ़ाने पर जोर दिया। युवा गुणपाल आर्य ने कहा कि वेदों का प्रचार- प्रसार जनता के बीच पहुंचकर जागरूक करने से होगा। इसके लिए निरंतर बैठकों का आयोजन जरूरी है। ओमप्रकाश आर्य नगीना ने भी आर्य समाज के नियमों को जनता के बीच लेकर पहुंचने पर जोर दिया। अन्य वक्ताओं ने भी परिवारों में नित्य संध्या उपासना आदि करने एवं बच्चों को संस्कारवान बनाने का आह्वान किया। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस, उपाध्यक्ष ब्रह्मपाल सिंह, पूर्व प्रधान रविंद्र पाल सिंह, जयप्रकाश मुनी, ओमप्रकाश सिंह, धूम सिंह, संदीप आर्य, आलोक भारद्वाज, विजेंद्र सिंह आर्य, देव आर्य, प्रवीण सिंह आर्य, राजेश आर्य, योगेश कुमार, ग्राम प्रधान सोमदेव सिंह, छोटे सिंह एवं अन्य आर्य बंधु उपस्थित रहे।

# भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर स्योहारा में जश्न, मिठाई बांट कर जताई खुशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** पश्चिम बंगाल, असम एवं पांडिचेरी में भाजपा की शानदार जीत की खुशी में भाजपाईयों एवं व्यापारियों ने जश्न मनाया।

उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा के प्रतिष्ठान पर कार्यकर्ता बड़ी संख्या में एकत्रित हुए और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी साझा की।इस अवसर पर अरुण कुमार वर्मा ने कहा कि पश्चिम बंगाल में मिली ऐतिहासिक महाविजय असम में लगातार तीसरी बार तथा पांडिचेरी में दूसरी बार भाजपा की जीत पीएम नरेंद्र मोदी के मजबूत पारदर्शी एवं विकासोन्मुख नेतृत्व पर अटूट विश्वास का प्रमाण है।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अथक परिश्रम संगठनात्मक कौशल कार्यकर्ताओं की निष्ठा एवं जनता



के व्यापक समर्थन ने भाजपा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को और मजबूत बनाने तथा जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष एवं मंडल मंत्री भाजपा अमित कुमार वर्मा, मंडल अध्यक्ष नीरज राणा मंडल महामंत्री महेंद्र सिंह सैनी सुरेंद्र सैनी पंडित शरनजीत जोशी शक्ति केंद्र संयोजक मनुज वर्मा कपिल वर्मा प्रियांशु वर्मा कनिष्क वर्मा अंश वर्मा चिंटू वर्मा शोभित वर्मा मोहित वर्मा रोहित वर्मा पारस वर्मा मणि वर्मा संजीव गर्ग अश्वनी विश्नोई आदित्य कुमार अक्षय वर्मा पीयूष रस्तोगी मोहित रस्तोगी बूथ अध्यक्ष महेंद्र सिंह सैनी कुश कुमार संतोष सैनी बूथ अध्यक्ष शोभित उपाध्याय रवि वर्मा सुमित कुमार अमित वर्मा मेडिकल अभिषेक शर्मा डॉ सौरभ वर्मा हाजी इंतखाब आलम आलोक अग्रवाल मोंटी वर्मा सोनू वर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं नगरवासी मौजूद रहे।

# बाजार में परिवार से बिछड़ी मासूम बच्ची सकुशल बरामद

## पुलिस ने परिजनों को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** मानवता और पुलिस की तत्परता की मिसाल उस वक्त देखने को मिली, जब पुलिस ने परिवार से बिछड़ी मासूम बच्ची को सुरक्षित तलाश कर उसके परिजनों से मिलवा दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला फैजुल्लापुर निवासी करीब 4 वर्षीय श्रेयशी पुत्री विपिन कुमार अपनी मां दीपशिखा के साथ बाजार आई थी। बाजार की भीड़भाड़ के दौरान अचानक बच्ची का हाथ छूट गया और वह रास्ता भटककर परिवार से अलग हो गई। बच्ची के अचानक लापता होने से परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना तत्काल डायल-112 को दी गई। सूचना



मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गंभीरता और तेजी दिखाते हुए आसपास खोजबीन शुरू कर दी। पुलिस की सक्रियता और सतर्कता के चलते कुछ ही समय में बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया गया। पुलिस द्वारा आवश्यक पुष्टि कर मासूम बच्ची को सुरक्षित उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। बच्ची को सही सलामत पाकर परिजनों की आंखों में खुशी के आंसू आ गए और उन्होंने पुलिस टीम का आभार व्यक्त करते हुए दुआएं दी।

क्षेत्रीय लोगों ने भी थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार एवं पुलिस की संवेदनशील कार्यशैली तत्परता और मानवीय पहल की सराहना की है। पुलिस की सजगता ने एक परिवार की खुशियां लौटाकर पुलिस-जन सहयोग की सकारात्मक मिसाल पेश की है।

### एक नजर

## ट्रेन में छूटा कीमती पर्स ट्रेन मैनेजर की तत्परता से वापस मिला

**नजीबाबाद।** काठगोदाम- देहरादून जनशताब्दी एक्सप्रेस (12092) में यात्रा कर रहे चार यात्रियों का कीमती सामान से भरा लेडीज पर्स ट्रेन में ही छूट गया। यात्रियों के नजीबाबाद स्टेशन पर उतरने के बाद जब उन्हें पर्स छूटने का एहसास हुआ तो वे काफी परेशान हो गए। हालांकि, ट्रेन मैनेजर की सतर्कता व तत्परता से पर्स को सुरक्षित बरामद कर उसके असली मालिक तक पहुंचा दिया गया। मुरादाबाद मंडल के ट्रेन मैनेजर जीसी शुक्ला मुरादाबाद से देहरादून तक ड्यूटी पर तैनात थे। गाड़ी के नजीबाबाद स्टेशन से रवाना होने के बाद दूसरे ट्रेन मैनेजर सुनील पाल ने सूचना दी कि कोच डी-8 की सीट संख्या 47, 50, 51 व 52 पर यात्रा कर रहे राजकुमार सिंह, अनुराधा, रिदीक्षा गौतम व राजवंश का पर्स ट्रेन में छूट गया है। सूचना मिलते ही जीसी शुक्ला ने तत्काल आरपीएफ कंट्रोल व ऑपरेटिंग कंट्रोल को अवगत कराया। इसके बाद एसी स्टाफ व ऑन-ट्रेन ड्यूटी टीटीई के साथ समन्वय स्थापित कर पर्स को ढूंढ लिया गया। हरिद्वार पहुंचने पर यात्रियों के परिजन को बुलाकर वीडियो कॉल के माध्यम से पर्स की पुष्टि कराई गई सुरक्षित रूप से सुपुर्द कर दिया गया। पर्स मिलने पर यात्रियों व उनके परिजनों ने राहत की सांस ली।

## विवाहिता ने जहर खाया

**नहटौर।** एक गांव में घरेलू विवाद के चलते एक विवाहिता ने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों ने उसे तत्काल सीएचसी में भर्ती कराया गया। घटना आज क्षेत्र के एक गांव में हुई। घर में हुई मामूली कहासुनी के बाद विवाहिता ने कथित तौर पर कोई संदिग्ध जहरीला पदार्थ निगल लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजनों को घटना का पता चला। जिसके बाद घर में हड़कंप मच गया। परिजन तुरंत विवाहिता को नहटौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। अस्पताल में डॉक्टर ने उसे प्राथमिक उपचार दिया। नहटौर कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि इस संबंध में अभी तक कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। शिकायत मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## किसान की हार्टअटैक से मौत

**नहटौर।** बुजुर्ग किसान की हार्ट अटैक से मृत्यु हो गई। ग्राम खजूराजट निवासी रामस्वरूप सिंह (65 वर्ष) खेत पर गन्ने की बुआई के कार्य में व्यस्त थे। दिनभर खेत में मेहनत करने के बाद वह शाम को घर वापस लौटे थे। घर आने के कुछ ही समय बाद उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिजनों ने नहटौर सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। रामस्वरूप सिंह के आकस्मिक निधन की खबर से परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक व्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि वह एक मेहनती और सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। देर शाम गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## थप्पड़बाज चौकी इंचार्ज लाइन हाजिर

**मंडावली/नजीबाबाद।** मंडावली क्षेत्र के भागूवाला पुलिस चौकी इंचार्ज की एक वीडियो वायरल हुई, जिसमें वह एक युवक के थप्पड़ मारते हुए दिखाई दे रहे है। वीडियो को संज्ञान में लेकर एसपी अभिषेक झा ने इसकी जांच नगीना सीओ को सौंपी। वीडियो कई महीने पुराना है। दो पक्षों में बार कोड स्कैन कर ऑनलाइन भुगतान को लेकर विवाद हुआ था। सूचना पर पहुंचे चौकी इंचार्ज संजय कुमार ने एक युवक को पकड़कर उसके कई थप्पड़ मारे, जिसकी एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। पुलिस अधीक्षक ने संज्ञान लेते हुए सीओ नगीना को जांच सौंपी। जांच के आधार पर एसपी ने कार्रवाई करते हुए चौकी इंचार्ज संजय कुमार को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया।

# नोडल अधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड योजनाओं की समीक्षा की

## कलेक्ट्रेट में बैठक कर अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आयुक्त एवं निबंधक, सहकारिता उ.प्र. नोडल अधिकारी योगेश कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित फ्लैगशिप स्कीम (महत्वपूर्ण प्राथमिकता कार्यक्रमों) की प्रगति की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

नोडल अधिकारी योगेश कुमार द्वारा प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल द्वारा किए गए ग्राम चौकपुरी, पाईप पेयजल परियोजना का स्थलीय निरीक्षण आख्या की समीक्षा करते हुए पाया कि परियोजना की लागत 02 करोड़ रुपए है। इसकी क्षमता 175 किलोलीटर है। निरीक्षण के समय सड़कों की खुदाई एवं उनके मरम्मत के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। ग्रामीणों ने बताया गया कि सभी सड़कों की मरम्मत की जा चुकी है, किसी भी स्थान पर सड़क की मरम्मत का कार्य लंबित नहीं है तथा गांव में पाइप पेयजल के कनेक्शन का कार्य भी पूर्ण हो चुका है। प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल द्वारा कम्पोजिट विद्यालय अम्हेड़ा, विकास खंड हल्दौर का स्थलीय निरीक्षण अनुपालन आख्या की समीक्षा करते हुए प्रकाश में आया कि गुणवत्ता परक शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है तथा बच्चों को मिड डे मील वाले भोजन की गुणवत्ता की जांच भोजन को स्वयं चख संतोषजनक पाई गई। बच्चों को कम तीखा खाना देने के संबंध में दिए गए निर्देशों अनुपालन सुनिश्चित किया गया है। बैठक में नोडल अधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन की विभागवार समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि निरीक्षण आख्या में उल्लिखित कमियों को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए। सभी विभागाध्यक्षों



को यह भी निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्यों की प्रगति नियमित रूप से अपडेट करें और निर्धारित समय सीमा के भीतर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सीएमओ निर्देशित करते हुए कहा कि एंबुलेंस सेवा 102 एवं 108 की गुणवत्ता को मानक के अनुरूप बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाएं और इमरजेंसी कॉल पर निर्धारित समय में एंबुलेंस की पहुंच को सुनिश्चित करें। नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित कान्हा गौशाला की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया कि गो स्थल के आय के स्रोतों को सुरक्षित करें और यथासंभव गौशाला को आत्मनिर्भर बनाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस वर्ष आयोजित होने वाले निरीक्षण कार्यक्रम को पूर्णतया सफल बनाने के लिए अपने विभाग का लक्ष्य के सापेक्ष वृक्षारोपण करना सुरक्षित करें। उन्होंने संभावित सुखा आपदा के दृष्टिगत सभी विभागीय अधिकारियों को पूर्व में ही सभी आवश्यक कार्यवाही सुरक्षित करने के भी निर्देश दिए।

सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा के दौरान उन्होंने ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा जिन योजनाओं की प्रगति अपेक्षाकृत धीमी पाई गई, उनके लिए संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधारात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे क्षेत्रीय स्तर पर नियमित निरीक्षण करें, योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद स्थापित करें तथा कार्यों की गुणवत्ता एवं पारदर्शिता बनाए रखें। डीएम जसजीत कौर ने नोडल अधिकारी योगेश कुमार को आश्वत किया कि उनके द्वारा दिए गए निर्देशों के किरण में आश्वस्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा दिए गए निर्देशों का अक्षरश: पालन सुरक्षित करते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास योजनाओं को पूर्ण मानक एवं गुणवत्ता के साथ धरातल पर उतारा जाएगा। बैठक में सीडीओ रणविजय सिंह, एडीएम प्रशासन अंशिका दीक्षित, वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह एवं समस्त संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# इंडिगो के वैश्विक बिक्री प्रमुख ने पद से दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली, वार्ता**

निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो के वैश्विक बिक्री प्रमुख विनय मल्होत्रा ने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। एयरलाइंस ने आज शेयर बाजार को बताया कि उन्हें 03 जुलाई की शाम उनकी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया जाएगा।

कंपनी के प्रबंध निदेशक राहुल भाटिया को संबोधित अपने त्यागपत्र में श्री मल्होत्रा ने लिखा है कि वह विमानन उद्योग से बाहर सलाहकार की भूमिका में अपना करियर तलाश रहे हैं। उन्होंने पिछले चार साल में अपने करियर के दौरान इंडिगो परिवार के साथ काम करने का मौका देने के लिए भाटिया को धन्यवाद दिया और कहा कि वह 3 जुलाई तक नोटिस पीरियड में काम करते रहेंगे।



पिछले साल दिसम्बर के पहले सप्ताह में इंडिगो के परिचालन में बड़े पैमाने पर व्यवधान के बाद कंपनी के उच्च प्रबंधन में यह दूसरा इस्तीफा है। इससे पहले इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीटर एल्बर्स ने मार्च में 'निजी कारणों से' अपने पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया था। अंतरिम व्यवस्था के तहत भाटिया एयरलाइंस के प्रबंधन की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। एल्बर्स सितम्बर 2022 से कंपनी के सीईओ थे। दिसम्बर के पहले सप्ताह में हजारों की संख्या में कंपनी की उड़ानें रद्द रही थीं, जिससे लाखों यात्री प्रभावित हुए थे।

देश के विभिन्न हवाई अड्डों पर हजारों यात्री चेक-इन करने के बाद कई-कई घंटे तक फंसे रहे थे। घरेलू यात्रियों की संख्या के लिहाज से इंडिगो की बाजार हिस्सेदारी 60 प्रतिशत से ऊपर है और वह इस समय देश की सबसे बड़ी विमान सेवा कंपनी है।

# प्रयागराज ज्ञान और आस्था का प्रतीक: राजनाथ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- नॉर्थ टेक सिम्पोजियम का उद्घाटन कर बोले रक्षा मंत्री
- कहा- यहां रक्षा, उद्योग और एकेडमिक जगत का मिलन

**प्रयागराज।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि रक्षा, उद्योग और एकेडमिक जगत का एक साथ मिलन है। प्रयागराज ज्ञान और आस्था का प्रतीक है। जिस तरह कुंभ में हर जाति संप्रदाय के लोग पुण्य की डुबकी लगाने आते हैं, उसी तरह से नॉर्थ टेक सिम्पोजियम में भी रक्षा, उद्योग और एकेडमिक का संगम है, तीन दिनों तक यह कार्यक्रम चलने वाला है।

रक्षामंत्री ने कहा कि तीन दिनों तक यह कार्यक्रम चलने वाला है, जिसमें सिम्पोजियम में कई महत्वपूर्ण विषय को रखा गया है, जोकि रक्षा के क्षेत्र में काफी महत्वपूर्ण होने वाले है। इतिहास बताता है कि हर युग की क्रांति में काफी बदलाव होते हैं। हर क्रांति की यह नीयत है, लेकिन कुछ समय के बाद वह एक संतुलन में बदल जाती है। जीवन के सभी क्षेत्र में हेल्थ, एकेडमिक, रक्षा सहित अन्य क्षेत्र में भी क्रांति आती है। रक्षा के क्षेत्र में तकनीकी बदलाव ज्यादा हुए हैं, आज तकनीक और इंजीनियरिंग का काफी इस्तेमाल हो रहा है। एयर, जमीन और समुद्र में भी वार के तरीके बदले हैं। इसमें नई तकनीक काफी कारगर साबित हुई है। रडार, साइबर तकनीक, उदाहरण के तौर पर है डिफेंस सेक्टर भी तकनीक हुई है। अब युद्ध में सिर्फ जमीन और एयर से नहीं, बल्कि साइबर तकनीक का भी इस्तेमाल हुआ है। टैंक, मिसाइल के बाद अब ड्रोन के साथ सेंसर सिस्टम गेम चेंजर के रूप में सामने आए हैं। आज के युग में हथियार के बदलते तरीके भी काफी आश्चर्यचकित करने वाले हैं। हमारी सेना ने भी काफी बदलाव किए हैं।

इसका उदाहरण ऑपरेशन सिंदूर में देखने को मिला। हमारी सेना ने आतंकियों को जो मुंहतोड़ जवाब दिया, वह एक नमूना है। ब्रह्मोस और अन्य लेटेस्ट तकनीक का भी इस्तेमाल किया गया है। आज के समय में हमें हर स्थिति के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा, चिकित्सा में नई तकनीक आती है, तो उसमें देरी की जा सकती है, लेकिन डिफेंस सिस्टम की तकनीक में देरी का मतलब हम पर दुश्मन हावी हो सकता है। इसलिए हमें प्रो एक्टिव रहना होगा, ताकि समय के साथ हम चल सकें। इतिहास कहता है कि सर्पाइजेस ही युद्ध में जीत दिलाते हैं. ।बदलती परिस्थितियों के अनुसार हमें चलना ही होगा, जो देश बदलती क्रांति को एडॉप्ट करेगा। उन्होंने कहा कि तरक्की करने वाले डिफेंस सेक्टर में काफी कार्य यूपी में हुए हैं। डिफेंस सेक्टर में हमारे प्रयासों का असर भी दिखने लगा है, हमारी इंडस्ट्री की चर्चा अब दुनिया में हो रही है। राजनाथ सिंह ने कहा जैसे डिफेंस कॉरिडोर बनाया जा रहा है, उसी तरह नॉलेज कॉरिडोर भी तैयार किया जाना चाहिए, ताकि बदलती तकनीक को रिसर्च के जरिए भी समझकर कार्य किया जा सके।

# अयोध्या से लौटते समय छह की मौत

**जालौन।** जालौन-झांसी-कानपुर नेशनल हाईवे-27 पर सोमवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में 6 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 4 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा कालपी कोतवाली क्षेत्र के जोल्हुपुर के पास चौरासी गुंबद के नजदीक हुआ, जहां तेज रफ्तार टवेरा कार पीछे से ट्रक में जा घुसी। कार चालक को झपकी आ जाने के कारण यह हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि टवेरा कार नंबर सीएच 04 एलटी 5412 में सवार सभी लोग अयोध्या से दर्शन कर ललितपुर लौट रहे थे। हादसे में मृतकों की पहचान ललितपुर जनपद के हरदौल मोहल्ला के रहने वाले लोगों के रूप में हुई। इस कार में शशिकांत तिवारी (चालक) पुत्र उत्तम तिवारी, कृष्णकांत नायक पुत्र दयाशंकर, दीपक तिवारी, हरिमोहन तिवारी, भूषण तिवारी और अंशुल तिवारी स्वामी प्रसाद तिवारी और मनोज भोंडल सवार थे।

# दहेज की खातिर कत्ल में शमीम को उम्र कैद

## ग्यारह हजार रुपए का अर्थदण्ड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** न्यायालय एडीजे / एफटीसी प्रथम ने दहेज की खातिर हत्या के मामले में साहनपुर के शमीम को उम्र कैद एवं 11 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार वादी ने थाना नजीबाबाद में सात जून को तहरीर दी थी कि कस्बा साहनपुर के मौहल्ला सानियान निवासी शमीम पुत्र अजीमुल्लाह ने दहेज की खातिर प्रताड़ित करते हुए उसकी पुत्री की हत्या कर दी। तहरीर के आधार पर नजीबाबाद पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 293/2019 धारा 302 आईपीसी व धारा 3/4 डीपी एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया था। विवेचना पूरी कर पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था। अभियुक्त को सजा दिलाने के लिए पुलिस ने न्यायालय में प्रभावी पैरवी की थी। न्यायालय एडीजे/एफटीसी प्रथम ने आज अभियुक्त शमीम को उम्र कैद एवं 11 हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

# संदेशखाली में मौसम का बजा डंका

## भाजपा प्रत्याशी ने दर्ज की जीत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** संदेशखाली में वरिष्ठ भाजपा नेता ऐश्वर्य चौधरी मौसम एड. का डंका बज रहा है। उन्होंने वहां पर भाजपा प्रत्याशी का चुनाव लड़ाया था।

प्राप्त समाचार के अनुसार पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के बीच संदेशखाली विधानसभा सीट खास चर्चा में है। इस सीट पर भाजपा संगठन ने जनपद के वरिष्ठ नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी एड. पर भरोसा जताते हुए उन्हें विधानसभा प्रभारी नियुक्त किया था। ऐश्वर्य चौधरी मौसम एड. ने लगभग 40 दिनों तक लगातार क्षेत्र में रहकर दिन-रात मेहनत की और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया। उनकी सक्रियता और रणनीति का असर चुनाव परिणामों में साफ दिखाई दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी उनकी मेहनत की खुले दिल से सराहना करते हुए पीठ थपथपाई थी। चुनाव परिणामों में भाजपा प्रत्याशी शनोत सरदार ने 17,510 वोटों के बड़े अंतर से जीत दर्ज की। इस जीत पर पश्चिम बंगाल चुनाव प्रभारी सुनील बंसल ने ऐश्वर्य चौधरी मौसम को बधाई देते हुए उनकी रणनीति और नेतृत्व क्षमता की प्रशंसा की।

बताया जा रहा है कि चुनाव के अंतिम सप्ताह में बिजनौर से गई भाजपा की टीम ने भी संदेशखाली क्षेत्र में घर-घर जाकर प्रचार किया था, जिससे भाजपा के पक्ष में माहौल और मजबूत हुआ। इस जीत के साथ ही भाजपा में ऐश्वर्य चौधरी मौसम का राजनीतिक कद और प्रभाव बढ़ा है। पार्टी के भीतर उनकी भूमिका को एक सफल रणनीतिकार और कुशल नेतृत्वकर्ता के रूप में देखा जा रहा है।

# बंगाल में जीत पर भाजपाईयों का जश्न

## आतिशबाजी कर बांटी मिठाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भाजपाईयों ने बंगाल सहित अन्य राज्यों में जीत का जश्न मनाते हुए आशितबाजी की। साथ ही मिठाई बांट कर मुंह मीठा किया।

प्राप्त समाचार के अनुसार भाजपा द्वारा पश्चिम बंगाल में 15 साल के ममता राज को खत्म कर प्रचंड बहुमत से सरकार बनाने और असम पुडुचेरी विधानसभा में बहुमत से जीत हासिल कर सरकार बनने पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में भरपूर जोश देखने को मिला।

आज सायं नगर पालिका चौक पर भाजपाईयों द्वारा ढोल नगाड़े आतिशबाजी करके व मिष्ठान वितरण कर पश्चिम बंगाल में भाजपा पार्टी की सरकार बनने पर खुशी जाहिर की। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष अंकुर गौतम के नेतृत्व में जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह, डॉ. बीरबल सिंह, डॉ. तेजपाल वर्मा, संगीता अग्रवाल, डॉ. नवनीत गर्ग, सुभाष वाल्मीकि, विनय राणा, जोगिंदर वालिया, धीर सिंह, माया पाल, रचना पाल, सत्यवीर त्यागी, विकास अग्रवाल, अनिल विश्नोई, जितेंद्र राजपूत, दीपक गर्ग, मनोज अहलावत, दीपक, पुष्पराज कमल, नीरज विश्नोई, सतीश राजपूत, मानव सचदेवा, राजवीर सिंह, मंदीप चौधरी, अमरीश कुमार, कुलदीप राजवंश, अमित चौधरी, हितेश सैनी, दुष्यंत कुमार, भावना शर्मा, अक्षय कुमार, कपिल राजपूत, जगदीश सैनी, रवि सैनी, राजीव सोती, मुकेश अग्रवाल, रविराज खन्ना, अवनीश निगम, प्रीतिका राठी, कपिल भाटिया, मनोज बालियान, राजीव सोती, रजत दीक्षित, केडी भारद्वाज, आशीष शर्मा, अनुज चौधरी, सुजीत कुमार, मनोज चौधरी, मनोरमा शर्मा, ललित सैनी, पीयूष राज, अमित ठाकुर, सुधांशु काकरान, कार्तिक बालियान, गोपाल धीमान, राजीव राजपूत, राजीव लोचन, दीपक अरोरा, राजकुमार अग्रवाल, मनोज उपाध्याय, आशुतोष शर्मा, इरशाद अहमद, नबील अहमद, मौहम्मद तारिक आदि बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्मार्ट मीटर का भारी विरोध

## रिचार्ज कराने के चार दिन बाद बत्ती गुल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एक तरफ जहां भाजपा सरकार जनता की आवाज को नजर अंदाज कर हिटलरशाही चलाते हुए स्मार्ट मीटर नहीं हटवा रही है, वहीं दूसरी तरफ इसका विरोध लगातार बढ़ता जा रहा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज स्थानीय मौहल्ला कस्साबान की महिलाओं ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया कि दलित व मुस्लिम बस्ती में स्मार्ट मीटर लगाए है। वह स्मार्ट मीटर को रिचार्ज कराते है और चार दिन बाद ही बत्ती गुल हो जाती है। वह ऐसी स्थिति में नहीं है कि हर रोज स्मार्ट मीटर को रिचार्ज कराए।

प्रदर्शनकारियों ने स्मार्ट मीटर हटा कर पुराने मीटर लगाए जाने की मांग की। ताकि उन्हें इससे राहत मिल सके। प्रदर्शन करने वालों में सभासद प्रिंस रवि सिद्धार्थ, मंजू रानी, शहाना, ओमवती, रामरति, विमला, खानम, पुष्पा, ऊषा, विनोद, प्रभा, यशोदा, गंगादई, कृष्णा, कविता, बबली, डोली, लक्ष्मी, काजल, आशा, पूजा, निर्मला, नाजमा, रीना, अंकिता, रानी, मुनेश, पिंकी, रेखा, ममता, बालेश, प्रेमवती, सुमित्रा देवी, लक्ष्मी, रेनुका, संजो देवी, प्रीति, ज्ञानवती आदि शामिल थी। गौरतलब है कि प्रदेश सहित पूरे जनपद में स्मार्ट मीटर लगाए जाने का भारी विरोध हो रहा है।

अधिकारी सरकार के कहने पर स्मार्ट मीटर की तारीफ कर रहे है। लेकिन जनता इससे बेहाल है। जनता का मानना है कि स्मार्ट मीटर हटा कर पूर्व की तरह सामान्य मीटर लगाए जाए। स्मार्ट मीटर के विरोध को देखते हुए लगता है कि अगर सरकार ने वापस पुराने मीटर नहीं लगाए, तो आगामी विधानसभा चुनाव में उसे इसका नुकसान उठाना पड़ेगा।

# मजलिस की तैयारियों को लेकर बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** दरगाह ए आलिया जोगीरम्पुरा में सलाना मजलिस की तैयारियों को लेकर प्रशासन की बैठक आयोजित हुई।

दरगाह ए आलिया जोगीरम्पुरा में होने वाली सलाना मजलिस को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए एसडीएम कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। एसडीएम शैलेंद्र कुमार और सीओ अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने दरगाह के प्रशासक शबाब नकवी व कमेटी के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की।

बैठक में स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका, बिजली विभाग, परिवहन विभाग, वन विभाग समेत प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने मजलिस के दौरान साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा, यातायात प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की।

एसडीएम शैलेंद्र कुमार ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मजलिस में आने वाले जायरिनों को किसी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए सभी तैयारियां समय पर पूरी कर ली जाएं। सीओ अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा। दरगाह प्रशासक शबाब नकवी ने प्रशासन को भरोसा दिलाया कि कमेटी की ओर से हर संभव सहयोग किया जाएगा।

## एक नजर

### चोरी का खुलासा, एक गिरफ्तार



**किरतपुर।** थाना किरतपुर पुलिस ने खेतों से मोटर, तार और सोलर प्लेटों से तांबे के तार चोरी करने की घटनाओं का खुलासा करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी का माल, घटना में प्रयुक्त औजार और बाइक भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार 10 अप्रैल भोजपुर खेड़ी निवासी बृजेश कुमार ने शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि चोरों ने उनके खेत से कुएं की मोटर और तार चोरी कर लिए। साथ ही पड़ोसी किसानों रविन्द्र, मनोज और दीपक के खेतों से भी ट्यूबवेल के तार, स्टार्टर और एक मोटर चोरी कर ली गई थी। इस संबंध में थाना किरतपुर पर मुक. दमा दर्ज किया गया था। तीन मई को ग्राम बुडगरा निवासी वसीम ने भी अपनी सोलर प्लेट से तांबे के तार चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। इन दोनों मामलों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने रोहित कुमार पुत्र राक. ेश कुमार, निवासी अकबरपुर अंगाखेड़ी, थाना मंडावर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से करीब 4.175 किलोग्राम जला हुआ केबिल, तारों के टुकड़े, प्लास, पेचकस और लोहे का ब्लेडनुमा औजार बरामद हुआ। इसके अलावा, घटना में प्रयुक्त स्प्लेंडर प्लस बाइक भी पुलिस ने कब्जे में ली। बरामदगी के आधार पर मुकदमों में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 317(2) की बढ़ोतरी की गई है। पुलिस आरोपी के आपराधिक इतिहास की भी जांच कर रही है, जिसमें पहले से आर्म्स एक्ट सहित अन्य मामले दर्ज हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक आशीष पुनिया, हेड कांस्टेबल अमित और कांस्टेबल अरविंद शामिल रहे। पुलिस द्वारा मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

### युवक पर गुलदार का हमला



**बढ़ापुर।** ग्राम गोपीवाला में खेत से लिप्टिस के पेड़ लेने गए एक युवक पर अचानक गुलदार ने हमला कर दिया। इस हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। यह घटना वन रेंज साहुवाला के अंतर्गत आने वाले गांव गोपीवाला में शाम के समय हुई। चार लोग अपने खेत पर गए थे, तभी घात लगाए बैठे गुलदार ने दीपक नामक युवक पर हमला कर दिया। दीपक के हाथ और कमर पर गहरे जख्म आए और वह खून से लथपथ हो गया। साथ मौजूद अन्य तीन लोगों ने साहस दिखाते हुए किसी तरह दीपक को गुलदार के चंगुल से छुड़ाया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि दीपक उस समय अकेला होता तो घटना और भी भयावह हो सकती थी। घायल दीपक के बड़े भाई रविकांत ने उसे तत्काल एम्बुलेंस के जरिए नगीना अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है।

### भाजपा की विजय का उत्सव मनाया



**नूरपुर।** भारतीय जनता पार्टी की पश्चिम बंगाल, असम में पूर्ण बहुमत से भाजपा की विजय होने पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शिव मंदिर चौक पर एकत्र होकर आतिशबाजी कर विजय उत्सव मनाया। मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोक कल्याणकारी नीतियों पर देशवासियों का अटूट विश्वास है। जन-जन का यह अभूतपूर्व जनादेश प्रधानमंत्री के 'नए भारत-विकसित भारत' के विराट संकल्प की सिद्धि को एक नई गति प्रदान करेगा। इस अवसर पर मंडल महामंत्री वीर प्रकाश सिंह भुईयार, सुधीर चौहान उपाध्यक्ष, प्रदीप कुमार राणा, प्रेमपाल, रवि प्रमोहन चौहान, गुरविंदर सिंह, गजेंद्र सैनी, जीतू भुईयार, मंडल मंत्री राहुल यादव, सतीश कुमार, सुरेंद्र पाल, राजेश चौहान, सरोता सिसौदिया, भाजपा नेता जुगनु चौधरी, ईशमपाल चौधरी, कमलेश प्रजापति, सभासद मुकेश भुईयार, डीसीएफ चेयरमैन पुष्पेन्द्र शेखावत, मीडिया प्रभारी बिजेंद्र सिंह भुईयार, पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक राजपूत, धर्मेंद्र जोशी, कमलेश प्रजापति, सभासद रेनू चौहान, राजीव जोशी, रामौतार चौधरी, शीला राणा आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर

### बछिया को बनाया निवाला

**बुंदकी।** क्षेत्र के ग्राम समसपुर सद्दो में पूर्व प्रधान पदम सिंह के घेर में पशु बंधे हुए थे। बीती रात किसी समय गुलदार घेर में घुस गया और उसने आराम के साथ बछिया को निवाला बना लिया। सुबह जब परिजन सो कर उठे और घेर में गए, तो उन्हें इस घटना के बारे में पता चला। वन विभाग को घटना की सूचना दी गई। वन दरोगा धर्मेन्द्र सिंह मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने उन से पिंजरा लगवाने की मांग की। उन्होंने आज ही पिंजरा लगवाने का आश्वासन दिया। समाचार लिखे जाने तक ग्राम में पिंजरा पहुंच गया था। इस घटना को लेकर ग्रामीणों में दहशत देखी जा रही है।

### मलेशिया का कुलवंत सिंह अरेस्ट

**बिजनौर।** थाना कोतवाली शहर में नजीबाबाद की गीता कॉलोनी निवासी ऋषिपाल सिंह पुत्र जगदीश सिंह ने 30 अप्रैल को तहरीर दी थी कि कुलवंत सिंह व यशवंत सिंह पुत्रगण मामराज, पुष्पलता कुमारी पत्नी कुलवंत सिंह, सरीता पत्नी यशवंत सिंह, सरीता पुत्री मामराज, वंश पुत्र यशवंत सिंह, शीला देवी पत्नी मामराज एवं माम. राज पुत्र छंगा निवासीगण ग्राम पहाड़पुर कला उर्फ मलेशिया, थाना शिवाला कलां, ललित प्रसाद पुत्र सुखदेव महतो व शारदा सिन्हा पत्नी ललित प्रसाद निवासीगण नंदन रेजीडेंसी, नवाडीह, थाना व जनपद धनबाद (झारखण्ड) ने एक राय होकर कुटरचित दस्तावेजों का प्रयोग करते हुए धोखाधड़ी की। कुलवंत व पुष्पलता के अनुवांशिक पुत्र कार्तिक का फर्जी जन्म प्रमाण पत्र तैयार कर उसे यशवंत व सरीता का पुत्र दर्शाया गया। इस संबंध में मुकदमा अपराध संख्या 328/2026 धारा 318 (4), 338, 336 (3) व 340 (2) बीएनएस में पंजीकृत किया गया। इस मामले में पुलिस ने आज कुलवंत सिंह पुत्र मामराज सिंह निवासी ग्राम पहाड़पुर कला उर्फ मलेशिया, थाना शिवाला कलां, जनपद बिजनौर को गिरफ्तार कर लिया है।

### काजीपाड़ा का फिरोज गिरफ्तार

**बिजनौर।** वादी ने दो मई को शहर कोतवाली में तहरीर दी थी कि कोई अज्ञात व्यक्ति उसके पुत्र को बहला-फुसला कर अपने साथ ले गया है। पुलिस ने धारा 137 (2) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया था। पुलिस ने मौहल्ला काजीपाड़ा निवासी फिरोज पुत्र इस्तखार को गिरफ्तार कर लिया है।

### चांदपुर में कौशिक सिंह अरेस्ट

**बिजनौर।** चांदपुर थाने में स्थानीय मौहल्ला पतियापाड़ा निवासी मौहम्मद अजीम पुत्र शमशीद ने चौबीस जनवरी को तहरीर दी थी कि अज्ञात अभियुक्त ने उसकी बाइक चोरी कर ली है। पुलिस ने धारा 303 (2) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया था। इस मामले में पुलिस ने कमल पुत्र समरपाल, नदीम पुत्र मुकीम अहमद, नीतू पुत्र करन सिंह, अर्पित कुमार पुत्र गिरीराज, रोबिन कुमार पुत्र महिपाल सिंह एवं सुमित कुमार पुत्र राजपाल सिंह को गिरफ्तार किया था। जिन्हें जेल भेजा जा चुका है। पुलिस ने इस मामले में अब कौशिक सिंह पुत्र समरपाल निवासी ग्राम नारनौर को गिरफ्तार किया है।

### औद्योगिक गलियारे का विरोध



**बिजनौर।** ग्राम पावर खुर्द, यूसुफाबाद, खाना पट्टी, गजरौला अचपल, स्वाहेड़ी बुजुर्ग, उलकपुर, मुढ़ाला, अलीपुर माखन आदि के ग्रामीणों ने आज जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर यूपीडा की टीम के द्वारा औद्योगिक गलियारे के निर्माण के लिए जमीन के अधिकरण का विरोध किया है। इनका कहना है कि सरकार के द्वारा औद्योगिक गलियारे के रूप में यहां पर फैक्ट्रियां लगाने के लिए भूमि चिंहित की गई है। यह बेहद उपजाऊ कृषि भूमि है। जिससे काफी नुकसान होगा। ज्ञापन देने वालों तुषार चौधरी, राकेश कुमार, गजरौला शिव की प्रधान निर्मला देवी, हरजीत सिंह आदि सहित कई ग्राम प्रधान शामिल थे।

### आंधी से भारी नुकसान

**बिजनौर।** बीती रात आई आंधी से भारी नुकसान हुआ है। जगह-जगह होर्डिंग्स टूट कर नीचे गिर गए। पेड़ टूट गए और विद्युत आपूर्ति प्रभावित हुई। आम की फसल को भी नुकसान पहुंचा है। आंधी के बाद बारिश शुरू हो गई। आज सुबह तक जनपद में कई जगह झमाझम बारिश पड़ी। जिससे मौसम थोड़ा ठण्डा हो गया है।

### वन विभाग ने लगाए पिंजरे



**अफजलगढ़।** ग्राम मानियावाला में पिछले कई दिनों से गुलदार देखे जाने की सूचना मिल रही थी। हाल ही में गांव निवासी नरेंद्र सिंह चौहान ने एक साथ दो गुलदार देखे, जिससे उनके होश उड़ गए। उन्होंने तुरंत अन्य ग्रामीणों के साथ इस संबंध में वन विभाग को सूचना दी। सूचना को गंभीरता से लेते हुए वन क्षेत्राधिकारी नगीना प्रदीप कुमार शर्मा ने मौके पर कार्रवाई करते हुए आज दोपहर क्षेत्र में दो पिंजरे लगवाए। वन रक्षक मुजीब अहमद ने बताया कि मानियावाला बस स्टैंड से दक्षिण दिशा में करीब एक किलोमीटर की दूरी पर खेतों में ये पिंजरे लगाए गए हैं, ताकि गुलदार को जल्द से जल्द पकड़कर सुरक्षित रेस्क्यू किया जा सके। ऋषभ चौहान ने वन विभाग की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए रेंजर प्रदीप कुमार शर्मा और उनकी टीम का आभार जताया। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत वन विभाग को दें। ग्रामीणों में अभी भी भय का माहौल बना हुआ है और सभी की नजरें वन विभाग की आगे की कार्रवाई पर टिकी हैं।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

## एक नजर

### हादसे में बाइक सवार की मौत



**अफजलगढ़।** ग्राम मौहम्मद अलीपुर चौहड़ हरेवली मार्ग पर बाइक और ट्रैक्टर-ट्रॉली की आमने-सामने की भंयकर टक्कर हो गई। दुर्घटना में बाइक सवार विशाल (28 वर्ष) पुत्र रामवीर निवासी बाजपुर उधमसिंह नगर, सचिन पुत्र गजराम (25 वर्ष) निवासी पिथौरागढ़ उत्तराखंड एवं अजय (25 वर्ष) पुत्र भगवानदास निवासी बाजपुर, उधमसिंह नगर घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार थे। बाइक की रफ्तार काफी तेज थी। चालक ने हेलमेट भी नहीं पहना हुआ था। मृतक विशाल के शरीर के अवशेष सड़क पर बिखर गए। यह मंजर देखने वालों का कलेजा मुंह को आ रहा था। सूचना पर पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घायलों को सीएचसी अफजलगढ़ भिजवाया गया। जहां चिकित्सक द्वारा विशाल को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने मृतक के शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। घायल सचिन एवं शुभम का उपचार जारी है। पुलिस द्वारा घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई है। परिजनों के मुताबिक तीनों युवक अफजलगढ़ क्षेत्र में शादी समारोह में शामिल होने के लिए आए हुए थे।

### कार से आधा दर्जन लोग घायल




**राजा का ताजपुर।** ग्राम रवाना शिकारपुर निवासी शमीम अहमद का पुत्र समीर, रहीसा खातून, जुबैर अहमद, लोकेश कुमार, दिलावर सिंह सहित दो अज्ञात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सभी को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। तीन व्यक्तियों की गंभीर हालत देखते हुए डॉक्टर ने समीर अहमद रहीसा खातून की गंभीर हालात देखते हुए हाय सेंटर रैफर कर दिया। जहां पर उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटनास्थल पर पहुंच कर चौकी प्रभारी राजवीर सिंह ने मामले को शांत किया। सभी घायलों को राहगीरों की मदद से अस्पताल पहुंचाने में मदद की। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर सभी लोगों को समझा-बुझाकर मामले को शांत किया। गनीमत यह रही कि कोई बड़ी घटना नहीं हुई। वरना कोई बड़ी घटना घटित हो सकती थी।

# नजीबाबाद में भाकियू का धरना

## किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन (सरपंच) द्वारा किसानों की समस्याओं को उठाते हुए तहसील में धरना-प्रदर्शन किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार भारतीय किसान यूनियन (सरपंच) द्वारा तहसील में धरना देते हुए प्रदर्शन किया गया। जिला अध्यक्ष ठाकुर अरूण कुमार के नेतृत्व में धरनास्थल पर सभा हुई। जिसमें वक्ताओं ने किसानों की समस्याएं उठाई। क्षेत्र में तेजी से चल रहे मिट्टी के अवैध खनन, अवैध कॉलोनियों एवं जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। संगठन द्वारा स्पष्ट रूप से चेतावनी दी गई कि यदि समय रहते इन समस्याओं पर कार्यवाही नहीं हुई, तो आंदोलन को तेज किया जाएगा। मौके पर पहुंचे एसडीएम शैलेंद्र कुमार ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्यवाही का आश्वासन दिया। जिसके बाद धरना समाप्त कर दिया गया। ज्ञापन में कहा गया कि मिट्टी के अवैध खनन की जांच हेतु तत्काल टास्क फोर्स गठित कर कार्रवाई की जाए। अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध एएमए द्वारा नोटिस जारी कर वैधानिक कार्यवाही प्रारंभ की जाए। जटपुरा में आबादी के बीच स्थित शराब के ठेके को शीघ्र स्थानांतरित किया जाए। ग्राम पंचायत मिर्जापुर उर्फ प्रीतमगढ़ में आबादी के बीच बने कच्चे खाद के गड्ढे को भी जल्द हटाया जाए। इस अवसर पर युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी विशाल बालियान, राष्ट्रीय महासचिव चंद्रपाल सिंह, युवा प्रदेश अध्यक्ष लवी चौधरी, मंडल उपाध्यक्ष अखिलेश चौहान, युवा जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक फरहान, जिला उपाध्यक्ष नबील, युवा ब्लॉक अध्यक्ष मनीष अग्रवाल आदि मौजूद थे।

# पश्चिम बंगाल में खिला कमल

## भाजपा की प्रचंड जीत पर मनाया जश्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के नतीजों ने राज्य की राजनीति में एक नए युग का सूत्रपात कर दिया है। मतगणना के रुझानों और परिणामों में भारतीय जनता पार्टी द्वारा बहुमत का जादुई आंकड़ा पार करते ही पूरे देश सहित बंगाल के कोने-कोने में उत्सव का माहौल है। इस ऐतिहासिक विजय की खुशी में शुभम ग्रोवर के प्रतिष्ठान पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर जीत का जोरदार जश्न मनाया।

जैसे ही चुनाव आयोग की वेबसाइट पर भाजपा की सीटों का आंकड़ा 190 के पार पहुंचा, शुभम ग्रोवर के प्रतिष्ठान पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों का तांता लग गया। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष नकुल अग्रवाल ने स्वयं कार्यकर्ताओं का स्वागत किया और सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर इस बड़ी जीत की बधाई दी।

जश्न के दौरान कार्यकर्ताओं ने न केवल मिठाइयां बांटी, बल्कि ढोल-नगाड़ों की थाप पर थिरकते हुए अपनी खुशी का इजहार किया। पार्टी समर्थकों का कहना है कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और बंगाल की जनता के अटूट विश्वास का परिणाम है। इस कार्यक्रम में स्थानीय भाजपा नेताओं ने भी शिरकत की जिसमें नगर अध्यक्ष नकुल अग्रवाल, शुभम ग्रोवर, बिट्टू भटनागर, संजय सैनी, ऐश्वर्या एरन, मोनू वर्मा, हिमांशु तायल, मोनिका यादव, इंदु राजपूत, मनीष सैनी, गीता राज, सुविधा भटनागर बहुत से कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आदर्श नगर क्षेत्र में भी पश्चिम बंगाल असम और पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर सरकार बनने की बधाई दी। आदर्श नगर शिव मंदिर पर जिला महामंत्री बलराज त्यागी मंडल अध्यक्ष वरुण आत्रेय, चौधरी ईशम सिंह, भाजपा नेत्री लीना सिंघल, एड. महेश मलिक, डॉ. रितेश सिंह, अरविंद विश्वकर्मा, अमन शर्मा, नितिन त्यागी, पूर्व ग्राम प्रधान प्रभात शर्मा, गायत्री, निराला, रणवीर सिंह निराला, युवी चौधरी, विष्णु सिंह, कपिल चौधरी, आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### पुलिस के प्रयास से डमरू सकुशल बरामद

**बिजनौर।** समीपवर्ती ग्राम तिमरपुर से संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हुए बालक को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस ने डमरू को ले जाने वाले फिरोज को भी पकड़ लिया है। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बालक को सकुशल बरामद कर लिया। हालांकि पुलिस ने यह नहीं बताया कि बालक कहां से बरामद हुआ है। उल्लेखनीय है कि शनिवार की शाम को करीब 6 बजे ग्राम निवासी चंद्रप्रकाश सैनी का पुत्र शौर्य उर्फ डमरू (12 वर्ष) घर के बाहर खेल रहा था। वह अचानक रहस्यमय ढंग से गायब हो गया था। डमरू मानसिक रूप से थोड़ा कमजोर है। परिजनों ने डमरू को हरसंभव स्थान पर तलाश किया, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। थक-हारकर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। रविवार दोपहर एएसपी सिटी डॉ. केजी सिंह व सीओ सिटी संग्राम सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। शाम होते-होते पुलिस ने बालक को सकुशल बरामद कर लिया। चर्चा है कि पुलिस ने बालक को जयपुर के आसपास कहीं से बरामद किया है। हालांकि पुलिस अधिकारियों ने बालक बरामद होने की पुष्टि तो की, लेकिन ये नहीं बताया कि बालक कहां से बरामद हुआ है। डमरू के सकुशल बरामद होने से परिजनों के चेहरे खिल उठे। थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने बताया कि डमरू को ले जाने वाले फिरोज को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### भाजपा की प्रचंड जीत का जश्न

**नगीना।** पश्चिम बंगाल में हुए बड़े राजनीतिक बदलाव और भारतीय जनता पार्टी की शानदार सफलता के बाद क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। सोमवार को नगीना में भाजपा समर्थकों ने ममता बनर्जी के किले के ढहने की खुशी में गांधी मूर्ति तिराहे पर जमकर जश्न मनाया और एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। आज दोपहर बड़ी संख्या में भाजपाई पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष सौरभ मित्तल और क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि के नेतृत्व में गांधी मूर्ति तिराहे पर एकत्रित हुए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की और एक-दूसरे को गले लगाकर जीत की बधाई दी। पदाधिकारियों ने वहां मौजूद आमजन को भी मिठाई बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया। इस मौके पर क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि ने कहा कि बंगाल की जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और विकास कार्यों पर जनता की मुहर है। पूर्व विधायक सतीश गौतम ने अपने संबोधन में कहा कि देश की जनता अब नकारात्मक राजनीति को छोड़कर सुशासन को प्राथमिकता दे रही है, जिसका परिणाम बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के रूप में दिखा है। कार्यक्रम के आयोजक सौरभ मित्तल ने कहा कि यह सफलता पार्टी के जमीनी कार्यकर्ताओं की दिन-रात की मेहनत और जनसमर्थन का प्रतिफल है। उन्होंने विश्वास जताया कि पार्टी आने वाले समय में और भी मजबूती के साथ आगे बढ़ेगी। जश्न के दौरान भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे, जिनके चेहरों पर जीत की खुशी साफ झलक रही थी। कार्यक्रम के अंत में सभी ने भविष्य में और भी बड़ी जीत का संकल्प लिया। इस दौरान अनूप वाल्मीकि, प्रमोद चौहान, सतीश गौतम, विनोद अग्रवाल, डा. भूपेश चौहान, तिलक राज, हरमीत सिंह मल्होत्रा, कुंवर कृष्ण बलदेव सिंह, लवी मित्तल, सोहन सैनी, प्रहलाद कुशवाहा, पंडित सचिन शर्मा, चंद्रशेखर पाल, आदि सिंह राठौड़, अरुण शर्मा आदि मौजूद रहे।

### पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य की जांच

**बिजनौर।** रिजर्व पुलिस लाइंस में रविवार को वामा सारथी उ.प्र. पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा वेलनेस होम्योपैथिक चिकित्सा परामर्श एवं दवा वितरण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 92 पुलिस कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में मौसमी बीमारियों, संक्रमण से बचाव और तत्काल उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने लोगों को सफाई, खान-पान और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान डा. आंचल त्यागी ने महिलाओं से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने स्त्री रोगों के लक्षण, बचाव और समय पर इलाज की जरूरत पर जोर दिया। कार्यक्रम का आयोजन वामा सारथी की अध्यक्षा रिया झा पत्नी अभिषेक झा के निर्देशन में आयोजित शिविर में उपनिरीक्षक अशोक कुमार तोमर, मुशब्बिर अली, फार्मासिस्ट विकास कुमार व प्रमोद सिंह सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### राहुल राजपूत अध्यक्ष व सचिन चौधरी सचिव बने

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड मेडिकल सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन की बिजनौर इकाई की वार्षिक बैठक बिजनौर इकाई कार्यालय पर आयोजित हुई। वार्षिक अधिवेशन के रूप में हुई बैठक में मुरादाबाद से आए स्टेट आब्जर्वर अजय चौहान तथा कंवीनर एनसी पाठक के सानिध्य में कार्यकारिणी का वार्षिक चुनाव हुआ। जिसमें राहुल राजपूत अध्यक्ष, सचिव चौधरी सचिव, मुकुल तोमर कोषाध्यक्ष चुने गए। इनके साथ ही अतुल कुमार, उज्जवल धीमान, ललित, दिशु, राकेश, कामेंद्र अहलावत कार्यकारणी सदस्य बनाए गए। कार्यक्रम में मुकुल, सचिन भारद्वाज, हेमंत चौधरी, अंकित चौधरी, अजीत चौधरी, सुशील राजपूत आदि उपस्थित रहे।

# सर्वाइकल कैंसर से बचाव को लगेगा टीका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** सीएचसी नगीना में एएनएम की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सीएचसी प्रभारी डा. विशाल दिवाकर ने की। जिसमें स्वास्थ्य योजनाओं की वर्तमान स्थिति की गहन समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के सख्त निर्देश दिए गए। इस दौरान विशेष रूप से महिला स्वास्थ्य, डिजिटल हेल्थ आईडी और संचारी रोगों से बचाव पर चर्चा की गई।

बैठक में प्रभारी डा. विशाल दिवाकर ने एचपीवी वैक्सीन के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं के लिए एक गंभीर खतरा है। उन्होंने जानकारी दी कि बाजार में इस वैक्सीन की कीमत 5000 रुपए तक है, लेकिन सरकार के निर्देशानुसार सीएचसी में यह वैक्सीन 14 से 15 वर्ष की किशोरियों को पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने क्षेत्र के सभी स्कूलों और अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बच्चियों को यह टीका जरूर लगवाएं ताकि उन्हें भविष्य में होने वाले जानलेवा कैंसर से सुरक्षित रखा जा सके। डा. दिवाकर ने जनमानस के लिए एक महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए बताया कि प्रत्येक व्यक्ति के लिए 'आभा आईडी' बनवाना अनिवार्य है। भविष्य में सभी सरकारी और निजी अस्पतालों में इलाज इसी आईडी के माध्यम से होगा। इसका सबसे बड़ा लाभ यह है कि मरीज का पूरा मेडिकल इतिहास डिजिटल रूप में सुरक्षित रहेगा, जिससे मरीजों को भारी-भरकम फाइलें और मेडिकल रिपोर्ट्स साथ लेकर चलने की आवश्यकता नहीं होगी। पूरे देश में एक ही आईडी पर इलाज संभव हो सकेगा।

बैठक में बढ़ते तापमान और हीट वेव (लू) को लेकर भी चर्चा हुई। प्रभारी चिकित्सक ने लोगों से अपील की कि वे अनावश्यक रूप से धूप में बाहर न निकलें और अधिक से अधिक तरल पदार्थों का सेवन करें। शादियों के सीजन को देखते हुए उन्होंने बाहर के खाने के प्रति सचेत रहने की सलाह दी। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि किसी भी बीमारी की स्थिति में झोलाछाप डॉक्टरों या मेडिकल स्टोर से सीधे दवाई लेने के बजाय सरकारी अस्पताल आएं, जहां जांच और दवाएं मुफ्त उपलब्ध हैं।

# धूल व प्रदूषण के कारण बढ़ रही अस्थमा मरीजों की संख्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मई माह में विश्व अस्थमा दिवस आता है। अस्थमा दिवस याद रखना जरूरी है। क्योंकि सवाल सांसो का है। चाहते हुए भी दुनियाभर में करोड़ों लोग ऐसे हैं, जो अपने हिस्से की सासं भी पूरी तरह नहीं ले पाते हैं। शहरों में धूल व प्रदूषण ऐसे कारण है जो अस्थमा के मरीजों की संख्या को बढ़ा रहे हैं। यही अस्थमा के रोगियों के लगातार बढ़ने की सबसे प्रमुख वजह प्रदूषण है। इसे कुछ सावधानियों के साथ रोका जा सकता है। जैसे-धूम्रपाल न करें, स्वच्छ वातावरण में रहे, व्यायाम करें, धूल-धुआ, प्रदूषण से बच्चों को बचाए, मास्क का इस्तेमाल करें, नियमित रूप से जांच कराएं, आशंका होने पर संबंधित चिकित्सक से मिले, यदि आप को दवाइयां दी जाये, तो उसे नियमित रूप में लें।

भातर में देखा जाए तो तीन-चार करोड़ लोग अस्थमा से पीड़ित हैं जो विश्व की लगभग जनसंख्या का 11-12 प्रतिशत है। विश्वभर में अस्थमा के कारण हर साल चार लाख 50 हजार मौत हो जाती हैं।


**प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, बिजनौर**

प्रकीर्णवाद सं. 487/2023

**शहाना परवीन बनाम जाहिद हुसैन**

1. शहाना परवीन आयु 30 वर्ष पत्नी जाहिद हुसैन पुत्री मौ. असलम, 2. मौ. उजैर उम्र 6 वर्ष पुत्र जाहिद हुसैन, 3. अरहान उम्र 2 वर्ष पुत्र जाहिद हुसैन नाबालिगान प्रार्थी सं. 2 व 3 बबिलायत माता हकीकी श्रीमती शहाना परवीन, निवासीगण हाल निवासी मौ. शहीद नगर, कस्बा व थाना नूरपुर, जिला बिजनौर।

**बनाम**

जाहिद हुसैन आयु 35 वर्ष पुत्र मेहन्दी हसन, निवासी ग्राम सैन्द्वार, थाना चांदपुर, जिला बिजनौर।

धारा-125 सी.आर.पी.सी.

थाना नूरपुर

चूंकि उपरिनामांकित से यह आवेदन किया है कि आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 06.05.2026 के दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा।

**नियत दिनांक:- 06-05-2026**

**प्रधान न्यायाधीश**
**परिवार न्यायालय**
**बिजनौर**



**न्यायालय सिविल जज जू.डि. नगीना**

प्रकीर्ण वाद सं. 27/2026

जगदीश सिंह पुत्र चुडदी सिंह निवासी ग्राम वाजिदपुर, परगना अफजलगढ़, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर **-प्रार्थी**

**बनाम**

1. चुडदी पुत्र घसीटा, 2. जयपाल सिंह, 3. नरसिंह, 4. भौपाल सिंह पुत्रगण चुडदी, निवासीगण ग्राम वाजिदपुर, परगना अफजलगढ़, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर

5. कमलेश देवी पुत्री चुडदी पत्नी रणजीत सिंह निवासी ग्राम गौसपुर, पोस्ट बालावाली, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर **-प्रतिपक्षीगण**

दरख्वास्त मुसम्मा प्रार्थना पत्र उत्तराधिकार प्रमाण पत्र वास्ते हुसुल सार्टीफिकेट वसूल कर कर्जी व किफायत हाय यापदानी मुसम्मा जगदीश सिंह मुसबफा बलजीत अपने मुजिब एक्ट 7 सन 1978 ई. वक्त 2,28,308 रुपए + बॉनल मय बयाज हरगाह मुसम्मा जगदीश सिंह ने दरख्वास्त हुसुलपार्टी गुजारी हुसुल है इ. तारीख 18-12-2025 सन् 113 वास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई है कि लिहाजा यह इस्तहार जारी किया है कि जिस किसी को निस्वस्त दरख्वास्त जगदीश सिंह के उज्र हो या असालतन या बकालतन वक्त 10 बजे सुबह अदालत नगीना मुकाम 08-05-2026 में तारीख मुकर्र हाजिर होकर उज्र अपना पेश करे, दर सुरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी को सुना न जाये और हुकम मुनासिर निशब्त मजकूर दरखास्त के सादिर होगा।

**नियत दिनांक: 08-05-2026**

**प्रबंधक**
**सिविल जज (जू.डि.)**
**नगीना, बिजनौर**



**स्वच्छ-भारत** **स्वच्छ उत्तर प्रदेश** **स्वच्छ जलालाबाद**

## कार्यालय नगर पंचायत जलालाबाद, जनपद-बिजनौर

पत्रांक सं.-39/न.पं.ज./2026-27 दिनांक: 04.05.2026

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मा. उच्च न्यायालय में योजित याचिका संख्या-WPIL संख्या 1244/2025 धर्मपाल यादव बनाम उ.प्र. राज्य व अन्य में उत्तर प्रदेश पार्क, खेल का मैदान और खुली जगह (संरक्षण और विनियमन) अधिनियम-1975 उत्तर प्रदेश पार्क, खेल के मैदान और खुली जगह (विनियमन और नियन्त्रण) नियमावली-2005 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नगर पंचायत जलालाबाद (बिजनौर) की सीमान्तर्गत पार्क, खेल के मैदानों एवं खुले स्थानों की सूची तैयार कर ली गयी है। उत्तर प्रदेश पार्क, खेल के मैदान और खुली जगह (विनियमन और नियन्त्रण) नियमावली-2005 के नियम-4 के अधीन तैयार की गयी सूची का प्रकाशन निकाय क्षेत्रान्तर्गत प्रबन्धन के अधीन रिक्त भूमियों यथा- बंजर/नवीन परती में प्रस्तावित पार्को/खेल के मैदान को नागरिक सुविधाओं के विकास हेतु भूमि का चिन्हांकन करते हुए आरक्षित किया जाना है तथा समस्त भूमियों को सम्पत्ति रजिस्टर में दर्ज करने का कार्य कराया जाना है। उक्त भूमि चिन्हांकन हेतु निकाय द्वारा प्रकाशित सूची पर यदि किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति/ अनापत्ति हो तो वह प्रकाशन की तिथि से 03 माह की समयावधि के अन्तर्गत अपनी आपत्ति/अनापत्ति या सुझाव प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के उपरान्त प्रकाशित सूची पर प्राप्त किसी भी दावे/आपत्ति/ सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा।

**प्रपत्र-1**

**पार्कों/खेल के मैदानों और खुली जगहों की सूची**

**स्थानीय निकाय का नाम** : नगर पंचायत जलालाबाद, जनपद बिजनौर
**सूची** : खेल का मैदान
**वार्ड का नाम तथा संख्या** : मौ. शेखसराय, वार्ड नं. 10, नैशनल हाईवे के पास

| क्र.सं. | नाम | अवस्थिति | क्षेत्रफल/आकार ल.x चौ. | विस्तृत अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मौ. शेखसराय में नैशनल हाईवे के पास स्थित, खेल का मैदान (खसरा नं. 801) | वार्ड नं. 10 | 3080 वर्ग मी.<br>उत्तर दिशा-ल. 57मी.<br>दक्षिण दिशा-ल. 52मी.<br>पूरब दिशा-ल. 57मी.<br>पश्चिम दिशा-ल.56मी. | |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत जलालाबाद (बिजनौर)**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत जलालाबाद (बिजनौर)**



## संबंध विच्छेद सूचना

मैं अपने पुत्र शाहनवाज को उसके गलत संगत में पड़ जाने व चाल-चलन के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद करता हूं। उसके किसी भी कार्य व लेन-देन का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

**सुक्खे पुत्र हसन निवासी ग्राम मंझेडा शकरू, तहसील व थाना नगीना, जनपद-बिजनौर**

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र जाहिद मेरे कहने सुनने में नहीं है तथा मेरी नाफरमानियां करता है तथा 15.08.2024 को मेरी मर्जी के विरूद्ध आकर द्वितीय विवाह शहरीन से कर लिया था। जिसको मेरे द्वारा समझाने पर उल्टा आमादा फसाद होकर मेरे साथ गाली-गलौच मार-पीट करने लगा। जिस कारण मेरी समाज में छवि धूमिल हुई है। इन्हीं हरकतों से परेशान होकर दिनांक 16.08.2024 को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करके अपने सभी संबंध विच्छेद कर लिए थे और मेरे पुत्र के द्वारा किसी भी कृत्य या लेन-देन या झगड़ा फसाद का मैं या मेरे परिवार का कोई सदस्य जिम्मेदार नहीं होगा। **मौ. जाकिर पुत्र मौ. अख्तर निवासी मौहल्ला खोलियान, कस्बा अकबराबाद, थाना कोतवाली देहात, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।**

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरे चार पुत्र व पांच बेटी है। मेरा एक बेटा शईक अहमद व उसकी पत्नी रिजवाना हम सबसे मारपीट व गलत व्यवहार करते है। पड़ौसियों से भी झगड़ा फिसाद करते है। शईक अहमद व उसकी पत्नी रिजवाना को समझाने की कोशिश की, तो उन्होंने मुझसे गलत व्यवहार किया। जिस कारण मैं दोनों को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनके द्वारा किये गये कोई भी लेनदेन की समस्त जिम्मेदारी इनकी होगी। **अकील अहमद पुत्र रशीद अहमद निवासी मौहल्ला शाहजहीर, हाल निवासी मौ. विश्नोई सराय, कस्बा व थाना नगीना, जिला बिजनौर**

# धामपुर में 'खतरे के पेड़' बन रहे जानलेवा

## सड़क किनारे खड़े सूखे और जर्जर पेड़ों से भय, लगातार बढ़ रहा आक्रोश





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** दुर्गा विहार कॉलोनी से राजपूताना तक सड़क चौड़ीकरण के दौरान एनसीसी ऑफिस के पास पेड़ गिरने से हुई एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत के बाद भी हालात जस के तस हैं। जिम्मेदार वन विभाग और पीडब्ल्यूडी के बीच तालमेल की कमी का खामियाजा आम नागरिक भुगत रहे हैं। सड़क किनारे खड़े सूखे और जर्जर पेड़ अब भी किसी बड़े हादसे का इंतजार करते नजर आ रहे हैं, जिससे लोगों में भय के साथ-साथ आक्रोश भी लगातार बढ़ रहा है।

गौरतलब है कि रविवार को ग्राम सुहागपुर निवासी नरेश कुमार की पेड़ गिरने से हुई मौत ने पूरे इलाके को झकझोर दिया था। एक पिता, जो अपनी बेटी को ससुराल छोड़कर लौट रहा था, वह कभी घर नहीं पहुंच पाया। इस दर्दनाक घटना के बाद नागरिकों को उम्मीद थी कि प्रशासन तुरंत जागेगा और खतरा बने पेड़ों को हटाने की कार्रवाई करेगा। लेकिन आज शाह टाइम्स की टीम द्वारा किए गए जमीनी निरीक्षण में जो तस्वीर सामने आई, वह बेहद चिंताजनक है।

दुर्गा विहार कॉलोनी से आगे पालिका के पूर्व चेयरमैन राजू गुप्ता के घर के पास दो सूखे पेड़ खड़े हैं, जो हल्की हवा में भी झूलते नजर आते हैं। चंदन साड़ी वालों के मकान के बाहर भी दो जर्जर पेड़ खड़े हैं, जो किसी भी वक्त गिर सकते हैं। नगीना चौराहे पर इरशाद की दुकान के सामने खड़ा पेड़ तो पूरी तरह जड़ों से कमजोर हो चुका है, नागरिकों का कहना है कि 'बस एक तेज हवा का झोंका और यह पेड़ सड़क पर आ गिरेगा।'

हैरानी की बात यह है कि जिस स्थान पर हाल ही में हादसा हुआ था, उसके आसपास भी दो-तीन पेड़ अब भी वैसे ही खड़े हैं। इतना ही नहीं, राजपूताना से पहले एक ऐसा दृश्य देखने को मिला, जहां सड़क तो चौड़ी कर दी गई, लेकिन बीच सड़क में खड़े पेड़ को चारों तरफ से घेरकर छोड़ दिया गया। यह पेड़ लगातार दुर्घटना को न्योता दे रहा है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि 'क्या प्रशासन किसी और की जान जाने का इंतजार कर रहा है?' एक बुजुर्ग ने गुस्से में कहा, 'जब तक हादसा नहीं होता, कोई नहीं जागता और जब हो जाता है, तो सिर्फ औपचारिकताएं पूरी की जाती हैं।'

वहीं कुछ लोगों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि तुरंत ऐसे पेड़ों को चिन्हित कर हटाया जाए और विभागीय लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि यह सिर्फ विकास का सवाल नहीं, बल्कि जन-जीवन की सुरक्षा का मुद्दा है।

अब बड़ा सवाल यह है कि, क्या एक और हादसे के बाद ही विभाग जागेगा, या समय रहते इन 'मौत के पेड़ों' को हटाया जाएगा?

# अवैध खनन की डील का वीडियो वायरल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र में अवैध खनन का कारोबार रुकने का नाम नहीं ले रहा है।

ग्राम धीवरपुरा में हमसाज और गैरजिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत के चलते आधी रात को दर्जनों ट्रैक्टरों को जेसीबी के माध्यम से भरकर खूब राजस्व लूटा जा रहा है। आधी रात के बाद ग्रामीणों का सुकून से सो पाना यहां मुमकिन नहीं है। जिसकी वजह दर्जनों ट्रैक्टरों का शोर है। वहीं ग्राम सलीमपुर में तैनात वन विभाग के एक चौकीदार द्वारा पिता जी की संपत्ति समझकर राजस्व विभाग की मिट्टी का ठेका पंद्रह सौ रुपए प्रति दो ट्राली तय किया जा रहा है। जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर छाई हुई है। ऑडियो में महाशय बताते है कि आपका फोन आया, तो दो हजार में बात फाइनल कर लेते हैं। हालांकि बहस करते-करते बात पंद्रह सौ रुपए में फाइनल हुई और वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। वीडियो में हीमपुर दीपा पुलिस की हिस्सेदारी का भी जिक्र किया जा रहा है। जिसमें एक दरोगा को सेट कर लेने की बात कही जा रही है।

उधर इस बारे में तहसीलदार चांदपुर का कहना है कि मामला संज्ञान में नहीं है। मामला दिखवाते है। आरोपितों पर कार्रवाई की जाएगी।

# बोर्ड की बैठक में 50 लाख के कार्य मंजूर

### अतिक्रमण व सफाई पर सख्ती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर पालिका की बोर्ड बैठक में विकास और व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। बैठक में करीब 50 लाख रुपए के विकास कार्यों को मंजूरी दी गई, जिससे नगर में आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में कदम उठाया जाएगा।

बैठक में आगामी बरसात को देखते हुए नालों की तली तक सफाई आउटसोर्सिंग कर्मियों के माध्यम से कराने का प्रस्ताव भी पारित किया गया, ताकि जलभराव की समस्या से निपटा जा सके। इसके साथ ही पालिका ने सख्त रुख अपनाते हुए निर्णय लिया कि सड़कों पर कूड़ा डालने वालों से जुर्माना वसूला जाएगा और अतिक्रमण करने वालों से मौके पर ही चालान किया जाएगा।

पालिका ने समरसेबल के दुरुपयोग को भी गंभीरता से लिया है। इस मुद्दे पर अगली बोर्ड बैठक में ठोस कार्रवाई तय की जाएगी। वहीं सफाई व्यवस्था को मजबूत करने के लिए 15वें वित्त आयोग/राज्य वित्त बोर्ड फंड से एक बड़ा ट्रैक्टर खरीदने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। नगर की सड़कों की स्थिति सुधारने के लिए कई मार्गों पर दोबारा सीसी निर्माण कराने का निर्णय लिया गया।

बैठक में सभासद पुरुषोत्तम अग्रवाल ने खराब पड़े हैंडपंपों की समस्या उठाई, जबकि नामित सभासद सतमीत सिंह ने शहर में स्वागत द्वार बनवाने का प्रस्ताव रखा, जिसे शासन स्तर पर भेजने का निर्णय लिया गया।

बैठक पालिका चेयरमैन रवि चौधरी की अध्यक्षता एवं ईओ रविशंकर शुक्ल के संचालन में संपन्न हुई। बैठक में रेवेन्यू इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह, अकाउंटेंट सुनील जोशी सहित सभासद संतोष राजपूत, पुरुषोत्तम अग्रवाल, स्मिता सिंह, मनोज गोयल, नदीम अहमद, प्रभात गुप्ता, सुमित महेश्वरी, महताब अहमद, सोनू वाल्मीकि समेत अन्य सभासद एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

पालिका के इन फैसलों से शहर में सफाई व्यवस्था और विकास कार्यों में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है।

# पश्चिम बंगाल व असम में जीत पर धामपुर में भाजपाइयों का जश्न

### भगत सिंह चौक पर उमड़ा उत्साह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पश्चिम बंगाल और असम विधानसभा चुनाव में भाजपा की शानदार सफलता के बाद धामपुर में पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार जश्न मनाया। सोमवार को चुनाव परिणाम घोषित होते ही नगर का माहौल उत्सव में बदल गया। बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शहीद भगत सिंह चौक पर एकत्रित हुए और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर नृत्य किया और आतिशबाजी कर जीत का उत्सव मनाया। इस दौरान 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। नेताओं ने इस जीत को कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के विश्वास का परिणाम बताया।

भाजपा जिलाध्यक्ष चौहान बॉबी ने कहा कि यह जीत पार्टी की नीतियों और प्रधानमंत्री के नेतृत्व पर जनता के भरोसे का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि पार्टी देश के विकास और सुशासन के लिए लगातार कार्य करती रहेगी।

इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक के मंडल डायरेक्टर राणा प्रियंकर सिंह, भूमि विकास बैंक के मंडल डायरेक्टर महेंद्र धनौरिया, मंडलाध्यक्ष दीपक अग्रवाल, नागेश्वर दयाल, अनिल शर्मा, राजू गुप्ता, पुरुषोत्तम अग्रवाल, राघव शरण गोयल, जितेंद्र गोयल सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सपा जिलाध्यक्ष हनी फैसल का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

### कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष हनी फैसल के पहली बार धामपुर आगमन पर कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। सोमवार को वह नौरंगाबाद स्थित पूर्व मंत्री मूलचंद चौहान के कैंप कार्यालय पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल-मालाओं से लादकर गर्मजोशी के साथ अभिनंदन किया।

कार्यक्रम के दौरान सपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। पूर्व मंत्री मूलचंद चौहान ने कहा कि हनी फैसल के नेतृत्व में जनपद का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी को मजबूत करने में जुटेगा और 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को सफलता दिलाने का कार्य करेगा।

जिलाध्यक्ष हनी फैसल ने अपने संबोधन में कहा कि उनकी प्राथमिकता संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना और सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर आगे बढ़ना है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पार्टी जनता के मुद्दों को प्रमुखता से उठाएगी और हर वर्ग की आवाज बनेगी।

इस मौके पर नसीम राणा, नवनीत राणा, गुरमीत सिंह, आसिफ अंसारी, अरमान अली, कुशलपाल सिंह, हाजी कलाम, सुहेल बाकर, अहमद खिजर, लाल बहादुर सिंह, रविंद्र कुमार राजपूत, महताब, सलाउद्दीन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कृष्णा फार्मेसी में विदाई समारोह धूमधाम से मनाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा फार्मेसी कॉलेज में बी.फार्मेसी के विद्यार्थियों द्वारा विदाई समारोह उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम बी.फार्मेसी अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के सम्मान में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज संस्थापक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, प्रबंध निदेशक पवन कुमार तथा प्राचार्य डा. अंकित कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और अपनी खट्टी-मीठी यादें साझा की। पूरे अंतिम वर्ष के




### रैम्प वॉक, कैट वॉक, डांस, स्पीच एवं गायन प्रस्तुतियों ने मन मोहा

विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी। विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से कार्यक्रम को यादगार बना दिया। समारोह में रैम्प वॉक, कैट वॉक, डांस, स्पीच एवं गायन प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। रैम्प पर कैट वॉक को दर्शकों ने खूब सराहा और जमकर हूटिंग भी की। विद्यार्थियों के मनोरंजन के लिए क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में जज की भूमिका मंदीप चिकारा, अंशिका राव तथा राजीवेंद्र कौर द्वारा निभाई गई। कार्यक्रम का संचालन कल्पना चौधरी एवं अदीबा द्वारा किया गया। अंतिम वर्ष के छात्र गौरव को मिस्टर फेयरवेल तथा छात्रा को मिस फेयरवेल के खिताब से सम्मानित किया गया। प्राचार्य डा. अंकित कुमार ने तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा किए गए आयोजन की सराहना की। इस मौके पर कॉलेज के प्राध्यापक मौहम्मद खालिद, मौहम्मद तारिक, शहीर अहमद, दीपक कुमार, नीरज चौहान, सीमा त्यागी, दीपिका पाल, अलका सिंह, डा. अमीन शिफत, डा. दिगंत कुमार, अजीत कुमार तथा रामेंद्र कुमार सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## एक नजर

### विद्या मंदिर में छात्रवृत्ति का वितरण



**धामपुर।** सरस्वती विद्या मंदिर में छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें ओम कृष्णा सामाजिक सहयोग फाउंडेशन के डायरेक्टर एवं वरिष्ठ आयकर अधिवक्ता अशोक कुमार गुप्ता ने वर्ष 2025-26 की छात्रवृत्ति की तीसरी किस्त विद्यार्थियों को वितरित की। कार्यक्रम में गुप्ता ने बताया कि उनका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन मेधावी विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना है। इसी क्रम में वह प्रतिवर्ष लगभग 20 विद्यार्थियों को 500 रुपए मासिक छात्रवृत्ति, पुस्तकें एवं विद्यालय वेश प्रदान करते हैं। इस वर्ष भी सरस्वती विद्या मंदिर धामपुर, शिशु मंदिर धामपुर तथा शिशु व विद्या मंदिर नहटौर के कुल 19 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ दिया गया। छात्रवृत्ति पाकर विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों के चेहरे पर खुशी दिखाई दी। कार्यक्रम में शिक्षकों ने कहा कि इस प्रकार की पहल से न केवल विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ता है, बल्कि समाज में शिक्षा के प्रति सकारात्मक संदेश भी जाता है। उन्होंने गुप्ता के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायक बताया। इस मौके पर प्रधानाचार्य हेमेंद्र, पूर्व उपप्रधानाचार्य राधाकृष्ण कटियार, शिशु मंदिर के आचार्य भूपेंद्र जी सहित विद्यालय परिवार के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### दवाई लेने पहुंचे भाई-बहन से मारपीट



**चांदपुर।** ग्राम शाहपुर भसौड़ी निवासी डालचंद अपनी बहन मुकेश देवी के साथ जलीलपुर स्थित कुमार मेडिकल स्टोर से दवाई लेने के लिए आया था। दवाई लेने के बाद जब उसने मेडिकल स्वामी से दवाई का बिल पर्चा मांगा तो उसे छह सौ रुपए का बिला पर्चा थमा दिया गया। जिसे व कुछ कम कर लेने का कहने लगा। आरोप है कि इसी बात को लेकर मेडिकल स्वामी ओमकार व भाई धार्मपाल ने दोनों भाई बहनों के साथ न सिर्फ गाली-गलौच की बल्कि उन्हें जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर उनके साथ मारपीट की। ग्राम शाहपुर भसौड़ी निवासी डालचंद ने इस बाबत एक प्रार्थना पत्र पुलिस को देकर आरो. पियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की मांग की है। देर सांय घटी इस घटना के सम्बंध में पुलिस ने तहरीर मिलने की बात कहते हुए जांचोपरांत कार्यवाही की बात कही है।

### क्रिटिकल केयर यूनिट भवन का निरीक्षण



**बिजनौर।** आयुक्त एवं निबंधक, सहकारिता उ.प्र. नोडल अधिकारी योगेश कुमार द्वारा आज मेडिकल कॉलेज के निर्माणाधीन क्रिटिकल केयर यूनिट भवन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भूतल से टेरिस तक चार मंजिला भवन का बारीकी के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने भवन में प्रयोग होने वाली निर्माण सामग्री मानकों के अनुरूप अच्छी गुणवत्ता की पाए जाने पर संतोष व्यक्त किया गया। निर्माण कार्य में प्रयोग होने वाली ईंटों पर सफेदी पाए जाने पर अधिशासी अभियंता आरईएस द्वारा बताया गया कि भट्टों में ईंटों के पकाने के लिए बिजली का प्रयोग किया जा रहा है, जिसके कारण ईंटों में सफेदी की शिकायत है। उन्होंने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को ईंटों की लैब जांच करने के निर्देश दिए। इसके बाद उनके द्वारा महादेवपुरम स्थित जल निगम नगरीय द्वारा निर्माणाधीन पाइप पेयजल परियोजना का निरीक्षण किया गया। उन्होंने अधिशासी अभियंता की लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि थर्ड पार्टी के रूप में निर्माण सामग्री एवं संबंधित उपकरणों की गुणवत्ता का निर्धारित मानकों के अनुरूप निरीक्षण कर आख्या उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के बाद नोडल अधिकारी योगेश कुमार द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सहकारिता विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर विभाग के कार्यों को पूर्ण गंभीरता एवं मानक के अनुरूप पूर्ण करने की निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीडीओ रणविजय सिंह, सीएमओ डा. कौशलेंद्र सिंह, उपायुक्त एनआरएलएम, अधिशासी अभियंता लोनिवि, ग्रामीण अभियान, जल निगम शहरी एवं ग्रामीण सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### भाजपाईयों ने मनाया जश्न



**कोतवाली देहात।** भारतीय जनता पार्टी को पश्चिम बंगाल तथा असम राज्यों में प्रचंड जीत मिलने पर मोहित त्यागी के प्रतिष्ठान पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशी मनाई। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सुभाष ने शर्मा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह भाजपा कार्यकर्ताओं की जीत है। यह कार्यकर्ताओं के खून पसीने की मेहनत का रंग है, जो भगवा रूप में आज पश्चिम बंगाल में कमल के रूप में खिला है। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई। कार्यक्रम में विनीत चौधरी, रॉबिन चौधरी, सोनू विश्नोई, ऋषि त्यागी, जितेंद्र मास्टर, डा. जितेंद्र कौशिक, त्यागी, ऋषिपाल सिंह, हैदर अली, मास्टर रामप्रसाद आदि मौजूद रहे।

# मौलाना तौसीफ रज़ा के इंसाफ को उलेमाओं की उठी आवाज़

- उलेमाओं ने की चिंता व्यक्त
- आसामाजिक तत्वों को मिले सख्त और सही सज़ा
- परिवार को मुआवजा और घटनाएं रोकने को पुख्ता इंतेजाम करने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** बरेली ट्रेन में सफर करते आसामाजिक तत्वों द्वारा मौलाना को निशाना बनाने और उनकी हत्या कर देने का रोष बढ़ता जा रहा है। उलेमाओं ने बैठक कर गहरी चिंता व्यक्त की और दुख का इज़हार किया, जबकि अपराधियों को सख्त और सही सजा मिलने की मांग की।

सोमवार को कादरी मंजिल कोट पूर्वी में एक जरूरी मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक में शहर के बड़ी संख्या में जाने-माने और सम्मानित उलामा ने हिस्सा लिया। बैठक में विशेषकर तंजीम उलामाऐ अहले सुन्नत के जनरल सेक्रेटरी मौलाना फैजान अशरफ हामिदी, मौलाना कारी इरफान लतीफी ने इस दुखद घटना को बहुत निंदनीय बताया। उन्होने कहा कि यह घटना सिर्फ एक व्यक्ति पर हमला नहीं है, बल्कि शांति और व्यवस्था और धार्मिक सहनशीलता पर भी एक गंभीर हमला है। उलामा ने जोर दिया कि ऐसी घटनाओं से समाज में डर और दहशत फैलती है और इन्हें रोकने के लिए तुरंत और कड़े कदम उठाना जरूरी है। वक्ताओं ने उत्तर प्रदेश सरकार से इस दुखद घटना में शामिल बदमाशों को तुरंत गिरफ्तार करने के साथ अपराधियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। जबकि मरने वाले के परिवार को सही आर्थिक मुआवजा दिया जाए। भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा के पुख्ता कदम उठाए जाने की मांग की गयी। इसके अलावा इस दुखद घटना को पूरे देश के लिए एक बड़ा नुकसान बताते हुए, बैठक में शामिल उलामा ने मृतक मौलाना की मगफिरत और परिजनों के लिए सब्र की दुआ की। साथ ही इंसाफ मिलने में बेवजह देरी हुई, तो शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाने वाले संगठन ऐसे कदम उठाने पर मजबूर होने की चेतावनी दी। जिससे कि दबे-कुचले लोगों को इंसाफ मिले और अपराधियों को वैसी ही सजा मिल सके जैसी वे असल में हैं। बैठक में मौलाना जिया-उल-मुस्तफा अशरफी, मौलाना शोएब रजा अमजदी, मुफ्ती इमरान रजा मंजरी, मौलाना मुफ्ती माहिर हुसैन मरकजी, मुफ्ती आदिल रजा मिस्बाही, मौलाना नफीस अशफाकी, मौलाना बुरहान अशरफ हमीदी, मुफ्ती महबूब इलाही मरकजी, मौलाना नाजिम हुसैन मरकजी, मौलाना तारिक रजा, कारी वसीम रजा, कारी सोहराब गजाली, कारी वसीम अकरम, मुहम्मद आजम अत्तारी, मुहम्मद वासिफ रजा आदि मौजूद थे।



सम्भल। मौलाना तौसीफ रजा की हत्या पर बैठक करते उलेमा।

# जनगणना प्रशिक्षण से 79 प्रगणक रहे गैर हाजिर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के अंतर्गत प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का दूसरा चरण प्रारम्भ हो गया। प्रशिक्षण के लिए कुल 34 बैचों में 1557 कार्मिक नामित किए गए। प्रशिक्षण के पहले दिन कुल 1557 नामित कार्मिकों के सापेक्ष 1478 कार्मिकों ने सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की, जबकि 79 प्रशिक्षु अनुपस्थित रहे। फील्ड ट्रेनर्स द्वारा प्रथम दिवस के दौरान प्रतिभागियों को डेटा संकलन की प्रक्रिया, मोबाइल एप के प्रभावी उपयोग तथा सटीक एवं त्रुटिरहित प्रविष्टि के महत्व के संबंध में विस्तार से अवगत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के शुभारम्भ पर जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पेंसिया एवं अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) प्रदीप वर्मा द्वारा सभी कार्मिकों को जनगणना के महत्व से अवगत कराते हुए जनगणना कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा कार्य की गोपनीयता पूर्णतः बनाए रखी जाने के सख्त निर्देश दिए गए। उन्होंने 07 मई, 2026 से प्रारम्भ होने वाले स्व-गणना अभियान को व्यापक रूप से संचालित करने और अधिक से अधिक नागरिकों को इसमें सहभागी बनने के लिए प्रेरित करने को निर्देशित किया। प्रशिक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी सम्भल गुन्नौर एवं चन्दौसी ने विभिन्न प्रशिक्षण केन्द्रों का स्थलीय निरीक्षण कर प्रशिक्षण व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में प्रशिक्षण के दौरान अर्जित ज्ञान का समुचित उपयोग करते हुए मकान सूचीकरण का कार्य पूर्ण ईमानदारी, सतर्कता एवं लगन के साथ संपादित किया जाए तथा किसी भी स्तर पर शिथिलता न बरती जाए। साथ ही अधिसूचित 07 मई, 2026 से 21 मई, 2026 तक निर्धारित 15 दिवस की अवधि के दौरान अधिकतम नागरिकों को स्व-गणना हेतु प्रोत्साहित किया जाए।प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे कार्मिकों के विरुद्व संबंधित विभागों को आवश्यक अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए अलग से पत्र भेजा गया।

# आपदा: आकाशीय बिजली गिरने से मकान ध्वस्त

- मलबे में दबकर 11 वर्षीय बच्ची की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** जुनावई थाना क्षेत्र के गांव काशीपुर में बीती रात को भीषण बारिश के बीच दर्दनाक हादसा हो गया। आकाशीय बिजली मकान की छत पर गिरने से छत ध्वस्त हो गई। जिसके मलबे में मासूम बच्चे समेत तीन लोग दब गए। पड़ोसियों ने कड़ी मशक्कत के बाद दो लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, लेकिन 11 वर्षीय बच्ची की मौत हो चुकी थी।

जुनावई थाना प्रभारी धीरज कुमार ने बताया कि दुर्घटना क्षेत्र के काशीपुर गांव में बीती रात को हुई। तेज आंधी और भारी बारिश के दौरान अचानक आकाशीय बिजली दीपक के मकान पर गिरी थी, जिससे छत ढह गई थी। हादसे के समय घर के अंदर परिवार के सदस्य सो रहे थे और तीन लोग मलबे में दब गए। जानकारी होते ही पड़ोसी मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। ग्रामीणों ने किसी तरह दीपक और उनकी पत्नी रजनी को मलबे से बाहर निकाल लिया, लेकिन दीपक की 10 वर्षीय बहन रश्मि को निकालने में काफी समय लग गया। बेहोशी की हालत में मिली रश्मि को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुनावई पहुंचाया गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# देर रात्रि बारिश और आंधी ने ला दी मौसम में तबदीली

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** देर रात्रि में आंधी और बारिश ने मौसम को बदलकर रख दिया। जबकि सड़कों पर गंदगी और नालियों में भरा कचरा मुख्य मार्गों पर फैल गया।

रविवार/सोमवार की देर रात्रि तेज गरज और आसमान में कड़कड़ाती बिजली के साथ बारिश से मौसम में काफी तबदीली ला दी। सुबह तक हुई बारिश से जहां जगह-जगह पानी भर गया , वहीं सड़कों पर गंदगी पसर गयी। इसके साथ बारिश ने तापमान में भी काफी गिरावट ला दी। सुबह तेज कड़क धूप निकलने के बाद भी गर्मी का कोई खास अहसास नहीं हो सका।

# बंगाल में जीत का जगह-जगह मना जश्न

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल/बबराला।** भारतीय जनता पार्टी की पश्चिम बंगाल में प्रचंड बहुमत से ऐतिहासिक जीत पर बबराला नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच जबरदस्त उत्साह और खुशी का माहौल है। जनपद में जगह-जगह भाजपाइयों ने जीत का जमकर जश्न मनाया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाई तथा आतिशबाजी कर अपनी प्रसन्नता का इजहार किया।

पश्चिम बंगाल में भाजपा की एतिहासिक जीत पर भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी जगह-जगह जीत का जशन मनाने एकत्र हो गए। भाजपा के जिला कार्यालय पर कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने जमकर जीत का जश्न मनाया और मिष्ठान का वितरण किया। जबकि बबराला में कार्यकर्ताओं ने इस जीत को प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व, पार्टी की जनहितकारी नीतियों और कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का परिणाम बताया। नगर के विभिन्न स्थानों पर जश्न का माहौल रहा, जहां भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष विनय कुमार वार्ष्णेय ने कहा कि यह जीत देश की जनता के विश्वास और विकास की राजनीति की जीत है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में पार्टी और अधिक मजबूती के साथ देश के हर कोने में जनसेवा का कार्य करती रहेगी। इस अवसर पर मीना गुप्ता, दिनेश कौशल, अनिल वार्ष्णेय, योगेश गुप्ता, आशुतोष वार्ष्णेय, मुकेश फौजी, अतुल, मनीष, सुनीत कुमार भोला, सुमित यादव आदि सैकड़ो कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे सभी ने मिलकर इस ऐतिहासिक विजय का जश्न मनाया। उधर नगर के रेलवे रोड पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार बनने पर हर्ष व्यक्त किया। एक दूसरे को मिठाई खिलाई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि पश्चिम बंगाल में दीदी के उत्पीड़न का राज खत्म हुआ। वहाँ की जनता उनके शासन से त्रस्त थी। इसलिए भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाई। जीत मिलने की खुशी में कार्यकर्ताओ व स्थानीय युवाओं ने लोगों के बीच मिठाई वितरित कर हर्ष जताया। कार्यकर्ताओ ने कहा कि लोगों ने जो भाजपा पर उम्मीद जताई कि नई सरकार रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत संरचना पर तीव्र गति से कार्य करेगी। इस दौरान धर्मेन्द्र प्रजापति, आशुतोष वार्ष्णेय, आकाश, नितिन, एसके सोनी, डिम्पल वार्ष्णेय, सोमेश पाठक, महीपाल सिंह आदि रहे।



बबराला- भाजपा की जीत का जश्न मनाते भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी।

# सावधान रहें: बढ़ सकता है डिमेंशिया का खतरा

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला** स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बिना डाक्टर के पर्चे और पर्चे पर मिलने वाली कुछ दवाओं के उपयोग को लेकर सावधानी बरतने की सलाह दी है। विशेषज्ञों के अनुसार, इन दवाओं का लंबे समय तक या अनियंत्रित सेवन डिमेंशिया के खतरे को बढ़ा सकता है। रिपोर्ट में चार प्रमुख दवा वर्गों - एंटीहिस्टामाइन, एंटीसाइकोटिक ड्रग्स, बेंजोडायजेपाइन और प्रोटोन पंप इन्हिबिटर-का उल्लेख किया गया है, जिनका उपयोग सावधानीपूर्वक किया जाना चाहिए। विशेषज्ञों ने बताया कि एंटीकोलिनर्जिक दवाओं के डिमेंशिया जोखिम से जुड़े सबसे अधिक प्रमाण मिले हैं। ये दवाएं मस्तिष्क में एसिटाइलकोलीन नामक न्यूरोकेमिकल की गतिविधि को प्रभावित करती हैं, जो स्मृति और ध्यान के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। चिकित्सकों का कहना है कि इन दवाओं का सेवन केवल डाक्टर की सलाह पर ही करना चाहिए और बिना आवश्यकता लंबे समय तक उपयोग से खतरा हो सकता है।

# बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता को दिलायी शपथ

- जस्ट राइटस फॉर चिल्ड्रन ने चलाया अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** बाल अपराधों के खिलाफ जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन की सहयोगी प्रयत्न संस्था की ओर से चल रहे अभियान को गति देते हुए खग्गूपुरा गांव में बाल विवाह न करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर संस्था के प्रभारी गौरीशंकर चौधरी ने कहा की बच्चे देश का भविष्य हैं और देश के भविष्य को बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है एवं लोगों को बाल अपराधों के बारे में जानकारी देते हुए बताया की बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार अठारह साल से कम उम्र की लड़की और इक्कीस साल से कम उम्र के लड़के के विवाह के आयोजन में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागी जिसमें शादी कराने वाले पंडित से लेकर नाई हलवाई टेंट वाला और सभी सेवा प्रदाताओं के साथ जो भी बाल विवाह के आयोजन में शामिल होगा। उन सभी को दो साल की सजा और एक लाख रूपये तक का जुर्माना अथवा दोनो हो सकते हैं इसलिये यदि आप कहीं भी बाल विवाह होता देखें, तो तुरंत इन नंबरों पर सूचना दें चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, पुलिस 112, जे आर सी हेल्पलाइन 18001027222 आपका एक छोटा सा प्रयास किसी बच्चे का पूरा जीवन बचा सकता है। बाल विवाह एक सामाजिक अपराध है इसको जड़ से खत्म करने के लिए हम सबको मिलकर अबाज उठानी होगी, इस अवसर पर ग्राम प्रधान शरमा देवी, आंगनबाड़ी रेखा, रजनी एवं अध्यापक सुमित रस्तोगी, मनीष गुप्ता, हिमांशी रस्तोगी, रिचा वार्ष्णेय, अंशु एवं टीम के फील्ड कोर्डिनेटर सिराज अहमद व स्कूली बच्चे एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-महाराणा प्रताप के चित्र से छेड़-छाड़ के विरोध में ज्ञापन देते।

### महाराण प्रताप के चित्र के साथ छेड़छाड़ के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** महाराण प्रताप पार्क में स्थित महाराणा प्रताप जी के चित्र के साथ छेड़छाड़ करने पर अनुयायियों में रोष फल गया। गुस्साये सर्व समाज राजपूत संगठन, प्रजापति संगठन, ब्राह्मण समाज के लोग लोगों ने रोष व्यक्त किया और उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जांच व कार्रवाई की मांग की। इसमें प्रमुख रूप से इंजीनियर अमित पवार, राजा ठाकुर, अभी ठाकुर, सर्वेश ठाकुर, मंगल प्रजापति, मोहित ठाकुर, आयुष ठाकुर, अजीत ठाकुर, प्रिंस, अवधेश, वंश ठाकुर, मयंक, धर्मवीर, आयुष, परमानंद अमन, अमरीश ठाकुर, गुडडू पवार, सोनू, ओम ठाकुर, विवेक ठाकुर, इंदप्रताप, अभिषेक अभय, उदय ठाकुर, आशीष, प्रशांत, सिद्धू ठाकुर, बॉबी ठाकुर, लवकेश ठाकुर, सिद्वांत ठाकुर, लाला ठाकुर, गोपी, सागर, शिव, शील ठाकुर, सुरेंद्र ठाकुर, तरुण, सुमित, इशू, सूर्यांश, शिवम, नितिन, रमन, सोनू, गोविंदा, वंशज, गोपाल, पप्पू ठाकुर, ललित ठाकुर, रजत ठाकुर आदि ने भाग लिया।

### बकरे पर अल्लाह हु लिखा होने का दावा

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** हजरत नगर गढ़ी थाना क्षेत्र के ग्राम फिरोजपुर में

बकरीद के त्योहार के दौरान प्राकृतिक रूप से अल्लाह हु या मोहम्मद लिखे होने वाले बकरों की मांग बहुत बढ़ जाती है, और इनकी कीमतें लाखों में पहुँच जाती हैं, ऐसा ही एक मामला हजरत नगर गढ़ी थाना क्षेत्र के ग्राम फिरोजपुर से सामने आया है जहां एक बकरे के मालिक यासिन ने अपने बकरे के ऊपर कुदरती रूप से अल्लाह हु लिखे होने का दावा करते हुए बकरे की कीमत चार लाख रूपए रखी है,साथ बकरे मालिक यासिन ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्होनें बकरे को बड़े ही प्यार और देख रेख के साथ बकरे को पाला परोसा है ओर अब इस बकरे को वो बकरा ईद के मौके पर चार लाख में बेचना चाहते है, बकरे के मालिक यासिन ने कहा कि जो कोई भी इस बकरे को देखना व जानकारी लेना चाहता है वह इउनसे सम्पर्क कर सकता है

### एसपी ने पुलिस लाइन में निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** पुलिस अधीक्षक के के विश्नोई ने नवीन पुलिस लाइन में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। स्थलीय निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं निर्धारित समय-सीमा के अनुरूप कार्यों की स्थिति का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप एवं समयबद्व तरीके से पूर्ण किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से निर्माण सामग्री की गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों के पालन तथा कार्यस्थल पर स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए।इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

# नई पहल बच्चों का करेगी सर्वांगीण विकास

- दैनिक गतिविधिशें का एस सी ई आर टी द्वारा कलेंडर तैयार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** उत्तर प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में सत्र 2026-27 से शिक्षण व्यवस्था को और रोचक बनाने के लिए 'अरुणोदय' पहल शुरू की जा रही है। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) ने पूरे वर्ष के लिए दैनिक गतिविधियों का कैलेंडर तैयार किया है, जिसे जल्द ही प्रदेशभर के स्कूलों में लागू किया जाएगा। इस पहल के तहत प्रत्येक दिन प्रार्थना सभा में किसी न किसी विषय पर आधारित गतिविधि कराई जाएगी। इनमें पर्यावरण, स्वास्थ्य, महापुरुषों की जयंती, शब्द ज्ञान, कला, कहानी-कविता, देशभक्ति, स्वच्छता, सड़क सुरक्षा और पोषण जैसे विषय शामिल होंगे। जबकि शिक्षक और प्रधानाध्यापक बच्चों को जानकारी देने के साथ उनसे संबंधित गतिविधियां भी कराएंगे। कैलेंडर की खासियत यह है कि हर विषय के साथ क्यूआर कोड जोड़ा गया है, जिससे शिक्षक अतिरिक्त सामग्री और जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। इसे प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर के अनुसार अलग-अलग तैयार किया गया है। एससीईआरटी के संयुक्त निदेशक डा. पवन सचान के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। इसके तहत बच्चों को अखबारों से जोड़ने, गणित के प्रति रुचि बढ़ाने और जीवन उपयोगी ज्ञान देने पर विशेष जोर दिया जाएगा।शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि नई व्यवस्था की पहल से बच्चों के ज्ञान में वृद्धि होगी। बच्चों को अखबारों से जोड़ने की भी कोशिश होगी।

# तहसील परिसर से अधिवक्ता की बाइक ले उड़ा ऑटो लिफ्टर

**शाह टाइम्स, संवाददाता**

**बबराला।** तहसील गुन्नौर परिसर से बाइक चोरी हो गयी। अधिवक्ता ने इसकी सूचना पुलिस को दी है। अधिवक्ता ललतेश कुमार निवासी करियावेन थाना जूनावई की बाइक समय लगभग 12:30 बजे तहसील गुन्नौर में एसडीएम न्यायालय के पीछे खड़ी की गई थी। कुछ समय बाद वापस आने पर देखा कि बाइक वहां पर नहीं थी। आस पास काफी खोजबीन की गई लेकिन बाइक का कोई पता नहीं चल सका। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बाइक चोरी कर ली गई है जिसका सीसीटीवी फुटेज बार वेलफेयर एसोसिएशन गुन्नौर में लगे कैमरा में आ रहा है। अधिवक्ता ने पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कर बाइक बरामद करने की गुहार लगायी।

# जश्न में शायरों ने श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** बज़्म-ए-इंतिखाब के तत्वावधान में जश्न-ए-कौसर सम्भली का आयोजन किया गया। जिसमें शहर और आसपास के नामचीन शायरों ने अपने कलाम पेश कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मौहल्ला बेगम सराय में इंतेखाब सम्भली के निवास पर आयोजित जश्न का शुभारम्भ जिया उर रहमान जिया बरकाती ने हम्द-ए-बारी तआला पेश करके किया। जबकि नसीम वारिसी मुरादाबादी ने बारगाह-ए-रिसालत में नात-ए-रसूल-ए-रसूल पेश कर माहौल को रूहानी बना दिया। जश्न में अलहाज रिजवान मसरुपर ने कौसर सम्भली के फन और शायरी पर रौशनी डालते हुए उन्हें जिंदादिल इंसान और बेहतरीन शायर करार दिया। शेख वकार रूमानी, डा. शफीकउर रहमान बरकाती, सुल्तान मोहम्मद खान कलीम और इंतिखाब सम्भली ने कौसर सम्भली को सपास-नामा और ऐजाजात से नवाजा। महफिल में शेख वकार रूमानी, सुल्तान मोहम्मद खान कलीम, मुजम्मिल खान मुजम्मिल सम्भली,सैयद हुसैन अफसर, राज शादानी मुरादाबादी, नसीम मुरादाबादी, फरमान हुसैन अब्बासी, सुल्तान संभली, सुल्तान अजहर मुरादाबादी, जमशेद बरकाती, अनस दुर्रानी, नाजिम रजा मुरादाबादी, एम. मशकूर साजिद, वसीम ओझारवी, हसन मुरादाबादी, हसन मल्कपुरी जैसे बाकमाल शायरों ने अपना मुन्तखब कलाम पेश किया, जिन्हें सामईन ने खूब सराहा और दाद-ओ-तहसीन से नवाजा। जश्न की एक रस्म सादिक एडवोकेट के हाथों शमा रौशन कराकर की गई, जिसने महफिल की रिवायती खूबसूरती को दोगुना कर दिया। मुशायरे में साजिद अली खान, बब्बू खान, कदीर जाफर और हैदर जाफर, रिजवान अहमद, नसीम उर रहमान, मास्टर साहब समेत अन्य गणमान्य हस्तियों ने भी शिरकत की, जिससे प्रोग्राम की वकअत में और इजाफा हुआ। मुशायरे की सदारत सैयद हुसैन अफसर ने और निजामत के हकीम बुरहान सम्भली ने की।



# किसी कीमत पर नहीं लगने देंगे स्मार्ट मीटर

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** भाकियू असली अराजनैतिक की पंचायत में बिजली और व फसलों के लिए खाद की उपलब्धता का मामला छाया रहा।

ग्राम सैफ खां सराय स्थिति बैंक्टहाल में आयोजित पंचायत में पश्चिमी उत्तर प्रदेश चौधरी ने कहा कि सम्भल में किसी भी कीमत पर स्मार्ट मीटर नहीं लगने देंगे। चाहें इसके लिए किसानों को कोई भी कुर्बानी देनी पडे प्रदेश प्रवक्ता जयवीर सिंह यादव ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत अधूरी पड़ी टंकी व पाइपलाइन के कार्यों को तोड़ी गई सड़कों के मरम्मत का मुद्दा भाकियू असली ने बहुत समय से प्रमुखता से उठा रही थी कल मुख्यमंत्री जी द्वारा इस मांग को मानने का ऐलान करना भाकियू असली की बड़ी जीत है। जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह यादव ने कहा कि यदि जनपद में खाद की भरपूर उपलब्धता नहीं की गई तो भाकियू असली बड़ा आन्दोलन करेगी किसानों को कोई भी परेशानी नहीं होनें नहीं दी जाएगी। पंचायत में फसलों की सिंचाई के लिए शासनादेश अनुसार 10 घंटे बिजली देने की भी मांग की गई आज की पंचायत की अध्यक्षता अल्ताफ हुसैन वह संचालन दिलशाद हुसैन ने किया। पंचायत में मुख्य रूप से अनीश, हाजी महबूब अली, साहारजा, राहिल,राहिद, इरफान, अताउल्लाह, फाजिल, मुनाजिर, बाबू, नवाब सिंह यादव, यूसुफ हाजी, तस्लीम, मीरहसन, हफीज, हबीब आदि लोग उपस्थित रहे।



सम्भल- ग्राम सैफ खां सराय में भाकियू असली की बैठक मं बोलते।

# उर्दू साहित्य में मील का पत्थर साबित होगी मुनव्वर ताबिश की कोशिश

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** बज़्म-ए-अब्र की ओर से हर महीने सहाब-ए-सुखन अल्लामा अब्र अहसनी गुन्नौरी के मिसरा-ए-तरह पर गरिमामय तरही मुशायरे आयोजित किये जाते रहे हैं। जिसमें शहर और बाहर के शायरों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस साहित्यिक सिलसिले के एक वर्ष पूर्ण होने पर इसके चयनित कलाम और शायरों के परिचय पर आधारित पुस्तक प्रकाशित की गई।

मंडी किशन दास सराय स्थित कौसैन मुनव्वर के निवास पर आयोजित विमोचन समारोह में शहर की प्रतिष्ठित हस्तियों, साहित्यकारों, शायरों, शिक्षकों और साहित्य-प्रेमियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत हकीम माजिद ने पवित्र किताब के पाठ से की, जबकि आसी हसन पुरी ने बारगाह- ए-रिसालत में नात पेश की। इसके बाद बज्म-ए-अब्र के उद्देश्यों और गतिविधियों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. आबिद हुसैन हैदरी ने कहा कि सम्भल की धरती हमेशा से ज्ञान और साहित्यिक गतिविधियों का केंद्र रही है और यहां से कई महत्वपूर्ण पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। लेकिन बज्म-ए-अब्र की यह प्रस्तुति अपनी प्रकृति में बेहद विशिष्ट और महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक न केवल एक वर्ष की साहित्यिक यात्रा का प्रतिबिंब है, बल्कि इसमें शामिल शायरों का परिचय और उनका चयनित कलाम नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शन का स्रोत भी बनेगा। डा. मुनव्वर ताबिश ने इस पुस्तक को अत्यंत गंभीरता और कुशलता के साथ संपादित किया है, जो उर्दू साहित्य में एक मील का पत्थर साबित होगी। अंत में पुस्तक का लोकार्पण जमीर सालकी अदीबी, शकील साबरी, डा. नफीस अहमद, सै. हुसैन अफसर, सुल्तान मोहम्मद खान कलीम, शाह हुसैन आरिफ, जियाउस सहर रज्जाकी, शफीकुर्रहमान, जियाउर रहमान, सुहैल चमन, ताहिर सलामी, डा. शाकिर हुसैन इस्लाही, निजाम नौशाही और ताहिर हुसैन ताहिर डा. नाजिम ने किया।



**सम्बंध-विच्छेद**

मैं अपने पुत्र मौ. सुल्तान के रोजाना के तकाज़ों से तंग आ चुकी हूँ। समझाने पर भी मेरा पुत्र मौ. सुल्तान नहीं मानता है। इसलिए मैने अपने पुत्र मौ. सुल्तान से अपने सम्बंध विच्छेद कर लिये हैं और मौ. सुल्तान व उसकी पत्नी को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरा पुत्र अपने किसी भी कृत्य लेन-देन का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**नसीरन पत्नी वाहिद**
नि. ग्राम सलारपुर कलां थाना नखासा तह. व जिला सम्भल।

खबरे छुपाता नही, छापता है।
शाह टाइम्स
Mob. 9837240139
नगर पालिका गेट के ऊपर तहसील रोड सम्भल

# खुशहालपुर के नाले में मिला युवक का शव, इलाके में फैली सनसनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** थाना मझोला क्षेत्र के खुशहालपुर इलाके में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब स्थानीय लोगों ने नाले में एक युवक का शव पड़ा देखा। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई।पुलिस ने मौके का निरीक्षण करते हुए शव को नाले से बाहर निकलवाया और आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू की। प्रारंभिक जांच में युवक की पहचान नहीं हो सकी, जिसके चलते पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने के प्रयास तेज कर दिए हैं। आसपास के थानों को भी सूचना भेजी गई है, ताकि लापता व्यक्तियों के आधार पर पहचान की जा सके। घटनास्थल पर



मौजूद पुलिस अधिकारियों ने बताया कि, मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।इसके साथ ही पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है, ताकि युवक की पहचान और घटना के कारणों का पता लगाया जा सके। स्थानीय लोगों से भी किसी संदिग्ध गति. विधि की जानकारी देने की अपील की गई है।पुलिस का कहना है कि हर पहलू को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। फिलहाल युवक की पहचान और मौत के कारणों को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं, जिससे इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है।

# परिषदीय विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक सभी क्लास में एनसीईआरटी की किताबें लागू करने की तैयारी

**कांठ ( शाह टाइम्स )**प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में 2027-28 सत्र से कक्षा एक से आठ तक सभी क्लास में एनसीईआरटी की किताबें लागू करने की तैयारी है। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) ने इसके लिए अभी से तैयारी शुरू कर दी है। अभी कक्षा 1 से 4 तक एनसीईआरटी की किताबें चल रही हैं।राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत देश भर में एक जैसे पाठ्यक्रम व क्षेत्रीय भाषाओं में पठन-पाठन पर जोर दिया जा रहा है। इस क्रम में उत्तर प्रदेश में कक्षा 9 से 12 तक एनसीईआरटी का पाठ्यक्रम पहले से चल रहा है। जबकि पिछले दो साल में कक्षा एक-दो और तीन-चार में एनसीईआरटी की किताबें लागू की गई हैं। अब बचे हुए चार क्लास में भी इसे प्रभावी बनाने की तैयारी तेज हो गई है। इसके लिए एससीईआरटी ने कक्षा चार से आठ तक की किताबों के कस्टमाइजेशन का काम शुरू कर दिया गया है। इसमें स्थानीय जरूरतों व चीजों को जोड़ा जाएगा। इसके बाद एनसीईआरटी से अप्रूव कराकर लागू किया जाएगा।

एससीईआरटी के निदेशक गणेश कुमार के मुताबिक समय से किताबों को उपलब्ध कराने के लिए संस्थान की ओर से अभी से तैयारी शुरू कर दी गई है। सब ठीक रहा तो नए सत्र से बची हुई चार कक्षाओं में भी एनसीईआरटी पाठ्यक्रम लागू कर दिया जाएगा। वहीं, दूसरी तरफ एससीईआरटी की ओर से शिक्षकों के लेक्चर भी ऑनलाइन रिकॉर्ड कराए जा रहे हैं। छात्रों को डिजिटल कंटेंट भी उपलब्ध कराया जाएगा।

## एक नजर

### वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी ने थाने का किया निरीक्षण



**कुंदरकी।** जिले में पुलिस प्रशिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से रविवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी बिलारी ने थाना कुंदरकी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रिक्रूट आरक्षियों की गोष्ठी आयोजित कर उनके प्रशिक्षण कार्यों की समीक्षा की। गोष्ठी के दौरान क्षेत्राधिकारी ने रिक्रूट सिपाहियों से प्रशिक्षण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और उनकी प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने प्रशिक्षण रजिस्टरों का अवलोकन कर उसमें दर्ज प्रविष्टियों की जांच की तथा आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान अनुशासन, समयपालन और व्यवहारिक दक्षता पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि भविष्य में पुलिसकर्मी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन बेहतर तरीके से कर सकें। साथ ही उन्होंने कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता और सतर्कता बनाए रखने की भी हिदायत दी। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि प्रशिक्षण व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और समय-समय पर निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की जाती रहेगी।

### दाखिल खारिज के बाद खतौनी से हटवाया नाम मामला दर्ज

**कांठ ( शाह टाइम्स )** दाखिल खारिज होने के बाद अदालत को गुमराह करके खरीदार का नाम खतौनी से गायब कर दिया पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है मुरादाबाद निवासी बलराम सैनी ने फतेह सिंह पुत्र खूब सिंह निवासी लालापुर पीपलसाना से रफायतपुर के रकवे में उसके पूरे बगदार भाग का कृषि बैनामा कराया था जिसकी रकम चेक द्वारा अदा कर दी गई उक्त भूमि का दाखिल खारिज भी हो गया इसके बाद फतेह की नियत में खोट आ गया और उसने नायब तहसीलदार के न्यायालय में झूठा प्रार्थना पत्र देकर जमीन का पूरा पैसा नहीं देने का आरोप लगाते हुए खतौनी से नाम निरस्त करा दिया। पीड़ित ने इस मामले को लेकर अपनी कार्रवाई शुरू की तहसील जाकर खतौनी निकलवाई तो उसमें उसका नाम नहीं था बल्कि फतेह सिंह का नाम ही चढ़ा हुआ मिला पीड़ित थाने पहुंचा और आरोपी पर धोखाधड़ी करने का मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग की पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### माता-पिता काम से बाहर गए लड़की घर से फरार

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** माता-पिता के घर से बाहर निकलते ही लड़की भी मौका देखकर फरार हो गई पीड़ित ने पुलिस में प्रार्थना पत्र देकर लड़की बरामद करने की गुहार लगाई है।

थाना कांठ के निकटतम गांव निवासी ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर कहा कि वह और उसकी पत्नी काम की वजह से बाहर गए थे 3 मई को शाम 4:00 बजे उसकी नाबालिग पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति फुसलाकर ले गया काफी तलाश करने के बाद भी पता नहीं चला तो पीड़ित थाने पहुंचा और लड़की बरामद करने की गुहार लगाई पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश शुरू की है।

### क्षत्रिय महासभा 9 मई को मनाएगी महाराणा प्रताप का जन्म दिवस

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती 9 मई को मनाएगी उक्त जानक. ारी राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अनिल चौहान ने दी उन्होंने बताया कि इस अवसर पर दोपहर 2:00 बजे बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में एक कार्यक्रम का आयोजन होगा जिसमें महाराणा प्रताप के बारे में लोगों को बताते हुए जयंती मनाई जाएगी।

# अध्यक्ष, महासचिव समेत सभी पदों के लिए नामांकन दाखिल

**मुरादाबाद।** जिला बार एसोसिएशन मुरादाबाद के वार्षिक चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया संपन्न हो गई। विभिन्न पदों के लिए अधिवक्ताओं ने नामांकन पत्र दाखिल किए।अध्यक्ष पद के लिए सोमपाल सिंह व अनिल पाल सिंह ने नामांकन भरा। इस पद पर एक सीट है। महासचिव पद हेतु गोपाल कृष्ण और हर स्वरूप सिंह ने नामांकन दाखिल किया। यह पद भी एक है। कोषाध्यक्ष पद के लिए पूनम पाल व माधुरी ने नामांकन पत्र जमा किए। कोषाध्यक्ष का भी एक पद है।उपाध्यक्ष के तीन पदों के लिए चार उम्मीदवारों ने नामांकन किया। इनमें ध्रुव कुमार सक्सेना, नीरज कुमार पाठक, अनुप भारती व अशोक कुमार शामिल हैं। संयुक्त सचिव के तीन पदों के लिए अभिषेक भारद्वाज, दीपांकर शर्मा, गुंजन सक्सेना व अनिल कुमार ने पर्चा भरा।सदस्य कार्यकारिणी के 12 पदों के लिए 14 अधिवक्ताओं ने नामांकन किया। नामांकन करने वालों में रवि कुमार वर्मा, देश बंधु, सत्यपाल सिंह, सीमा सक्सेना, गुंजन गुप्ता, दरबारी सिंह, वीरेंद्र कुमार चौहान, गुलफशा, अनुराधा सिंह, रविता चौधरी, रंजीत सिंह, राहुल कुमार, अजय कुमार और नितिन कुमार शामिल हैं।नामांकन प्रक्रिया के दौरान एल्डर कमेटी के चेयरमैन फारूक अहमद निजामी, कार्यवाहक चेयरमैन ललित अरोड़ा, सदस्य रमाशंकर टंडन, सत्य प्रकाश भटनागर के अतिरिक्त निवर्तमान अध्यक्ष हर प्रसाद, महामंत्री सरदार प्रकाश वीर सिंह, डीजीसी सिविल अजय कुमार गुप्ता आदि ने सहयोग प्रदान किया।

# एससी-एसटी अधिवक्ताओं को सरकारी वकील पद पर नियुक्ति न मिलने पर ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** डॉ. अम्बेडकर अधिवक्ता कल्याण परिषद, मुरादाबाद ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा। ज्ञापन में जनपद मुरादाबाद के किसी भी न्यायालय में लंबे समय से अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग से एक भी अधिवक्ता को सरकारी वकील/शासकीय अधिवक्ता के पद पर नियुक्त न किए जाने पर आपत्ति जताई गई। परिषद ने ज्ञापन में कहा कि भारतीय संविधान का अनुच्छेद 16(4) राज्य को सरक. ारी सेवाओं में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्गों के नागरिकों के लिए आरक्षण का प्रावधान करने की शक्ति देता है, यदि सरकारी सेवाओं में उनका पर्याप्त प्रति.



निधित्व नहीं है। साथ ही अनुच्छेद 16(1) एवं 16(2) सार्वजनिक रोजगार में समान अवसर की गारंटी देता है और जाति के आधार पर भेदभाव को प्रतिबंधित करता है। ज्ञापन में कहा गया कि जनपद मुरादाबाद की अदालतों में अनुसूि. चत जाति एवं अनुसूचित जनजाति के सरकारी अधिवक्ताओं का प्रतिनिधित्व न होना संविधान की मंशा एवं अनुच्छेद 16 के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है। डॉ. अम्बेडकर अधिवक्ता कल्याण परिषद ने मुख्यमंत्री से मांग की कि जनपद मुरादाबाद की समस्त अदालतों में शासकीय अधिवक्ताओं की आगामी नियुक्तियों में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के योग्य अधिवक्ताओं को पर्याप्त प्रति. निधित्व के आधार पर नियुक्त करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं।

ज्ञापन देने वालो में मुख्य रूप से शिव कुमार गौतम एडवोकेट, हरस्वरूप सिंह, तारा सिंह, ईश्वर चन्द्र एडवोकेट, आदि के हस्ताक्षर थे।

# भाजपा की जीत पर व्यापारियों ने मनाया जश्न, बांटी मिठाइयां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** संयुक्त व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में सोमवार को बर्तन बाजार में भाजपा की तीन राज्यों में प्रचंड जीत की खुशी में व्यापारियों ने जोरदार जश्न मनाया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल जोनी और प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता ने किया,इस दौरान बाजार में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला और व्यापारियों में खासा उत्साह नजर आया,जश्न के दौरान व्यापारियों ने राहगीरों को 21 किलोग्राम मिठाइयां बाटी खिलाकर खुशी साझा की,एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी गई और "मोदी, योगी, अमित शाह जिंदाबाद" के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। कुछ व्यापारियों ने हाथों में गदा लेकर अपनी खुशी का अनोखे अंदाज में इजहार किया, जो आकर्षण का केंद्र बना रहा,इस



अवसर पर प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता ने कहा कि भाजपा की यह जीत ऐतिहासिक है और विशेष रूप से बंगाल की जीत को बेहद अहम बताया। उन्होंने कहा कि यह परिणाम जनता के विश्वास और विकास की राजनीति की जीत है। उन्होंने आरोप लगाया कि बंगाल में ममता बनर्जी के कुशासन का अंत हो गया है और अब वहां कानून व्यवस्था मजबूत होगी। साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा के नेतृत्व में प्रदेश में बेहतर शासन व्यवस्था स्थापित होगी,सभी ने एकजुट होकर इस जीत का जश्न मनाया और भविष्य में भी इसी तरह विकास के लिए कार्य करने की बात कही। कार्यक्र में सुनील अग्रवाल, दीपक कत्याल,मूलचंद चौहान, मोहित खन्ना, संजय सहगल, अरुण कुमार रस्तोगी, दीपक कत्याल,संजीव खन्ना, शिवम गुप्ता,संजय, प्रियम गुप्ता,दिव्यांशु ,आशीष अग्रवाल, पवन अग्रवाल ,सतीश कपूर,सुरेश श्रीवास्तब सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# खंबे हटाने शुरू होने से चौडीकरण के जल्द पूर्ण होने की उम्मीद

**कांठ( शाह टाइम्स )** सड़क किनारे खड़े बेकार खंभे हटाने शुरू होने से अब नगर में मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण का काम पूरा होने की उम्मीद जग गई है।

बतादे की कई महीनो से नगर में चल रहे मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण का काम रुका हुआ था ठेकेदार ने बिना खंबे हटाए ही कुछ जगह पर सड़क का काम पूर्ण कर दिया लेकिन खम्बो के कारण इंटरलॉकिंग का काम नहीं हो पाया और काफी बड़े एरिया में चौड़ीकरण का काम भी रुक गया। लेकिन आज संबंधित विभाग द्वारा खंबे हटाने का काम शुरू कर दिया गया।

थाने से थोड़ा आगे सड़क में काफी अंदर खड़े हुए खंबे को आज हटाया गया जिससे अब इस मार्ग के चौड़ीकरण के जल्द ही पूर्ण होने की उम्मीद जग गई है। और खंबे हटाने के बाद अब इंटरलॉकिंग का काम भी पूरा होने की संभावना बढ़ गई है।




# बेमौसम आंधी-बारिश से ईंट भट्टा उद्योग को भारी नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** बीते दिनों आई तेज आंधी और बेमौसम बारिश ने क्षेत्र के ईंट भट्टा संचालकों को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचाया है। मई माह ईंट निर्माण के लिए सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है, जब बड़ी मात्रा में कच्ची ईंटें तैयार कर उनका स्टॉक किया जाता है और भट्टों में भराई भी होती है। पिछले करीब दस दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी के बीच ईंट निर्माण कार्य तेजी से चल रहा था, लेकिन अचानक मौसम ने करवट ले ली। तेज बारिश के कारण सांचों से तैयार की गई लाखों कच्ची ईंटें गलकर दोबारा मिट्टी में तब्दील हो गई। मेहनत से तैयार किया गया यह स्टॉक कुछ ही घंटों में बर्बाद हो गया, जिससे मजदूरों और भट्टा मालिकों दोनों को नुकसान उठाना पड़ा। ईंट निर्माण में लगे मजदूरों की कई दिनों की मेहनत पर भी पानी फिर गया। हालांकि इस बारिश से किसानों के चेहरे जरूर खिले हैं, लेकिन ईंट उद्योग से जुड़े लोगों के लिए यह आफत बनकर आई है। कच्ची ईंटें तैयार होने के बाद ही भट्टा मालिक के खाते में जुड़ती हैं, ऐसे में इस नुकसान ने उनकी आर्थिक स्थिति पर गहरा असर डाला है।

# घरों में छोटी दुकान चलाने वालों को मिल सकती है कामर्शियल कनेक्शन से राहत

**कांठ ( शाह टाइम्स )** घर में छोटी दुकान चलाने वालों को अलग से कॉमर्शियल बिजली कनेक्शन लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी। नई बिजली टैरिफ नीति में इस तरह के उपभोक्ताओं के लिए नई श्रेणी का प्रावधान किया जा सकता है। इससे प्रदेश के लगभग 35 लाख बिजली उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। राज्य विद्युत नियामक आयोग इस दिशा में गंभीरता से विचार कर रहा है।

प्रदेश में करीब 3.5 करोड़ बिजली उपभोक्ता हैं। इसमें से लगभग 2.94 करोड़ घरेलू कनेक्शनधारी हैं। इनमें बड़ी संख्या (करीब 35 लाख) ऐसे लोगों की है, जो अपने घरों में किराना, स्टेशनरी, सब्जी या अन्य छोटे व्यवसाय संचालित करते हैं।

वर्तमान व्यवस्था के तहत, इन दुकानों के लिए अलग से कॉमर्शियल कनेक्शन लेना अनिवार्य है। ऐसा न करने पर बिजली चोरी के आरोप में कार्रवाई होती है।प्रस्तावित नई टैरिफ नीति के तहत ऐसे छोटे दुकानदारों के लिए अलग श्रेणी निर्धारित की जा सकती है। उदाहरण के तौर पर जो उपभोक्ता 300 यूनिट तक बिजली खर्च करते हैं, उनसे घरेलू दरों पर ही शुल्क लिया जा सकता है। साथ ही नए कनेक्शन लेने वालों के लिए भी कुछ रियायत देने पर विचार किया जा रहा है।

अभी घरेलू कनेक्शन पर बिजली की दर लगभग 4 से 5 रुपये प्रति यूनिट है, जबकि कॉमर्शियल कनेक्शन के लिए यह दर करीब 8 रुपये प्रति यूनिट तक पहुंच जाती है। इसके अलावा न्यूनतम अधिभार शुल्क भी लगभग 500 रुपये होता है। यदि अलग कनेक्शन की अनिवार्यता समाप्त होती है, तो छोटे दुकानदार जो केवल बल्ब और पंखे जैसी सीमित बिजली उपकरणों का उपयोग करते हैं

# टीएमयू में एक्सपर्ट ने नर्सों को दिए बर्नआउट से उबरने के टिप्स

- तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ नर्सिंग की ओर से क्रिएटिंग रेसीलेंट सस्टेनेबल, ऐसेसेबल हेल्थकेयर फॉर ऑल-ए नर्सिंग पर्सपेक्टिव पर एक्सपर्ट टॉक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** फ्लोरेंस नाइटिंगेल कॉलेज ऑफ नर्सिंग, नई दिल्ली की सीनियर फैकल्टी डॉ. हिमालयानी शर्मा ने पीयर सपोर्ट, रेस्पॉन्स, प्रीपेयर्डनेस, रिकवरी, एकसेप्टेंस, विलीफ, कमिटमेंट, डिस्कवरी, इवेल्यूऐट, इंजॉय, सेल्फ लव, रेसीसटेंस, सस्टेनेबिलिटी, ऐसेसेबिलिटी, प्रोफेशनल डवलपमेंट, कोलाब. ेरेशन लर्निंग सरीखे शब्दों की गहनता से व्याख्या करते हुए नर्सों से जीवन में इन्हें आत्मसात करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा, जैसा हम सोचते हैं, वैसा ही हम करते हैं। सच तो यह है, हमारे मस्तिष्क में थिंकिंग की असीम क्षमताएं हैं। पॉजिटिव सोचते है, तो पॉजिटिव करते हैं, नेगेटिव सोचते हैं, तो नेगेटिव करते हैं। उन्होंने कहा, नर्सों को स्ट्रेस से बचने के लिए मेडिटेशन, योग, हेल्दी फूड, पॉजिटिव थिंकिंग को अपनाना चाहिए। साथ ही कहा, अपने कार्य पर फोकस बनाए रखें, कभी भी हार नहीं मानें। टीबी उन्मूलन पर बोलते हुए कहा, जैसे हमने पोलियो मुक्त राष्ट्र बनाया है वैसे



ही हम अपने सार्थक प्रयासों से टीबी मुक्त राष्ट्र बना सकते हैं।

डॉ. शर्मा तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ नर्सिंग की ओर से क्रिएटिंग रेसीलेंट, सस्टेनेबल, ऐसेसेबल हेल्थकेयर फॉर ऑल- ए नर्सिंग पर्सपेक्टिव पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थीं। इससे पूर्व मुख्य अतिथि डॉ. हिमालयानी शर्मा, फैकल्टी ऑफ नर्सिंग की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी, प्रिंसिपल प्रो. जेसलीन एम., वाइस प्रिंसिपल प्रो. रामनिवास आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके एक्सपर्ट टॉक का शुभारम्भ किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि को बुके और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। फैकल्टी ऑफ नर्सिंग की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी ने उम्मीद जताई, यह एक्सपर्ट टॉक नर्सिंग स्टुडेंट्स के लिए मील का पत्थर साबित होगी। प्रिंसिपल प्रो. जेसलीन एम. ने एक्सपर्ट टॉक की थीम पर विस्तार से प्रकाश डाला।

टॉक में डॉ. शालिनी जोशी, डॉ. मनोरंजनी जे., श्री रितिक सैनी के संग-संग पोस्टबेसिक बीएससी नर्सिंग के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। संचालन फैकल्टी सुश्री आरती चौधरी ने किया।


## नाम परिवर्तन सूचना

मेरा पुराना नाम रिजवान अली (RIZVAN ALI) था। अब मैने अपना नाम **रिजवान अली (RIZWAN ALI)** रख लिया है। अब भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाएं।

**रिजवान अली (RIZWAN ALI)** पुत्र श्री **अमजद अली (AMZAD ALI)**, निवासी-03 पैमपुर, पोस्ट कैमरी, थाना भोट, तहसील सदर जिला रामपुर, उ.प्र.।

## संबंध विच्छेद सूचना

हमारे पुत्र रोहित कुमार व पुत्रवधू अंजू रानी गलत संगत में पड़ गए हैं। उनके किसी भी प्रकार के अपराधिक कृत्य है वह गैर कानूनी कृत्य से हमारा व हमारे परिवार का कोई संबंध नहीं होगा। इसलिए हम दोनों को अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं।

**सुरेंद्र कुमार पुत्र वीरेंद्र कुमार, आशा रानी पत्नी सुरेंद्र कुमार निवासी मोहल्ला बंदूकचियान धामपुर जिला बिजनौर।**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू०डि० ) महोदय मुरादाबाद।**
**तारीख पेशी:** 15.05.2026
**उत्तरा० वाद सं०:**191 सन् 2025
**मेघना शर्मा आदि बनाम जनता आम**

1. मेघना शर्मा आयु लगभग 41 वर्ष पत्नी स्व. श्री अभिषेक आनन्द शर्मा निवासी मकान नं0-ई-41, वेव ग्रीन, वेव मॉल के पास, एमडीए रामगंगा विहार फेस-2 मुरादाबाद, 2. कु. भव्या गौड़ आयु लगभग 14 वर्ष पुत्री स्व. अभिषेक आनन्द शर्मा, 3. अर्जुन आनन्द गौड़ आयु लगभग 12 वर्ष पुत्र स्व. अभिषेक आनन्द शर्मा (नाबालिगान अपनी सगी माता प्रार्थनी सं. 1 की संरक्षिता में)-**वादीगण।**

**बनाम**

**जनता आम-विपक्षी।**

इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (जू.डि.) मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा मेघना शर्मा हुसूल सार्टीफिकेट बसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा मेघना शर्मा मुसबफा बागेश्वरी शर्मा अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1887 ई. बकत रू.87498/- हरगाह मुसम्मा मेघना शर्मा ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 15 मास 05 सन् 2026 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहाजा और इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तबत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या बकालतन बक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (जू.डि.) महोदय मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें।

दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज ( जू०डि० ), मुरादाबाद।**

# बंगाल में ममता का पतन, भाजपा की जीत को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर से लेकर देहात तक आतिशबाजी छोड़ मिठाई बांटकर बनाया जश्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** पश्चिम बंगाल, असम व पांडिचेरी में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर ठाकुरद्वारा में जश्न तो खूब हुआ, लेकिन यह जश्न एकजुटता से ज्यादा बंटवारे की कहानी कहता नजर आया। बंगाल में हिटलर ममता की हार और भाजपा की जीत को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर से लेकर देहात क्षेत्र में जमकर आतिशबाजी छोड़ते हुए मिठाई का वितरण कर जमकर जश्न मनाया। नगर में देहात क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता भारी संख्या में ठाकुरद्वारा मुरादाबाद काशीपुर मार्ग स्थित तिकोनिया चौराहा पर एकत्र हुए हाथ में झंडा लहराते हुए आतिशबाजी छोड़ी गई और मिठाई का वितरण हुआ उसके बाद कार्यकर्ता दो खेमा में नजर आए। इसी दौरान दोनों गुटो के भाजपा कार्यकर्ता कोतवाली के गेट पर पहुंचे जहां सब एक दूसरे को मिठाई वितरण कर खुशी-का इजहार किया तो दूसरी तरफ दूसरे खेमे के भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी छोड़ एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का इजहार किया। दोनों और कोतवाली के सामने मिठाई और आतिशबाजी के बीच खुशी का माहौल जरूर दिखा, मगर भीतर ही भीतर संगठन की दरारें भी साफ झलक गईं। कहने को जीत "ऐतिहा. सिक" थी, लेकिन ठाकुरद्वारा में इसका जश्न "दो अध्यायों" में लिखा गया। एक ओर ठाकुर अजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में समर्थकों ने जुलूस निकालकर और मिठाई बांटकर अपनी ताकत का प्रदर्शन किया, तो दूसरी ओर पूर्व जिला अध्यक्ष राजपाल चौहान के पुत्र अमित चौहान ने अपने अलग समर्थक समूह के साथ समानांतर कार्यक्रम कर यह संदेश दे दिया कि पार्टी के भीतर तालमेल से ज्यादा ताकत की होड़ चल रही है। सबसे दिलचस्प यह रहा कि जिस जीत को "डबल इंजन सरकार" और "एकजुट नेतृत्व" की देन बताया जा रहा है, उसी के जश्न में स्थानीय स्तर पर इंजन अलग-अलग दिशा में दौड़ते नजर आए। सामूहिक




कार्यक्रम की बजाय अलग-अलग मंचों पर उत्सव मनाया जाना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। लोग इसे "जश्न से ज्यादा शक्ति प्रदर्शन" के तौर पर देख रहे हैं। कार्यकर्ताओं ने मंचों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और पार्टी नेतृत्व की नीतियों को जीत का श्रेय देते हुए विकास, सुशासन और महिला सुरक्षा की बात कही। साथ ही बंगाल में तुष्टिकरण, कानून-व्यवस्था और अवैध घुसपैठ जैसे मुद्दों पर जनता के फैसले को भाजपा के पक्ष में जनादेश बताया गया। कार्यक्रमों में जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान, अमित चौहान, डॉ. ओमपाल सैनी, कमलेश कुमार, दीपक वाल्मीकि, दिनेश प्रजापति, मनोज चौहान, आशुतोष अग्रवाल, संजीव चौहान, धर्मेंद्र पाल, प्रदीप पाल, पवन पुष्पद, , पंकज गुप्ता, सुधीर नायक, गौरव वर्मा ,डॉ. आफताब हाशमी, इकराम कुरैशी, फैज कुरैशी, हेमेंद्र प्रताप सिंह, नागेंद्र लंबा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। फिलहाल, बंगाल की जीत का उत्साह जितना जोरदार दिखा, उससे कहीं ज्यादा चर्चा भाजपा की स्थानीय गुटबाजी को लेकर हो रही है। अब सवाल यही उठ रहा है कि जब जीत का जश्न भी साथ नहीं मन पा रहा, तो आने वाले समय में संगठन की "एकजुटता" कितनी मजबूती से कायम रह पाएगी।

हालांकि डिलारी , रतुपुरा सूर. जननगर ,गोपी वाला ,निर्मलपुर, शरीफ नगर , फैजुल्लागंज, रामनगर, खागूवाला, आदि क्षेत्रों में जीत परचम लहराया गया।

## श्री सिद्धबली गुरुजी सेवा संस्थान पर भंडारे का हुआ आयोजन



**कांठ( शाह टाइम्स )** जेठ माह के पहले मंगलवार को श्री सिद्धबली गुरु जी सेवा संस्थान पर सामूहिक हनुमान चाली. सा एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा उक्त जानकारी सिद्धबली गुरु जी सेवा संस्थान के संस्थापक गुरु अरविंद ने दी उन्होंने बताया कि जेठ माह का पहला मंगल बड़ा मंगल माना जाता है और इसकी अलग ही महत्ता होती है इसलिए पहले मंगलवार को दोपहर 12:00 बजे सामूहिक श्री हनुमान चालीसा का पाठ होगा और उसके बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा यह सभी कार्यक्रम एमआईटी कॉलेज के पास स्थित संस्थान पर होंगे उन्होंने क्षेत्र के लोगों से इस पावन अवसर पर मौजूद रहकर धर्म लाभ उठाए जाने का आह्वान किया है।

## एक नजर

### हजरत शेख सलाउद्दीन के उर्स में उमड़ा जनसैलाब, विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने की चादरपोशी



**बिलारी।** क्षेत्र के गांव तिसावा चांदपुर के जंगल में स्थित हजरत शेख सलाउद्दीन की दरगाह पर सोमवार को सालाना उर्स बड़े ही अकीदत के साथ शुरू हुआ। दूर-दराज से पहुंचे हजारों अकीदतमंदों ने दरगाह पर हाजिरी लगाई और दुआओं में हिस्सा लिया। उर्स के दौरान मुल्क और मिल्लत की तरक्की, अमन-चौन और खुशहाली के लिए विशेष दुआ की गई। दरगाह परिसर में पूरे दिन रौनक बनी रही और अकीदतमंदों का तांता लगा रहा। इस मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने चादरपोशी कर उर्स का आगाज किया और लोगों को अमन, भाईचारे और एकता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सूफी संतों की दरगाहें हमेशा इंसानियत और मोहब्बत का पैगाम देती हैं, जहां हर धर्म और वर्ग के लोग एक साथ आकर दुआ करते हैं। विधायक ने यह भी बताया कि उनके वालिद मरहूम विधायक हाजी मोहम्मद इरफान द्वारा दरगाह के सौंदर्यकरण का कार्य कराया गया था, और आगे भी दरगाह के विकास के लिए हर संभव प्रयास जारी रहेंगे। इस दौरान सज्जादानशीन खलील प्रधान, मुजीब पाशा, सद्दाम सैफी, फिरोज, वसीम, आसिफ, नासिर, हारून, शाहिद पहलवान, मुकीम पहलवान, फकीर बाबा, इरशाद पहलवान, सोहेल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### सुरजन नगर मे लाइनमैन की मौत पर फूटा आक्रोश

**सुरजन नगर।** चौकी क्षेत्र के बीते दिन रविवार को एक ऐसा दर्दनाक और हृदयविदारक हादसा सामने आया, जिसने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है और बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। यहाँ 11,000 वोल्ट की हाईटेंशन लाइन पर मरम्मत का कार्य कर रहे एक निष्ठावान संविदा लाइनमैन सर्वेश कुमार उर्फ छोटू, पुत्र शिव कुमार, की करंट की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई थी । घटना के संबंध में प्राप्त विवरण के अनुसार, सर्वेश रविवार को रामपुर घोघर लाइन पर आई तकनीकी खराबी को ठीक करने के लिए खंभे पर चढ़ा था और नियमानुसार कार्य शुरू करने से पहले सुरजन नगर बिजली घर से बाकायदा शटडाउन लिया गया था, लेकिन बिजली घर के कर्मचारियों की घोर लापरवाही के चलते बिना किसी पूर्व सूचना के अचानक लाइन चालू कर दी गई, जिससे सर्वेश करंट की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस दुखद घटना के बाद सोमवार को जब मृतक का पार्थिव शरीर पोस्टमार्टम के पश्चात उसके पैतृक निवास सुरजन नगर पहुँचा, तो पूरे गाँव में मातम छा गया और परिजनों के चीत्कार से उपस्थित हर व्यक्ति की आँखें नम हो गईं। मृतक के वारिसों को 10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि प्रदान की जाएगी और परिवार के एक योग्य सदस्य को शैक्षिक योग्यता के आधार पर विभाग में संविदा पर नौकरी देने की प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी। एसडीओ ने यह भी लिखित भरोसा दिया कि शटडाउन के बावजूद लाइन चालू करने वाले दोषियों के विरुद्ध सख्त विभागीय और कानूनी कार्यवाही की जाएगी, जिससे भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति न हो। वर्तमान में पुलिस प्रशासन और विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मामले की गहनता से जांच कर रहे हैं, ताकि पीड़ित परिवार को पूर्ण न्याय मिल सके और दोषियों को उनके किए की सजा दी जा सके।

### जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप एसडीएम से की कार्रवाई की मांग

**ठाकुरद्वारा।** तहसील क्षेत्र के ग्राम खे रुल्लापुर निवासी एक व्यक्ति ने अपनी कृषि भूमि पर अवैध कब्जा किए जाने का आरोप लगाते हुए उपजिलाधिकारी से कार्रवाई की मांग की है।

प्रार्थी हरपाल सिंह पुत्र रामकुमार ने दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह ग्राम खेल्लापुर, तहसील ठाकुरद्वारा, जनपद मुरादाबाद का मूल निवासी है और वर्तमान में गाजियाबाद में रहता है। उसकी कृषि भूमि (गाटा संख्या 378, रकबा 0.5660 हेक्टेयर) का कुछ हिस्सा गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा कब्जा लिया गया है। आरोप है कि उक्त व्यक्ति ने 2 मई 2026 को प्रार्थी की जमीन पर लगभग 5 फीट चौड़ाई में सीमेंट के पिलर लगाकर अवैध कब्जा कर लिया। जब प्रार्थी मौके पर पहुंचा और विरोध किया, तो उसके साथ गाली-गलौज की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। प्रार्थी ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी व्यक्ति प्रभावशाली है, जिससे उसे न्याय मिलने में कठिनाई हो रही है। पीड़ित ने उपजिलाधिकारी से मामले की जांच कराकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। शिकायत के आधार पर प्रशासनिक स्तर पर जांच की संभावना जताई जा रही है।

### पचास किलो प्रतिबंधित मांस बरामद ठाकुरद्वारा का आरोपी फरार

**ठाकुरद्वारा।** उत्तराखंड काशीपुर गोवंश स्क्वॉड टीम ने काशीपुर ठाकुरद्वारा सीमा के अंतर्गत 50 किलो प्रतिबंधित मांस बरामद किया है, जबकि आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने फरार आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गोवंश स्क्वॉड के परिक्षेत्रीय चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक पंकज बेलवाल टीम के साथ आईटीआई थाना क्षेत्र में गश्त पर थे। इसी दौरान सूचना मिली कि काशीपुर ठाकुरद्वारा रोड पर स्थित सीमा क्षेत्र पर स्थित गुलड़िया गांव निवासी जरीफ पुत्र शकील अहमद व खाना ठाकुरद्वारा के गांव फरीदनगर निवासी सद्दाम पुत्र सकीर नदी किनारे जानवर को काटकर मांस बेचने की फिराक में हैं। सूचना पर टीम जब मौके पर पहुंची तो आरोपियों ने पुलिस को आता देख मांस से भरी पोटली छोड़कर फरार हो गए। तलाशी लेने पर मौके से करीब 50 किलो प्रतिबंधित मांस बरामद हुआ। पुलिस ने आसपास काफी तलाश की, लेकिन आरोपी हाथ नहीं लगे। मौके पर पशु चिकित्साधिकारी डॉ. मुकेश पांडे को बुलाकर मांस के नमूने लिए गए। इसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ गोवंश संरक्षण अधिनियम की धारा 3/5/11 के तहत मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### इंतजार खत्म, शिक्षामित्रों को आज मिलेगा बढ़ा हुआ वेतन

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** शिक्षामित्रों के मानदेय में वृद्धि के साथ अब उन्हें सम्मानित किया जाएगा। नॉलेज पार्क स्थित जीएनआईओटी कॉलेज में मंगलवार को जनपद के चारों ब्लॉक के 500 से अधिक शिक्षकों को बढ़ी हुई सैलरी का चेक दिया जाएगा। जनपद के सभी जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार ने बताया कि 18,000 प्रतिमाह मानदेय के साथ शिक्षामित्रों को इस प्रक्रिया से जोड़ा जाएगा। शिक्षामित्रों को पहचान और संबल देने का प्रयास होगा। शिक्षामित्रों को अप्रैल से ही बढ़े हुए मानदेय का लाभ मिलना शुरू हो चुका है और अब पांच मई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसकी औपचारिक शुरुआत गोरखपुर से करेंगे। परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षामित्रों के लिए लिया गया यह निर्णय लागू हो चुका है। कार्यक्रम में शिक्षक विधायक एमएलसी श्रीचंद्र शर्मा, दादरी विधायक तेजपाल नागर, जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह के साथ नोएडा विधायक पंकज सिंह शामिल होंगे। शिक्षामित्रों ने बताया कि वे लंबे समय से मानदेय बढ़ाने की मांग कर रहे थे, जिसे अब सरकार ने पूरा कर दिया है। उन्होंने 8 हजार रुपये की बढ़ोतरी से समस्याएं कम होंगी। शिक्षामित्रों ने बताया कि इस वृद्धि से उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और परिवार का भरण-पोषण आसान हो जाएगा।

## आंधी-बारिश से शहर में जलभराव मालवीय चौक पर छात्रों को हुई परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** रविवार रात आई तेज आंधी-तूफान और लगातार हुई बारिश ने शहर की व्यवस्था की पोल खोल दी। करीब दो घंटे तक हुई तेज व रिमझिम बारिश के कारण कई स्थानों पर जलभराव हो गया। सोमवार सुबह लोगों को ठंडी हवा के साथ राहत तो मिली, लेकिन सड़कों पर भरे पानी ने आमजन और खासकर छात्रों के लिए मुश्किलें खड़ी कर दीं। सोमवार को विधि (लॉ) के छात्र-छात्राओं की परीक्षा थी, लेकिन मालवीय चौक पर भारी जलभराव के कारण उन्हें परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कच्ची और पक्की सड़कों पर पानी भर जाने से राहगीरों और वाहन चालकों को भी परेशानी झेलनी पड़ी। गौरतलब है कि फुब्बारा चौक, मालवीय चौक और रेलवे स्टेशन रोड पिछले 40-50 वर्षों से जलभराव की समस्या से जूझ रहे हैं। हालांकि नगरपालिका द्वारा इस समस्या के समाधान के लिए प्रयास किए गए हैं और डायवर्ट नाले बनने से स्थिति में कुछ सुधार भी आया है, लेकिन पूरी तरह राहत अभी तक नहीं मिल सकी है।

हल्की बारिश में भी मालवीय चौक पर सबसे अधिक जलभराव हो जाता है। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी ने बताया कि नालों की नियमित सफाई कराई जा रही है और पहले की अपेक्षा स्थिति में सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र निचले भू-भाग में होने के कारण बाहरी इलाकों का पानी यहां आकर भर जाता है, जिससे समस्या बढ़ जाती है।

## गुमथल गांव में बढ़ती आपराधिक गतिविधियां

**चन्दौसी।** थाना बनियाठेर क्षेत्र का गांव गुमथल इन दिनों आपराधिक गतिविधियों को लेकर चर्चा में है। आरोप है कि बाहरी क्षेत्रों में वारदातों को अंजाम देने वाले अपराधी यहां आकर शरण लेते हैं। गांव में सर्राफा व्यापारी से लूट, ई-रिक्शा शोरूम में चोरी समेत कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। बताया जा रहा है कि कुछ गिरोह संगठित रूप से चोरी और अन्य अपराध कर अवैध रूप से धन अर्जित कर रहे हैं। पुलिस द्वारा समय-समय पर कार्रवाई की गई, लेकिन ज्यादातर मामलों में छोटी कार्रवाई के बाद मामला शांत हो गया। बीते 1 मई से 4 मई के बीच एसओजी टीम ने दो बार गुमथल में छापेमारी कर बैटरियां और अन्य चोरी का सामान बरामद किया है। इस दौरान पांच-छह संदिग्धों को हिरासत में लिया गया।

## भारतीय जनता पार्टी की जीत पर हर्ष का माहौल जुलूस निकाल कर जताई खुशी

**कांठ( शाह टाइम्स )** भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल पुंडुचेरी और असम विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर मिठाई वितरण कर विजय उत्सव मनाया। क्षेत्रीय संयोजक चौधरी हुकम सिंह के नेतृत्व में मंडल कार्यालय पर मिष्ठान वितरण कर मुकेश माहेश्वरी के क्रेशर से मुख्य बाजार होते हुए पेट्रोल पंप तक ढोल नगाड़ों के साथ विजय जुलूस निकाला और आतिशबाजी की गई,जुलूस में भारत माता की जय ,जय श्री राम एवं मोदी है तो मुमकिन है के गगन भेदी नारे लगाए गए। मंडल अध्यक्ष अंकुश चौहान ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास मंत्र एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के कुशल संगठन की जीत है। पश्चिम बंगाल की जनता ने तुष्टिकरण की राजनीति को नकारकर विकास को चुना है। असम और पांडिचेरी की जनता ने डबल इंजन सरकार पर फिर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि यह जीत बीजेपी के प्रत्येक कार्यकर्ता की मेहनत का परिणाम है काठ मंडल का प्रत्येक कार्यकर्ता 2027 उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भी इसी जोश के साथ जुटेगा। और प्रचंड बहुमत से कमल खिलेगा। इस अवसर पर मुकेश महेश्वरी, सत्यवान सिंह राजपूत, चंचल पाल, देवेंद्र सिंह ,राजवीर सिंह, शीशपाल सैनी, हरिओम सिंह, अमरीश शर्मा, ओम प्रकाश सिंह, नीरज बिश्नोई , गौरव बिश्नोई, सौरव अग्रवाल, मनीष चौहान, अभय बिश्नोई, प्रमोद कुमार, विजयवीर सिंह, कैलाश सिंह, अमित चंद सैनी, राजकुमार ठाकुर, नेपाल सिंह, सीताराम विश्नोई,धर्मेंद्र कुमार, दयाराम सैनी, रिजवान अल्वी, साजिद इदरीसी,संतोष कुमार, महेश गुप्ता आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## प्रदेश में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, सम्भल व मुरादाबाद समेत आठ जिलों के डीएम बदले

**चन्दौसी।** प्रदेश सरकार ने रविवार देर रात बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए संभल और मुरादाबाद सहित आठ जिलों के जिलाधिकारियों को बदल दिया। इस दौरान कुल 38 आईएएस अधिकारियों के तबादले किए गए हैं, जिसे प्रशासनिक दृष्टि से अहम माना जा रहा है। जारी सूची के अनुसार संभल के जिलाधिकारी रहे डॉ. राजेंद्र पैंसिया को मुरादाबाद का नया डीएम नियुक्त किया गया है, जबकि अंकित खंडेलवाल को संभल जिले की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा देवरिया, जौनपुर, मऊ, महराजगंज, फिरोजाबाद और प्रतापगढ़ में भी नए जिलाधिकारियों की तैनाती की गई है। सरकार के इस निर्णय को प्रशासनिक कार्यों में तेजी और सुशासन को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। अधिकारियों के तबा. दलों से विभिन्न जिलों में प्रशास. निक व्यवस्था को और प्रभावी बनाने की उम्मीद जताई जा रही है। वहीं, तकनीकी इस्तीफा देने वाले आईएएस रिंकू सिंह राही का इस्तीफा वापस लिए जाने के बाद उन्हें जालौन में संयुक्त मजिस्ट्रेट के पद पर तैनात किया गया है।



## ब्लॉक का जिला विकास अधिकारी और डीसी एनआरएलएम ने किया औचक निरीक्षण

**ठाकुरद्वारा।** ब्लॉक का निरीक्षण करने पहुंचे डीडीओ और डीसी एनआरएलएम ने सभी अभिलेख की जांच करते हुए साफ सफाई के निर्देश दिए। सोमवार को जिला विकास अधिकारी गोविंद वल्लभ पाठक ने ब्लॉक का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आवास पटल, एनआरएलएम, आधार फीडिग आदि के पटल का निरीक्षण किया, कर्मचारियों से बिदुवार समीक्षा करते हुए आधार फीडिग के बारे में जानकारी ली, ग्राम पंचायतों में श्रमिक दिवस की जानकारी लेकर उनमें वृद्धि के निर्देश दिए। जिला विकास अधिकारी ने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में विकास कार्य चल रहे है उनमें तेजी लाई जाए, जिससे काम समय पर पूरा हो सके, प्रधानमंत्री आवास योजना की भी समीक्षा की, औचक निरीक्षण के दौरान ब्लॉक कार्यालय में अभिलेखों के रख-रखाव, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना और आधार फीडिंग की समीक्षा की,उन्होंने साफ-सफाई, कार्यों में तेजी लाने और विकास योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों को समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए,अभिलेखों के रख-रखाव की जांच और उन्हें चुस्त-दुरुस्त रखने के निर्देश,ग्राम पंचायतों में मनरेगा श्रमिक में वृद्धि और कार्यों में तेजी लाने के निर्देश, प्रधानमंत्री आवास और पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों की सूची की समीक्षा और अपात्रों पर कार्रवाई के निर्देश, कार्यालय में स्वच्छता और कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही डीसी एनआरएलएम केएन पाण्डेय ने महिला समूह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जेई मुस्तफा, एडीओ पंचायत योगेंद्र सिंह, एडीओ नेम सिंह, ब्लॉक मिशन प्रबंधक उमेश यादव, नवीन चौहान, एकाउंटेट देंवेद्र यादव, एडीओ कॉपरोटिव राम आशीष प्रताप सिंह, एपीओ देवराज सिंह, वरिष्ठ सहायक अनिल कमार, हरीश कुमार, जेई एमआई मनप्रीत कौर आदि स्टाफ मौजूद रहे।




## कार्यालय ग्राम पंचायत बैजनाथपुर
### विकास खंड-ठाकुरद्वारा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: मीमो /ग्राम निधि/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/निविदा/2026-27 दिनांक: 04.05.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना** ( भुगतान की प्रतियाशा में )

विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत बैजनाथपुर में पंचम राज्य वित्त/ केन्द्रीय वित्त आयोग योजनान्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय कम्पोजिट के मैन गेट का निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 12.05.2026 को समय 3 बजे अपराहन तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 3.30 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्तें एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प./डाक खाने की पास बुक/एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत | जमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उच्च प्राथमिक विद्यालय कम्पोजिट के मैन गेट का निर्माण कार्य। | सीमेंट, रेत, ईंट, रोड़ी, ईंट, बजरफुट, सरिया, लोहे का गेट आदि। | 169189/- | 3384/- | 250/- | 1 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-बैजनाथपुर**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**



## कार्यालय नगर पंचायत अगवानपुर (मुरादाबाद)।

**पत्रांक:**-47/न0पं0अग0/2025-26 **दिनांक:**-04.05.2026

**ई-निविदा सूचना**

समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत अगवानपुर जनपद मुरादाबाद को वर्ष 2025-26 में 'मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना' के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाइन निविदा वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर दिनांक 05.05.2026 की दोपहर 12.00 बजे से दिनांक 07.06.2026 को दोपहर 04.00 बजे तक Online डाउनलोड एवं अपलोड की जा सकती है। जो दिनांक-08.06.2026 को दोपहर 02.00 बजे तक अपर जिलाधिकारी प्रशासन महोदय मुरादाबाद के कार्यालय में रखे टैण्डर वॉक्स में डाली जायेगीं एवं उसी दिन अपरान्ह 02.15 बजे से अपर जिलाधिकारी प्रशासन महोदय मुरादाबाद के कार्यालय में उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष Online खोली जायेंगी। निविदादाता से अपेक्षा की जाती है कि निविदा डालने से पूर्व निविदा प्रपत्र/निविदा शर्तों का भली भाँति अध्ययन कर लें। अन्य शर्ते कार्यालय में एवं https://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

| | |
|---|---|
| ( नीतू सिंह ) | ( गुलरेज खान ) |
| अधिशासी अधिकारी | अध्यक्ष |
| नगर पंचायत अगवानपुर | नगर पंचायत अगवानपुर |
| ( मुरादाबाद )। | ( मुरादाबाद )। |



## गुमशुदा की तलाश



नाम: अरशद अली

ग्राम खरक से इरफान प्रधान जी का भतीजा

लापता दिनांक: 30/04/2026

तोड़ा दिमाग से कम जोर है

किसी को मिले तो नीचे दिए कांटेक्ट नंबर पर कॉल करें।

9568659670
9690890691



## खोया-पाया सूचना

मेरा हाई स्कूल वर्ष 2024 अनुक्रमांक 1240572745 का प्रमाण पत्र-सह-अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है।

**अनम नाज पुत्र अकील अहमद निवासी मोहल्ला फतेहउल्लागंज, नई वस्ती बार्ड -04 ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद।**



## शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# लखनऊ ने मुंबई को 229 रन का टारगेट दिया

### पूरन के ताबड़तोड़ 63 व मार्श ने बनाए 44 रन बॉश को 2 विकेट



लखनऊ के जोश इंग्लिश को आउट करने के बाद खुशी मनाते मुंबई के गजनफर।

**मुंबई, वार्ता।** आईपीएल में सोमवार को मुंबई इंडियंस (एमआई) और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के बीच मैच खेला जा रहा है। वानखेड़े में मुंबई ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी है। लखनऊ ने 19 ओवर में 5 विकेट पर 222 रन बना लिए हैं। ऐडन मार्करम और हिम्मत सिंह क्रीज पर हैं। 13वें ओवर की पहली बाल पर अक्षत रघुवंशी (11 रन) को रघु शर्मा ने अपनी ही बाल पर कैच किया। रघुवंशी ने अपनी पहली बाल पर छक्का लगाया था। कप्तान ऋषभ पंत (15 रन) को विल जैक्स ने विकेटकीपर रायन रिकेल्टन के हाथों कैच कराया। 9वें ओवर में कार्बिन बाश ने मिचेल मार्श (44 रन) और निकोलस पूरन (63 रन) को पवेलियन भेजा। पावरप्ले में अल्लाह गजनफर ने जोश इंग्लिस (13 रन) को कप्तान सूर्यकुमार यादव के हाथों कैच कराया। दोनों टीमें इस सीजन में पहली बार आमने-सामने हैं। अगर मुंबई की टीम आज अपने घर में हार जाती है, तो प्लेआफ की रेस बाहर हो जाएगी। दूसरी ओर लखनऊ सुपर जायंट्स के पास प्लेआफ की रेस में बने रहने का आखिरी मौका है। दोनों ही टीमों के पास एक समान 8-8 अंक हैं। 18वें ओवर में ऐडन मार्करम और हिम्मत सिंह ने छठे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप की। दीपक चाहर ने ओवर की दूसरी बाल वाइड फेंक दी। इसी से आए एक रन के सहारे साझेदारी का 50वां रन बना। लखनऊ ने 200 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया है। रघु शर्मा की चौथी बाल पर हिम्मत सिंह ने छक्का लगाया। इसी छक्के के सहारे टीम ने 200 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया। 14वें ओवर में ऐडन मार्करम को जीवनदान मिला। उन्हें जसप्रीत बुमराह ने कैच कराया। बैक ऑफ लेंथ गेंद तेजी से बाहर निकली और नीची रही, मार्करम के बैट का किनारा लेकर कैच हो गया, लेकिन, तुरंत पता चला कि यह नो-बाल थी, जिससे बल्लेबाज को जीवनदान मिल गया। अगली बाल भी नो करार दी गई। बुमराह के इस ओवर से 7 रन आए। अक्षत रघुवंशी द्ध11 रनत्र को रघु शर्मा ने अपनी ही बाल पर कैच किया। रघुवंशी ने अपनी पहली बाल पर छक्का लगाया था। 11वें ओवर में कप्तान ऋषभ पंत 15 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें विल जैक्स ने विकेटकीपर रायन रिकेल्टन के हाथों कैच कराया। इसी ओवर में अक्षत रघुवंशी ने अपनी बाल पर छक्का लगाया। इसी के साथ टीम का स्कोर 150 पार हो गया। 9वें ओवर में कार्बिन बाश ने दो विकेट झटके। उन्होंने मिचेल मार्श (44 रन) और निक.लस पूरन (63 रन) को कैच आउट कराया। मार्श को नमन धीर ने कैच किया।

## फिल सॉल्ट उंगली में लगी चोट का स्कैन कराने इंग्लैंड गए

**चेन्नई, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) के बल्लेबाज फिल सॉल्ट उंगली में लगी चोट के स्कैन के लिए इंग्लैंड लौट गए हैं।

सॉल्ट इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड के टीम प्रबंधन के अनुरोध पर स्वदेश लौट गए हैं और अपनी उंगली का स्कैन कराया है। खिलाड़ी और टीम दोनों को उम्मीद है कि उनकी उंगली जल्द ठीक हो जाएगी और सॉल्ट इस महीने भारत लौट सकेंगे। सॉल्ट की गैरमौजूदगी में उनके साथी खिलाडी जेकब बेथेल को विराट कोहली के साथ ओपनिग का अवसर मिला सकता है, वह सीजन की शुरुआत में बेंच पर बैठे थे। तीन पारियों में 39 रन बनाकर बेथेल अभी तक बड़ा प्रभाव नहीं डाल पाए हैं, लेकिन अब उन्हें शीर्ष क्रम में खेलने मौका मिलने की संभावना है। अगर सॉल्ट की चोट सीजन खत्म करने वाली साबित होती है, तो आईपीएल नियमों के तहत आरसीबी उनके रिप्लेसमेंट पर साइन कर सकती है, लेकिन टीम उन्हें ठीक होने का पूरा अवसर देना चाहती है।

आरसीबी का अगला मैच गुरुवार रात लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ है। आरस.ीबी ने सॉल्ट की चोट की प्रकृति को सार्वजनिक रूप से नहीं बताया है। सॉल्ट को 18 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के दौरान एक बाउंड्री बचाने के लिए डाइव लगाते समय बाएं हाथ की उंगली में चोट लगी थी। उन्होंने सीजन की शुरुआत शानदार की और छह पारियों में 168-33 की स्ट्राइक रेट से 202 रन बनाए थे।

### खेल विशेष

## मेटा लाया एआई चश्मों पर क्रिकेट का लाइव अपडेट

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के क्रिकेट सीजन में प्रशंसक मेटा, रे-बैन मेटा और ओकले मेटा चश्मों पर लाइव क्रिकेट अपडेट पा सकते है। इस नए फीचर की मदद से भारत में क्रिकेट प्रशंसक अब अपने फोन को हाथ लगाए बिना हर मैच की पूरी जानकारी रख सकते हैं। मेटा एआई से अपनी पसंदीदा टीम के मैच को फॉलो करने के लिए कहें और एआई द्वारा बताए गए स्कोर अपडेट, विकेट अलर्ट, अहम पड़ावों की झलकियां और मैच के नतीजे सीधे अपने एआई चश्मों पर, उसी समय पाएं। इसमें विज्ञापनों का ब्रेक नहीं होगा। आपको बस इतना कहना है हॉय मेटा फोलो और अपनी पसंदीदा टीम का नाम या आने वाले मैच का नाम बताएं, ताकि आपको उसी समय के अपडेट मिल सकें।

## भारतीय टीम तीरंदाजी विश्वकप के दूसरे चरण में लेगी भाग

**शंघाई (चीन), वार्ता।** अनुभवी तीरंदाजों ज्योति सुरेखा वेन्नम और दीपिका कुमारी की अगुवाई में 16-सदस्ईय भारतीय टीम यहां मंगलवार से शुरु हो रहे आर्चरी वर्ल्ड कप 2026 के दूसरे चरण में हिस्सा लेगी। चार चरणों वाले आर्चरी वर्ल्ड कप सर्किट के इस दूसरे चरण में 5 से 10 मई तक 44 देशों के 300 से ज्यादा तीरंदाज अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। इस प्रतियोगिता में साल्टिलो में होने वाले वर्ल्ड कप फाइनल के लिए क्वालिफकिेशन स्थान दांव पर होंगे। पिछले महीने मेक्सिको के पुएब्ला में हुए सीजन के पहले चरण में भारत को आर्चरी में केवल एक पदक मिला था। उस प्रतियोगिता में एशियाई खेलों की चैंपियन ज्योति, मधुरा धामन गांवकर और प्रगति की महिला कंपाउंड टीम ने स्वर्ण पदक जीता था। फरवरी में कोलकाता में हुए राट्रीय ट्रायल्स के जरिए चुनी गई यही 16-सदस्ईय टीम शंघाई में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी।

## केकेआर की वापसी को पटरी पर बनाए रखने को वरुण ने गति धीमी की

**अहदमदाबाद, वार्ता।** पूर्व क्रिकेटर अंबाती रायडू का मानना है कि वरुण चक्रवर्ती ने पिच के मिजाज को भांपते हुए अपनी और कोलकाता नाइट राइडर्स द्धकेकेआरत्र की वापसी को पटरी पर बनाए रखने के लिए सनाइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बीच के ओवरों में अपनी गति धीमी कर ली। रायडू ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि वरुण ने शुरू में थोड़ी तेज गति से गेंदबा.जी शुरू की, और फिर जब उन्हें कुछ चौके-छक्के पड़े, तो उन्होंने बीच के ओवरों में अपनी गति धीमी कर ली। मुझे लगता है कि इस टूर्नामेंट में उन्होंने बहुत ही शानदार वापसी की है, अब वह क्रीज का बहुत अच्छे से इस्तेमाल कर रहे हैं, साथ ही गेंदबाजी के एंगल और अपनी गति का भी सही तालमेल बिठा रहे हैं।

## एमएस धोनी नहीं आएंगे दिल्ली चेन्नई में जारी रखेंगे रिहैब



**नई दिल्ली, वार्ता।** स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स के साथ होने वाले मुक.ाबले के लिए चेन्नई सपुर किंग्स की टीम के साथ नई दिल्ली नहीं आए हैं। पूर्व कप्तान धोनी चेन्नई में ही रुक गए हैं, जहां वे अपनी पिडली की चोट के लिए रिहैबिलिटेशन (इलाज) करवा रहे हैं। अभी तक यह स्पट नहीं है कि धोनी आगामी मैच के लिए पूरी तरह तैयार नहीं हैं,

लेकिन फ्रेंचाइजी के अधिकारियों ने इस सीजन में उनके कोई मैच खेलने की संभावना से इनकार नहीं किया है। टीम के एक सीनियर अधिकारी ने क्रिकब्ज को बताया कि उन्हें किसी न किसी स्टेज पर उपलब्ध होना चाहिए। चेन्नई सुपर किंग्स के इस सीजन में अभी पांच मैच और बाकी हैं। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के बाद, चेन्नई सुपर किंग्स 10 मई को लखनऊ सुपर जायंट्स की मेजबानी करेगी, जिसके बाद 15 मई को लखनऊ में ऋाभ पंत की टीम के खिलाफ वापसी का मैच होगा। इसके बाद वे 18 मई को सनराइजर्स हैदराबाद की मेजबानी करेंगे, और फिर 21 मई को इस सीजन के अपने आखिरी लीग मैच के लिए अहमदाबाद जाकर गुजरात टाइटन्स का सामना करेंगे। उल्लेखनीय है कि धोनी ने इस सीजन में एक भी मैच नहीं खेला है।

## दिल्ली कैपिटल्स, चेन्नई सुपर किंग्स के लिए प्लेऑफ की चुनौती



**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच मंगलवार को होने वाले लीग मुकाबले में दोनों टीमें प्लेऑफ में बनाए रखने की चुनौती का सामना करेंगी। दोनों टीमें के तालिका में समान अंक है।

यह एक ऐसा अहम मोड़ लगता है जो यह तय कर सकता है कि प्लेऑफ की दौड़ में कौन बना रहेगा और कौन दबाव के चलते पैदा हुई अफरा-तफरी में फंसता चला जाएगा। दोनों टीमों ने अपने नौ मैचों में से चार जीते हैं, दोनों के आठ-आठ अंक हैं, और दोनों जानती हैं कि गलती की गुंजाइश तेजी से कम होती जा रही है। फिर भी, यहां तक पहुंचने के लिए उन्होंने जो रास्ते अपनाए हैं, वे एक-दूसरे से बिल्कुल अलग हैं। दिल्ली कैपिटल्स की बात करें, तो वह एक ऐसी टीम रही है जिसमें सब कुछ या तो बहुत अच्छा होता है या बहुत बुरा। जब वे लक्ष्य का पीछा करते हैं, तो वे निडर दिखते हैं, और कभी-कभी तो उन्हें रो.कना लगभग नामुमकिन लगता है। लेकिन जब वे पहले बल्लेबाजी करते हैं, तो उनका यह सीजन अक्सर अस्थिरता का शिकार हो जाता है, जिसकी झलक उनके नेगेटिव नेट रन रेट में स्पट दिखती है। केएल राहुल उनके बल्लेबाजी क्रम में एकमात्र ऐसे खिलाड़ी रहे हैं जिनका प्रदर्शन लगातार अच्छा रहा है। उन्होंने शांत और मजबूत अंदाज में टीम की जम्मिेदारी संभाली है। लक्ष्य का पीछा करते समय मैच पर अपना नियंत्रण बनाए रखने की उनकी काबि.लियत इस सीजन में दिल्ली के बेहतरीन प्रदर्शनों की मुख्य वजह रही है, और एक बार फिर, टीम की ज्यादातर उम्मीदें उन्हीं के कंधों पर टिकी हैं। उनके आस-पास, दिल्ली की बल्लेबाजी ने शानदार झलकियां दिखाई हैं। पथुम निसांका की हालिया फिफ्रटी ने शीर्ष क्रम में लय ला दी है।

## ऑरेंज कैप फिर से अभिषेक के सिर, रबाडा पर्पल कैप की दौड़ में



**अहदाबाद, वार्ता।** अभोिक शर्मा कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मात्र 15 रन बनाकर एक बार फिर से ऑरेंज कैप तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए है। वहीं कगिसो रबाडा 16 विकेटों के साथ पर्पल कैप की दौड़ में शामिल हो गए है। ऑरेंज कैप तालिका में कम अंतर पर कब्जा देखने को मिल रहा हैं।

जैसे केकेआर के खिलाफ अभिोक शर्मा ने केवल 15 रन बनाए, लेकिन यह केएल राहुल (दिल्ली कैपिटल्स) से सात रन आगे निकलने और शीर्ष स्थान वापस हासिल करने के लिए काफी था। हाइनरिक क्लासन अवसर का फायदा नहीं उठा सके, इसलिए राहुल (433 रन) का दूसरा स्थान सुरक्षित है। क्लासन ने केकेआर के खिलाफ 11 रन बनाए और अब उनके 425 रन हैं। उनके बाद राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के वैभव सूर्यवंशी (404 रन) हैं और फिर शीर्ष पांच में नया नाम जुड़ा है। गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज बी साई सुदर्शन ने हालिया शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 41 गेंदों में 57 रन बनाए और 385 रन तक पहुंच गए हैं। शुभमन गिल, प्रभसिमरन सिंह, जॉस बटलर और श्रेयस अय्यर रविवार को अधिक रन नहीं बना सके, लेकिन इशान किशन ने 42 रन बनाकर कुल 354 रनों के साथ नौवें स्थान पर जगह बनाई, जबकि ट्रैविस हेड ने भी अपनी हालिया फॉर्म जारी रखते हुए 28 गेंदों में 61 रन बनाए और 12वें स्थान तक पहुंच गए। वहीं पर्पल कैप तालि.का की बात की जाए तो कगिसो रबाडा ने पिछले छह मैचों में 12 विकेट ले लिए हैं और तेजी से ऊपर चढ़ते हुए 16 विकेट के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, जो कि रॉयल चैजेंजर्स बेंगलुरु के भुवनेश्वर कुमार और चेन्नई सुपर किंग्स के अंशुल कम्बोज से केवल एक विकेट पीछे हैं। प्रसिद्ध कृणा को फिर बाहर बैठना पड़ा, इशान मलिगा को कोई विकेट नहीं मिला, राशिद खान को केवल एक विकेट मिला।

## जैनिक सिनर ने जीता मैड्रिड ओपन का खिताब



**मैड्रिड, वार्ता।** विश्व नंबर वन टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर मैड्रिड ओपन का खिताब अपने नाम किया। इटली के दिग्गज जैनिक सिनर ने जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 57 मिनट तक चले मुकाबले में 6-1, 6-2 से हराकर, अपने करियर में पहला मैड्रिड ओपन का खिताब जीत लिया है। इस जीत के साथ सिनर लगातार पांच एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब (पेरिस, इंडियन वेल्स, मियामी, मोंटे-कार्लो, मैड्रिड) जीतने वाले पहले पुरु खिलाड़ी बन गए। सिनर ने अब कैलेंडर पर मौजूद नौ मास्टर्स 1000 प्रतियोगिताओं में से आठ जीत लिए हैं, उनके कलेक्शन में केवल रोम का खिताब ही शो है। वह अपने करियर में आठ अलग-अलग मास्टर्स 1000 प्रतियोगिता जीतने वाले इतिहास के सिर्फ तीसरे खिलाड़ी हैं।

## महिला हॉकी टीम के विशेष गोल कीपिंग शिविर की सराहना कीं

**बेंगलुरु, वार्ता।** अंतर्राट्रीय टूर्नामेंट से पहले मुख्य कोच सजोर्ड मारिजने की देखरेख में डेविड विलियमसन द्वारा आयोजित भारतीय महिला हॉकी टीम के विशो गोलकीपिग शिविर की सविता, बिचू देवी खारिबाम और बंसरी सोलंकी ने सराहना की है। 22 अप्रैल से दो मई तक साई के बेंगलुरु केन्द्र में 11 दिनों तक चले इस शिविर में सीनियर गोल.कीपर सविता, बिचू देवी खारिबाम, बंसरी सोलंकी और माधुरी किडो ने इन सेशन में हिस्सा लिया। इससे उन्हें मैच जैसी स्थितियों में तकनीकी बारीकियों, फैसले लेने की क्षमता, डिफेंसिव संगठन और रणनीतिक समझ पर गहराई से ध्यान देने का मौका मिला, क्योंकि टीम आने वाले इंटरनेशनल कैलेंडर में होने वाले बड़े टूर्नामेंट की तैयारी कर रही है।

गोलकीपरों के लिए इस तरह के खास शिविर के फायदों के बारे में बात करते हुए सविता ने कहा कि एक गोलकीपर होने के नाते, मैंने हमेशा यह महसूस किया है कि इस तरह के कैंप आपको बहुत कुछ सीखने में मदद करते हैं, साथ ही आपकी स्किल्स को निखारते और बेहतर बनाते हैं। हम ट्रेनिग में मैच जैसी स्थितियां बनाते हैं और खूब चर्चा करते हैं। कैंप में बारीकियों पर इतना ध्यान देने से हमें मैच के दौरान वैसी ही स्थितियों का सामना करते समय ज्यादा सहज महसूस होता है। इसलिए, ए खास कैंप हमेशा जरूरी होते हैं

और हम आनंदना, कोका-कोला इंडिया फाउंडेशन को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद देना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि एक सीनियर खिलाड़ी होने के नाते, मुझे यह पक्का करना होता है कि मैं न सिर्फ अपने प्रदर्शन पर ध्यान दूं, बल्कि युवा गोलकीपरों पर भी ध्यान दूं और उन्हें प्रेरित करूं। मैं हमेशा देखती रहती हूं कि वे कैसा कर रही हैं और अपने अनुभव के आधार पर मैं उन्हें छोटी-छोटी बातों में कैसे गाइड कर सकती हूं। मैं हमेशा एक अच्छा माहौल बनाए रखने की कोशिश करती हूं, क्योंकि मेरा मानना है कि जब आप सही तरह के माहौल में ट्रेनिग करते हैं, तो आप अच्छा करना चाहते हैं। इसलिए, यह हर किसी को मोटिवेटेड रखने और उन्हें और भी बेहतर करने के लिए प्रेरित करने के बारे में है।

## सिडनी सिक्सर्स ने जेम्स होप्स को नया मुख्य कोच किया नियुक्त



**सिडनी, वार्ता।** सिडनी सिक्सर्स ने सोमवार को ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर जेम्स होप्स को दो साल के अनुबंध पर नया मुख्य कोच नियुक्त किया है।

सिक्सर्स क्लब ने आज यहां यह जानकारी दी है। 47 वर्ाीय होप्स के लिए यह हेड कोच के तौर पर पहली भूमिका होगी। होप्स ने पहले भी असिस्टेंट कोच की भूमिकाएं निभाई हैं, खासकर फ्रैंचाइजी क्रिकेट में गेंदबाजी कोच के तौर पर। होप्स अभी चल रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पंजाब किंग्स के साथ गेंदबाजी कोच के तौर पर काम कर रहे हैं। अब वह बीबीएल के इतिहास की सबसे सफल फ्रैंचाइजयों में से एक की कमान संभालेंगे। सिक्सर्स ने तीन बार यह खिताब जीता है और कई बार उपविजेता भी रहे हैं, जिसमें हाल ही का सीजन भी शामिल है। इसके बाद ग्रेग शिप्पर्ड को हेड कोच के पद से हटा दिया गया था। अपनी नियुक्ति के बाद होप्स ने कहा कि सिडनी सिक्सर्स से जुड़कर मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह एक ऐसा क्लब है जिसका इतिहास गौरवशाली है और जिसकी पहचान निरंतरता, प्रतिस्पर्धी भावना और अपने प्रशंसकों के साथ गहरे जुड़ाव पर बनी है। मैं खिलाड़ियों के इस प्रतिभाशाली समूह के साथ काम करने और बीबीएल में सिक्सर्स की सफलता के अगले चरण में अपना योगदान देने के लिए उत्साहित हूं। उल्लेखनीय है कि जेम्स ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 84 एकदिवसीय और 12 टी-20 मैच खेले हैं। उन्होंने अपना आखिरी अंतर्राट्रीय मैच 2010 में खेला था।

# जनपद में यूपी-112 को मिली मजबूती, 12 नई पीआरवी गाड़ियों को एसएसपी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में आज एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। सोमवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने यूपी-112 मुख्यालय से प्राप्त 12 नई च्व्ट स्कॉर्पियो गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये सभी वाहन अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस हैं, जिनमें फर्स्ट एड बॉक्स, क्राइम प्रोटेक्शन किट और अन्य आधुनिक उपकरण शामिल हैं।इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक यातायात सुभाष चंद्र गंगवार, पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात सहित पुलिस लाइन के अन्य अधिकारीगण भी मौजूद रहे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इन नई गाड़ियों के शामिल होने से आपातकालीन सेवाओं की प्रतिक्रिया समय में सुधार होगा और किसी भी घटना पर पुलिस की त्वरित पहुंच सुनिश्चित हो सकेगी।उन्होंने कहा कि यूपी-112 सेवा पहले से ही प्रदेश में आपातक. ालीन सहायता का एक सशक्त माध्यम है, और इन नई पीआरवी गाड़ियों के जुड़ने से इसकी कार्यक्षमता में और वृद्धि होगी। इससे न केवल



अपराध नियंत्रण में मदद मिलेगी, बल्कि आम जनता को भी सुरक्षा का बेहतर एहसास होगा।

नई स्कॉर्पियो गाड़ियों को आधुनिक तकनीक से सुसज्जित किया गया है, जिससे पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचकर प्रभावी ढंग से कार्यवाही कर सकेंगे। साथ ही, इन वाहनों में उपलब्ध सुरक्षा उपकरण किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता प्रदान करने में सहायक होंगे।

पुलिस अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि इन गाड़ियों के माध्यम से जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जा सकेगा तथा आम नागरिकों को त्वरित और बेहतर पुलिस सेवा मिल सकेगी।

# पॉक्सो एक्ट में दोषी को चार वर्ष कारावास की सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** न्यायालय विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संभल स्थित चन्दौसी अवधेश कुमार सिंह ने एक महत्वपूर्ण मामले में फैसला सुनाते हुए अभियुक्त



जीशान पुत्र निसार अहमद निवासी ग्राम कोकावास थाना कुढ़फतेहगढ़ जनपद सम्भल को दोषी करार दिया है। यह मामला अपराध संख्या 153/2021 से संबंधित है, जिसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 354क, 506 तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 7/8 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

वादी ने थाना कुढ़फतेहगढ़ में दी गई तहरीर में आरोप लगाया था कि उसकी नाबालिग पुत्री के साथ गांव का ही जीशान अपने दो साथियों के साथ कई महीनों से छेड़छाड़ व अश्लील हरकतें कर रहा था। भय के कारण पीडिघ्ता ने घटना की जानकारी पहले नहीं दी, लेकिन 15 दिसंबर 2021 को उसने अपनी मां को पूरी बात बताई। तहरीर में यह भी उल्लेख किया गया कि 09 दिसंबर 2021 को जब पीडिघ्ता दूध लेने घेर पर जा रही थी, तभी अभियुक्त ने अपने साथियों के साथ उसे जबरन घर में खींचने का प्रयास किया और अश्लील हरकतें कीं। मामले की सुनवाई के बाद न्यायालय ने अभियुक्त को पॉक्सो एक्ट की धारा-8 के अंतर्गत दोषी पाते हुए चार वर्ष के कारावास एवं 20 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

## बिलारी समाचार

# क्रोध बुद्धि का हरण करता है: पं वीरेंद्र आर्य



**मुरादाबाद।** महिला आर्य समाज स्टेशन रोड मुरादाबाद पर साप्ताहिक यज्ञ व सत्संग आयोजित किया गया इस अवसर पर पंडित वीरेंद्र आर्य ने पूनम शास्त्री की यज्ञमानी में वैदिक रीति से यज्ञ संपन्न कराया तत्पश्चात सुदेश आर्य ने ईश्वरीय भक्ति भजन प्रस्तुत किया।

यज्ञ के अंतर्गत सामवेद के मंत्र की व्याख्या करते हुए पौ वीरेंद्र आर्य ने बताया कि मनुष्य का सामान्य अवस्था में मस्तिष्क सही कार्य करता है लेकिन क्रोध की अवस्था में मस्तिष्क विपरीत दिशा में कार्य करने लगता है। क्रोध मस्तिष्क की विचार शक्ति को क्षीण करके उत्त. जना प्रकट करने लगता है जिससे स्वयं के शरीर के रक्त में नाकारात्मकता के विचार बढ़ने लगते हैं जिससे व्यक्ति स्वयं अपने शरीर के साथ साथ दूसरों को भी हानि पहुंचा देता है। बुद्धि हरण क्रोध का भोजन है। इसलिए क्रोध नहीं करना चाहिए।

इस अवसर पर शन्नो गुप्ता,ऊषा गुप्ता, भावना रुहेला, आशा जैमिनी, पूनम रस्तोगी, मीरा सोती, गायत्री आर्य, रक्षा गोयल, कमलेश गोयल, आशा गुप्ता, नीलम गुप्ता, सुधा आर्य आदि उपस्थित रहीं।

# पश्चिम बंगाल में और असम में भाजपा की प्रचंड जीत पर भाजपाइयों में हर्ष




**कुंदरकी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** पश्चिम बंगाल में और असम में प्रचंड बहुमत के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बनने जा रही सरकार पर भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष मण्डल रतनपुरकला के सभी कार्यकर्ताओं ने एक दुसरो को मिठाई खिलाकर बधाई दी जिला मंत्री बृजेश कुमार लोधी मंडल अध्यक्ष बबलू सिंह जाटव पूर्व मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह चौधरी साहब पूर्व प्रधान जगबीर सिंह चौधरी जी मंडल उपाध्यक्ष चंदन प्रजापति दिलशाद हुसैन।

# आंधी-बारिश का फायदा उठाकर नलकूपों से केबिल व कॉपर तार चोरी

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव ऐतोल में बीती रात चोरों ने आंधी-तूफान और बारिश का फायदा उठाते हुए जमकर तांडव मचाया। अज्ञात चोरों ने करीब आधा दर्जन से अधिक निजी नलकूपों को निशाना बनाकर उनके केबिल, कॉपर तार व स्टार्टर चोरी कर लिए। लंबे समय बाद इस तरह की घटना सामने आने से ग्रामीणों में दहशत है। बताया जाता है कि रविवार को तेज आंधी, बारिश और हवा के कारण क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित रही। इसी दौरान नलकूप स्वामी अपने-अपने घरों में चले गए थे। रात में मौसम खराब होने का फायदा उठाकर चोरों ने सुनसान का लाभ लिया और एक के बाद एक कई नलक. ूपों से सामान उड़ा ले गए। सुबह जब किसान अपने नलकूपों पर पहुंचे तो कहीं केबिल गायब मिला तो कहीं स्टार्टर चोरी हो चुका था। पीडिघ्तों में निहाल सिंह पुत्र जीवन, धर्मेन्द्र पुत्र रामफल, हुकुम सिंह पुत्र नरसी, अनिल पुत्र श्याम सिंह निवासी ऐतोल व गजराम यादव पुत्र वंशी यादव, राजू पुत्र वंशी यादव निवासी कैथल शामिल हैं।

सभी ने बताया कि तेज आंधी-बारिश के चलते वे रात में घर लौट गए थे, जिसके बाद चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। गौरतलब है कि करीब तीन वर्ष पहले कैथल ग्रामीण क्षेत्र में भी इस तरह की घटनाएं हुई थीं, लेकिन पुलिस चौकी बनने के बाद अपराधों में कमी आई थी। अब एक बार फिर ऐसी घटनाओं से आशंका जताई जा रही है कि कहीं नशेड़ी तत्व सक्रिय तो नहीं हो गए हैं, क्योंकि जिन स्थानों पर चोरी हुई है, वहां भांग के पेड़ अधिक संख्या में पाए जाते हैं और अक्सर संदिग्ध लोग वहां देखे जाते हैं।

# विधानसभा चुनाव परिणामों पर बिलारी में भाजपा कार्यकर्ताओं का जश्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** पांच राज्यों में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों के परिणाम भारतीय जनता पार्टी के लिए उत्साहजनक रहे, जिसके बाद बिलारी में पार्टी कार्यकर्ताओं ने भव्य तरीके से जीत का जश्न मनाया। इस अवसर पर भाजपा मंडल बिलारी के कार्यकर्ता बिशन सिंह फार्म हाउस पर एकत्रित हुए, जहां मिठाई वितरण और आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया गया।

कार्यक्रम के दौरान मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता (एडवोकेट) ने कहा कि यह जनादेश देश की जनता के विश्वास और भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों की जीत है। उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्यों में मतदाताओं ने विकास, सुशासन और पारदर्शिता के पक्ष में अपना समर्थन दिया है।

उन्होंने आगे कहा कि यह सफलता पार्टी कार्यकर्ताओं के



अथक परिश्रम, समर्पण और संगठन की मजबूती का परिणाम है। साथ ही यह विजय पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों और विचारों को आगे बढ़ाने का प्रतीक है। भाजपा सदैव राष्ट्रहित, सुशासन और विकास के मार्ग पर अग्रसर रहेगी।

इस अवसर पर पूर्व एमएलसी चंद्रपाल सिंह, ऋषिपाल सिंह, सुरेश सैनी, विश्वास यादव, राजीव सैनी, किशन लाल प्रजा. पति, हरिओम सैनी, नेपाल सिंह, मनोज सक्सेना, दीपक सक्सेना, देवदत्त दिवाकर, गिरीश बाबू, इमरान पाशा, अमित पाल, अभिनव चौधरी, शलभ गुप्ता, रवि पासी, हसन, राजेंद्र काशी, अतुल शर्मा, हरिशंकर आर्य, दिनेश चौधरी, निहाल सिंह, प्रशांत चौधरी, अजय ठाकुर, अनिल कुमार, शरद गुप्ता, नवनीत यादव, हेमंत शर्मा, राजीव गुप्ता, राजीव शर्मा, अभिलाष गौड़, मनोज प्रजा. पति, मनोज ठाकुर, वीरपाल को. हली, सुमित गुप्ता, उमेश यादव और पंकज चौहान सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लॉ द्वारा निकाली गई विधिक जागरूकता रैली

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लॉ द्वारा ग्रामवासियों को उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने व उनकी विधिक समस्याओं का निदान करने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय के समीप स्थित ग्राम मड़ैया बागड़पुर में एक 'विधिक जागरूकता रैली' का आयोजन किया गया।। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रैली को



रवाना किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन से समाज में विधिक जागरूकता पैदा करने के साथ ही व्यक्ति के विधिक अधिकारों एवं उनकी समस्याओं का निदान करने की दृष्टि से विधि के विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी अति महत्वपूर्ण हो जाती है। इस विधिक रैली का नेतृत्व कार्यक्रम के सह संयोजक डॉ. योगेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। उन्होंने प्रतिभागी विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की रैली का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को उनके कानूनी अधिकारों, कर्तव्यों तथा न्यायिक प्रक्रियाओं के प्रति जागरूक कराना होता है।

डॉ. सिंह ने यह भी कहा कि विधिक जागरूकता समाज को सशक्त बनाने का सबसे प्रभावी माध्यम है, क्योंकि जब नागरिक अपने अधिकारों और कर्तव्यों को समझते हैं, तभी एक न्यायपूर्ण और सुरक्षित समाज का निर्माण संभव होता है। इसके अतिरिक्त ग्रामीणों को महिला अधिकार, बाल संरक्षण, उपभोक्ता अधिकार, साइबर अपराध, घरेलू हिंसा, नि:शुल्क विधिक सहायता तथा संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई। रैली के समापन पर ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की अपेक्षा व्यक्त की। इस अवसर पर रैली में स्कूल ऑफ लॉ के सभी शिक्षकों की उपस्थिति रही तथा विधि के 35 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

# आईएफटीएम की एनसीसी इकाई की ओर से 'मिशन शक्ति चरण-5' के अंतर्गत हुआ एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'मिशन शक्ति चरण-5' के अंतर्गत सर्वोच्च न्यायालय की 'विशाखा गाइडलाइंस' के अनुपालन में एनसीसी इकाई की 2/9 यूपी गर्ल्स बटालियन एवं 2/24 ब्वॉयज बटालियन के कैडेट्स द्वारा "कार्यस्थल पर महिलाओं हेतु सम्मानजनक और सुरक्षित वातावरण के निर्माण' के संदर्भ में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस मिशन का मुख्य उद्देश्य समाज में महिलाओं के लिए एक भयमुक्त और गरिमामय वातावरण स्थापित करना है, ताकि वे आत्मनिर्भर होकर कार्यस्थलों पर अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यस्थल पर महिलाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने से




उनकी कार्यक्षमता में सुधार होता है, इसलिए सभी सहकर्मियों को महिलाओं के प्रति सहयोग की भावना रखनी चाहिए और उनकी सुरक्षा का पूर्ण आश्वासन देना चाहिए। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षा व एनसीसी की मेजर डॉ. राजकुमारी सिंह ने सभी प्रतिभागी एनसीसी कैडेट्स का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान एनसीसी कैडेट्स ने विश्व विद्यालय व राष्ट्रीय राजमार्ग के निकट स्थित लोधीपुर राजपूत गांव की महिलाओं को उनकी सुरक्षा और सम्मान की रक्षा करने के प्रति जागरूक किया। इस दौरान कार्यक्रम के आयोजन सचिव व 2/24 ब्वॉयज बटालियन एनसीसी के केयर टेकर श्री सनी कुमार ने भी महिलाओं को 'विशाखा गाइडलाइंस' के बारे में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कार्यक्रम संयोजिका व 2/9 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी की लेफ्टिनेंट सुश्री रश्मि पांडे की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस जागरूकता कार्यक्रम में 40 एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

# जनगणना 2027: प्रगणकों-पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण का द्वितीय चरण शुरू, 1557 कार्मिक नामित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना) के तहत जनपद सम्भल में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का द्वितीय चरण शुरू हो गया है। इस प्रशिक्षण के लिए कुल 34 बैचों में 1557 कार्मिक नामित किए गए हैं। प्रथम दिवस पर 1557 नामित कार्मिकों के सापेक्ष 1478 ने प्रशिक्षण में भाग लिया, जबकि 79 कार्मिक अनुपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान फील्ड ट्रेनर्स ने प्रतिभागियों को डेटा संकलन की प्रक्रिया, मोबाइल एप के प्रभावी उपयोग और सटीक व त्रुटिरहित प्रविष्टि के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य में तकनीकी दक्षता और सावधानी बेहद आवश्यक है। प्रशिक्षण के शुभारंभ पर जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पेंसिया एवं अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) प्रदीप वर्मा ने जनगणना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए निर्देश दिए कि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और गोप. नीयता पूरी तरह सुनिश्चित की जाए। उन्होंने 07 मई 2026 से शुरू होने वाले स्व-गणना अभियान को व्यापक रूप से संचालित करने और अधिकाधिक नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इस दौरान उप जिलाधिकारी सम्भल, गुन्नौर व चन्दौसी ने विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही अनुपस्थित कार्मिकों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई।

# पश्चिम बंगाल, असम व पुडुचेरी के चुनाव परिणामों पर भाजपाइयों का जश्न

**चन्दौसी।** पश्चिम बंगाल, असम, पुडुचेरी में आए विधानसभा चुनाव परिणामों में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत पर नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने जोरदार जश्न मनाया। परिणाम घोषित होते ही कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर दौड़ गई और शहर के विभिन्न स्थानों पर खुशियां मनाई गईं। रेलवे स्टेशन के सामने स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा स्थल पर बड़ी संख्या में भाजपाई



एकत्रित हुए। यहां कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और पार्टी की जीत को उनके विचारों की विजय बताया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया और जमकर नारेबाजी की। इस दौरान उपस्थित नेताओं ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, केंद्र व राज्य सरकारों की जनकल्याणकारी नीतियों और संगठन की मजबूत कार्यशैली का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जनता ने विकास, सुशासन और राष्ट्रहित की नीतियों पर मुहर लगाई है। कार्यकर्ताओं ने इस जीत को आने वाले समय में और मजबूती से जनसेवा करने की प्रेरणा बताया। जश्न के दौरान कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों की धुन पर नृत्य भी किया और एक-दूसरे को बधाई दी। पूरे आयोजन में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला।

# खड़ी बाइक में लगी आग, अग्नि सचेतक ने फायर सिलेंडर से पाया काबू

**चन्दौसी।** शहर के बदायूं चुंगी स्थित 35-बी रेलवे फाटक के पास रविवार रात खड़ी एक बाइक में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। देखते ही देखते बाइक



आग का गोला बन गई और आसपास अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि, समय रहते पहुंचे अग्नि सचेतक ने फायर सिलेंडर की मदद से आग पर काबू पा लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। मोहल्ला लक्ष्मणगंज निवासी आरिफ, जिनकी मंडी समिति के पास ऑटो सर्विस की दुकान है, रविवार रात करीब साढ़े नौ बजे दुकान बंद कर घर जा रहे थे। इसी दौरान उन्होंने रेलवे फाटक के पास अपनी बाइक खड़ी की और कुछ काम से चले गए। थोड़ी देर बाद बाइक में अचानक आग लग गई और देखते ही देखते लपटें तेज हो गईं। बाइक को जलता देख आसपास मौजूद लोगों में दहशत फैल गई। आग की तीव्रता के कारण कोई भी पास जाने की हिम्मत नहीं जुटा सका। सूचना मिलते ही अग्नि सचेतक विजयवीर सिंह यादव मौके पर पहुंचे और पास के पेट्रोल पंप से फायर सिलेंडर लाकर आग बुझाने में जुट गए। दमकल विभाग को भी सूचना दी गई थी, लेकिन उनके पहुंचने से पहले ही आग पर काबू पा लिया गया। बाइक स्वामी आरिफ के अनुसार, बाइक में तीन-चार लीटर पेट्रोल मौजूद था, जिससे आग तेजी से फैल गई और वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गया। इस घटना में उन्हें करीब 70 से 80 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। वहीं, थाना प्रभारी अनुज तोमर ने घटना की जानकारी होने से इनकार किया है।

# भाजपाईयों में खुशी की लहर, ढोल-नगाड़ों के साथ मनाया जश्न, बांटी मिठाइयां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के भाजपा चंद्रनगर मंडल क्षेत्र में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल, असम और पांडिचेरी में पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने की खुशी में जोरदार जश्न मनाया। कार्यक्रम का आयोजन मंडल अध्यक्ष कपिल गुप्ता के नेतृत्व में वार्ड 20 स्थित भाजपा नेता एवं मंडल मंत्री मोंटी गुर्जर के कार्यालय पर किया गया।इस अवसर पर कार्यकर्ताओं में उत्साह साफ देखने को मिला। ढोल-नगाड़ों की थाप पर कार्यकर्ताओं ने नृत्य किया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। पूरे क्षेत्र में जश्न का माहौल बना रहा और "भारत माता की जय" तथा "वंदे मातरम" के नारों से वातावरण गूंज उठा।कार्यक्रम में मंडल उपाध्यक्ष डॉ. प्रमोद शर्मा, महानगर उपाध्यक्ष कपिल देव, हरिओम सैनी, पूनम सैनी, राजू यादव, शर्मा सिंह सैनी, जितेंद्र सिंह भाटू, नीतू




सिंह (महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष), महेश सैनी, अनिल मल्होत्रा, सत्य प्रकाश गुप्ता, नर्सिंग गंगवार, सुनील सिंह, संजय वर्मा, नरेश खटीक, मुकेश राठौर, रवि प्रकाश राय, अशोक यादव, कुलदीप बिश्नोई, डॉ. राजीव चौहान, पंकज चौधरी, प्रकाश यादव, सुरेंद्र शर्मा, जगदेव सिंह प्रजापति, जे.पी. कश्यप, बृजपाल सैनी, अरविंद शर्मा, संजय मलिक, सूरज रावत, देवेंद्र लोधी, आर.एन. पांडे, दिनेश प्रसाद पांडे, प्रमोद शुक्ला, चंद्रभान सिंह, पार्षद हरदीप सिंह, सुधांशु कौशिक, हुकम सिंह सैनी सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नेताओं ने कहा कि यह जीत पार्टी की नीतियों और जनता के विश्वास का परिणाम है। आने वाले समय में भाजपा और मजबूती के साथ देशहित में कार्य करती रहेगी।

# भाजपा का जोश चरम पर

तय कार्यक्रम के अनुसार 4 मई को पांच राज्यों में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव की मतगणना शुरू हुई। शाम आते-आते जो रुझान सामने आए, वह लगभग ऐसे ही थे, जिनके संबंध में एग्जिट पोल पहले ही अपनी राय दे चुका था। असम, पश्चिमी बंगाल और पुड्डुचेरी ने भाजपा को खुश होने का मौका दिया। विशेषकर पश्चिम बंगाल में जिस तरह भाजपा ने प्रदर्शन किया, वह वास्तव में ऐतिहासिक ही कहा जाएगा। भाजपा पूर्व बहुमत से अधिक सीटें लेती दिखाई दे रही है, जैसाकि हम जानते हैं पश्चिमी बंगाल में 294 सीटें हैं और भाजपा 200 से अधिक सीटें लेती दिखाई दे रही है। लिखे जाने तक 127 सीटें वह जीत चुकी है और 80 पर आगे चल रही है। कांग्रेस को भी दो सीटें हाथ लगी हैं। लेफ्ट फ्रंट दो सीटों पर आगे चल रहा है। टीएमसी की बात करें, तो उसके 48 उम्मीदवार जीत चुके हैं और 32 पर वह आगे चल रही है। वास्तविक परिणाम देर रात तक आने की उम्मीद है, लेकिन इन रुझानों से साफ है कि भाजपा अपने बल पर सरकार बनाने जा रही है। भाजपा के खेमे में कितनी खुशी है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय कार्यकर्ताओं के साथ जश्न मनाने पहुंच गए और कहा कि एक कार्यकर्ता होने के नाते वह भाजपा के हर कार्यकर्ता की खुशी में शामिल हैं और आज का दिन हर मायनों में खास है। उन्होंने आज के दिन को भरोसे का दिन बताया। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि यह सालों की साधना जब सिद्धि में बदलती है तो चेहरे पर खुशी जो होती है वही कार्यकर्ताओं के चेहरों पर मैं देख रहा हूं। निश्चित रूप से प. बंगाल का चुनाव भाजपा के लिए एक बड़ा चुनाव कहा जाएगा। टीएमसी की मुखिया एवं राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पिछले 15 वर्षों से लगातार वहां शासन कर रही हैं और केंद्र सरकार के साथ उनका टकराव जगजा. हिर है, उसको देखते हुए यह चुनाव भाजपा व टीएमसी के लिए बेहद प्रतिष्ठा का चुनाव हो गया था। पश्चिम बंगाल के चुनाव की गंभीरता को लेकर भाजपा कितनी गंभीर थी कि देश के गृहमंत्री अमित शाह वहां लगभग एक महीने से अपने लाव-लश्कर के साथ डेरा डाले हुए थे, तो वहीं पीएम मोदी ने भी दर्जनभर से अधिक रोड शो कर चुनाव में जान फूंकने की कोशिश की थी और पर्दे के पीछे से आरएसएस व उसके अन्य सहयोगी संगठनों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हालांकि यह चुनाव इसलिए भी याद किया जाएगा कि शायद ऐसा नजारा कभी देखने में आया हो जब चुनाव आयोग के क्रियाकलाप चुनाव प्रचार के समय केंद्र में रहे हों। निसंदेह ऐसी स्थिति हमारे लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। इस पर चुनाव आयोग को जरूर ध्यान देना चाहिए।

# मानवता को झकझोर देने वाली घटना




प्रो. आर.के. जैन

मानवता को झकझोर देने वाली यह घटना समाज की संवेदनहीनता को उजागर करती है। पुणे के भोर तहसील के नासरापुर गांव में 1 मई 2026 को घटी यह घटना केवल अपराध नहीं, बल्कि गहरी मानवीय त्रासदी है। लगभग चार वर्ष की मासूम बच्ची, जो गर्मी की छुट्टियों में नानी के घर आई थी, उसे भोजन या बछड़ा दिखाने के लालच में पशुशाला में ले जाया गया। 65 वर्षीय व्यक्ति ने बेरहमी से अत्याचार कर पत्थर से सिर कुचलकर हत्या की और शव को गोबर के ढेर में छिपा दिया। सीसीटीवी कैमरों ने सच सामने ला दिया, फिर भी प्रश्न है कि ऐसी घटनाएं क्यों बढ़ रही हैं। क्या हमारी सुरक्षा व्यवस्था और सामाजिक चेतना इतनी कमजोर हो चुकी है कि बच्चों की रक्षा भी सुनिश्चित नहीं? यह घटना केवल एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे समाज की गंभीर विफलता का प्रमाण है। आरोपी पर पहले भी यौन अपराध के मामले दर्ज थे, जिससे अपरा. धियों के बढ़ते हौसले और पुलिस-न्याय व्यवस्था की कमियों पर सवाल और गहरे होते हैं।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के हालिया आंकड़ों के अनुसार महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराधों में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। विभिन्न रिपोर्टों और उपलब्ध जानका. रियों से भी स्पष्ट होता है कि अनेक क्षेत्रों में स्थिति दिन-प्रतिदिन अधिक गंभीर और असुरक्षित होती जा रही है। जो स्थान कभी सुरक्षित माने जाते थे, वे अब अपराध और असुरक्षा के नए केंद्र बनते जा रहे हैं। समस्या केवल कानूनों की मौजूदगी नहीं, बल्कि उनके कमजोर क्रियान्वयन और प्रभावी निगरानी के अभाव में छिपी है। यदि एक मासूम बच्ची अपने ही घर के आसपास सुरक्षित नहीं है, तो यह पूरे सुरक्षा तंत्र पर गंभीर प्रश्नचिह्न है। अपराधियों के बढ़ते हौसले का एक बड़ा कारण समाज की उदासीनता भी है, जो समय रहते चेतावनी संकेतों को नजरअंदाज कर देती है। व्यवस्था में गहरे सुधार के बिना ऐसी घटनाओं पर रोक संभव नहीं। पुलिस व्यवस्था और न्याय प्रणाली में ठोस, प्रभावी बदलाव आवश्यक हैं।

विशेष जांच दल का गठन हुआ है और मुख्यमंत्री ने फास्ट-ट्रैक ट्रायल व कठोर सजा की घोषणा की है, लेकिन यह कदम केवल तात्कालिक प्रतिक्रिया तक सीमित नहीं रहने चाहिए। बाल यौन अपराध संरक्षण कानून के अंतर्गत लंबित मामलों की अधिक संख्या और दोषसिद्धि की कम दर व्यवस्था की कमजो. रियों को स्पष्ट करती है। प्रत्येक जिले में 24 घंटे सक्रिय बाल संरक्षण इकाइयों की स्थापना अनिवार्य होनी चाहिए। गांवों और शहरों में निगरानी कैमरों का व्यापक नेटवर्क विकसित किया जाए तथा महिला पुलिस की पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित की जाए। न्याय प्रक्रिया को तेज, पारदर्शी और प्रभावी बनाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। सुरक्षा की वास्तविक नींव समाज की जागरूकता और सक्रिय भागीदारी पर ही टिकी होती है। केवल कानून या प्रशासन के भरोसे सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जा सकती, जब तक समाज स्वयं सजग न हो। बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा सामूहिक जिम्मेदारी है। स्कूलों, आंगनवाड़ियों और खेल स्थलों को पूर्ण सुरक्षा क्षेत्र घोषित कर कठोर निगरानी आवश्यक है। अभिभावकों के लिए नियमित जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने चाहिए ताकि वे संभावित खतरों को पहचान सकें। स्थानीय समुदायों में सतर्कता समूह बनाए जाने चाहिए जो संदिग्ध गति. विधियों पर तुरंत सूचना दें। बच्चों को आत्मरक्षा और सुरक्षित व्यवहार की शिक्षा देना भी अत्यंत आवश्यक है। जब तक समाज सक्रिय भागीदारी नहीं निभाएगा, तब तक केवल कानून व्यवस्था पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं होगा। सबसे बड़ी और गहरी चुनौती आज भी हमारी जड़ जमाई हुई मानसिकता है, जो वर्षों से बदली नहीं है। कई बार पीड़ित को ही प्रश्नों के घेरे में खड़ा कर दिया जाता है और पुरानी सोच से प्रभावित प्रतिक्रियाएं दी जाती हैं।

यह धारणा बदलनी होगी कि खतरा केवल अजनबियों से होता है, जबकि वास्तविकता यह है कि कई बार परिचित और भरोसेमंद लोग ही अपराधी बन जाते हैं। शिक्षा प्रणाली में लिंग संवेदनशीलता, सहमति का सम्मान और नैतिक मूल्यों को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाना चाहिए। मीडिया को भी अत्यंत जिम्मेदारी से कार्य करना होगा ताकि ऐसी घटनाओं को सनसनी के रूप में प्रस्तुत न किया जाए। दोषियों के लिए कठोरतम दंड पर गंभीर सामाजिक और कानूनी मंथन आवश्यक है। बदलते समय में सुरक्षा को मजबूत करने की कुंजी आधुनिक तकनीक के प्रभावी और व्यापक उपयोग में निहित है। एआई आधारित उन्नत निगरानी प्रणाली, बच्चों के लिए सुरक्षित पहनने योग्य उपकरण और स्थान आधारित सुरक्षा तंत्र को बड़े स्तर पर लागू किया जाना चाहिए। महिला सहायता केंद्रों को अधिक सशक्त, प्रभावी और त्वरित प्रतिक्रिया देने योग्य बनाया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों तक तकनीकी सुरक्षा सुविधाओं का विस्तार भी आवश्यक है, ताकि गांव और शहर के बीच सुरक्षा की खाई कम हो सके। साथ ही यह सुनिश्चित करना होगा कि तकनीक का उपयोग केवल सुरक्षा के उद्देश्य से हो और उसका किसी भी रूप में दुरूपयोग न हो। तकनीक तभी वास्तविक रूप से सार्थक है, जब वह अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी सुरक्षा पहुंचा सके। किसी भी राष्ट्र की पहचान उसकी मासूम और कमजोर जिंदगियों की सुरक्षा से होती है। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा केवल योजना नहीं, बल्कि राष्ट्र की नैतिक जिम्मेदारी है। इस घटना ने स्पष्ट किया कि दोषी अक्सर परिचित होता है और बार-बार जेल से छूटने वाले अपराधी समाज के लिए बड़ा खतरा हैं। पुणे की मासूम बच्ची यह कठोर सच याद दिलाती है कि विकास तभी सार्थक है, जब जीवन सुरक्षित हो। यदि आने वाली पीढ़ियां भय में जीने को मजबूर होंगी, तो विकास के दावे अधूरे रह जाएंगे। समाज, प्रशासन और परिवारकृसभी को मिलकर सुरक्षित वातावरण बनाना होगा।

## श्रीमुख से...

### वायनाड में यूडीएफ का शानदार प्रदर्शन



केरल की जनता का भरोसा ही यूडीएफ के लिए मार्गदर्शक शक्ति बनेगा और आने वाले पांच वर्षों में ईमानदारी एवं विनम्रता के साथ किए गए वादों को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा, वायनाड में यूडीएफ को 7 में से 7 सीटों पर मिली जीत जनता के मजबूत विश्वास का प्रतीक है, क्षेत्र के विकास के लिए सभी प्रतिनिधि मिलकर काम करेंगे और जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करेंगे, यूडीएफ` कार्यकर्ताओं और नेताओं के अथक प्रयासों से एकजुट और प्रगतिशील केरल का संदेश हर घर तक पहुंचा है तथा आने वाले वर्षों में जनता की सेवा का संकल्प और मजबूत होगा।

-प्रियंका गांधी वाड्रा
कांग्रेस सांसद, वायनाड

## अपने विचार रखें...

**शाह टाइम्स अपने पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करता है, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**फीचर डेस्क, शाह टाइम्स**

**पत्राचार: सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर-251003**
**E-mail: Dainikshahtimes@gmail.com**

# न हाथ में डिग्री फिर भी जिंदगियां देती दाई मां




महक कुरैशी

ना तो ऑपरेशन थिएटर की कोई भी चकाचौंध है और ना ही मेडिकल की मोटी मोटी किताबें। बस अनुभव का खजाना, ममता की पोटली और हौसले की धार ए हैं हमारी दाई मां। आज 5 मई अंतर्राष्ट्रीय दाई दिवस है। वो दिन जब दुनिया उन हाथों को सलाम करती है जिन्होंने बिना किसी भी शोर शराबे के करोड़ों घरों में समय समय पर बच्चों की किलकारी गुंजाई।

एक जमाना था जब गांव में लेबर रूम नही हुआ करता था बस दाई की गोद ही लेबर रूम हुआ करती थी। अगर किसी भी गर्भवती महिला को आधी रात को दर्द उठा तो अपने हाथों में लालटेन लेकर उस घर की और भागती दौडती हुई दाई ही एक उम्मीद हुआ करती थी। दाई मां के पास ना तो ब्लड प्रेशर की मशीन होती थी और ना ही ऑक्सीजन का सिलेंडर। बस उनके पास होता था गर्म पानी का एक पतीला, साफ सा कपड़ा और मंत्र सा पढ़ता हुआ कई वर्षों का अनुभव। तब दाई मां की एक आवाज पर पूरा का पूरा घर अलर्ट हो जाता था और वह उपचार के दौरान गर्भवती महिला को हौंसला देती थी और फिर सब कुछ सही हो जाता। घर में फिर किलकारियां गूंजती और पूरे घर में खुशी की लहर दौड़ जाती। दाई मां को इनाम भी मिलता था और वह भी बच्चे को पुचकारती हुई जच्चा और बच्चा को बहुत सारी दुआएं देकर ही अपने घर लौटती थी। एक बुजुर्ग बताते हैं कि 80 के दशक में एक गांव की शांति देवी दाई मां ने एक बच्चे का जन्म कराया था। अब वही बच्चा एक जिले का कलेक्टर है। यह कलेक्टर जब भी छुट्टियों में अपने गांव में आते हैं तो सबसे पहले शांति देवी दाई मां के पांव छूते हैं। कहते हैं दाई मां ने डिग्री नहीं देखी बस नब्ज देखी थी। उसी नब्ज ने मुझे बड़ा अफसर बना दिया। है ना ए चटपटा सच। आज बड़े हस्पताल हैं। नर्स हैं। गायनेकोलॉजिस्ट भी हैं। फिर भी दूर दराज के गांवों में, टांडों में और पहाड़ों पर आज भी पहली डॉक्टर दाई मां ही है। आशा और एएनएम के साथ कंधे से कंधा मिलाकर दाई मां अब भी जच्चा बच्चा की रखवाली करती है। सरकार भी अब इन्हें स्किल्ड बर्थ अटेंडेंट का प्रशिक्षण दे रही है यानी कि पुरानी दाई नया अवतार। नाम के साथ दाई शब्द जुड़ते ही लोग नाक सिकोड़ लेते हैं। कम पैसा, ना पहचान, ना पेंशन। कई बार अगर जच्चा या बच्चे की हालत बिगड़ जाए तो इल्जाम भी दाई मां के सिर ही लग जाता है पर मजाल है जो कभी उफ की हो। कहती हैं बच्चा रोया नही तब तक हम सोते नही। आज के दिन में बस इतना ही कहूंगी कि अस्पताल में जन्म प्रमाण पत्र पर डॉक्टर का नाम लिखा जाता है पर उस बच्चे की पहली सांस पर हक तो दाई की हथेली का ही है। डिग्री भले ही ना हो पर ममता में पीएचडी हैं ए दाई मां। तो अगली बार किसी दाई मां को देखो तो बस हाथ जोड़ देना क्योंकि यही वह शख्सियत हैं जिन्होंने मौत को मात देकर जिंदगी को धरती पर उतारा है। हैप्पी दाई दिवस। दाई मां तुम सच में लाइफ लाइन हो।

**उसी नब्ज ने मुझे बड़ा अफसर बना दिया। है ना ए चटपटा सच। आज बड़े हस्पताल हैं। नर्स हैं। गायनेकोलॉजिस्ट भी हैं। फिर भी दूर दराज के गांवों में, टांडों में और पहाड़ों पर आज भी पहली डॉक्टर दाई मां ही है। आशा और एएनएम के साथ कंधे से कंधा मिलाकर दाई मां अब भी जच्चा बच्चा की रखवाली करती है। सरकार भी अब इन्हें स्किल्ड बर्थ अटेंडेंट का प्रशिक्षण दे रही है यानी कि पुरानी दाई नया अवतार। नाम के साथ दाई शब्द जुड़ते ही लोग नाक सिकोड़ लेते हैं।**

# कुछ लोगों को ठंड कम क्यों लगती है

**जो लोग गर्म इलाकों से ठंडे स्थानों पर जाते हैं, उन्हें शुरुआत में ज्यादा दिक्कत होती है, लेकिन लगातार उस स्थान पर रहने से धीरे-धीरे शरीर ठंड के मुताबिक खुद को ढाल लेता है। इस प्रक्रिया को अनुकूलन कहते हैं। शरीर का आकार भी मायने रखता है। छरहरे शरीर या छोटे कद वाले लोग जल्दी गर्मी गंवाते हैं, जबकि बड़े डील-डौल वाले लोग गर्मी देर तक सहेज पाते हैं। खासकर मांसपेशियां बहुत महत्वपूर्ण होती हैं, क्योंकि वे काम करते समय गर्मी पैदा करती हैं। इसलिए जिन लोगों की मांसपेशियां ज्यादा होती हैं, वे अंदर से अधिक गर्मी बनाते हैं। ठंड से बचाव के मामले में मांसपेशियां शरीर की सबसे मजबूत ढालों में से एक हैं। लेकिन, सिर्फ शरीर का आकार ही पूरी कहानी नहीं है। आर्कटिक जैसे बेहद ठंडे इलाकों में रहने वाले कुछ समुदाय अपेक्षाकृत छोटे कद के बावजूद कड़ाके की ठंड आसानी से सह लेते हैं।**



जाड़े का मौसम तो चला गया है लेकिन जाते-जाते एक सवाल का जवाब मिल गया हैरू कुछ लोगों को ठंड कम क्यों लगती है? इसका कारण है हमारे शरीर की बनावट, अनुकूलन की क्षमता और हमें मिले वंशानुगत गुण।

युनिवर्सिटी ऑफ ओटावा के जीवविज्ञानी फांस्वा हेमन के अनुसार, इंसान का शरीर नैसर्गिक रूप से बहुत ज्यादा ठंड सहने में माहिर नहीं है। हम आसानी से शरीर की गर्मी गंवा देते हैं। फिर भी हर व्यक्ति को ठंड अलग-अलग तरह से महसूस होती है। और, इसमें हमारी जीवनशैली व जैविक बनावट, दोनों की अहम भूमिका होती है। ठंड सहने में एक भूमिका अनुकूलन की भी होती है। जो लोग गर्म इलाकों से ठंडे स्थानों पर जाते हैं, उन्हें शुरुआत में ज्यादा दिक्कत होती है। लेकिन लगातार उस स्थान पर रहने से धीरे-धीरे शरीर ठंड के मुताबिक खुद को ढाल लेता है। इस प्रक्रिया को अनुकूलन कहते हैं। शरीर का आकार भी मायने रखता है। छरहरे शरीर या छोटे कद वाले लोग जल्दी गर्मी गंवाते हैं, जबकि बड़े डील-डौल वाले लोग गर्मी देर तक सहेज पाते हैं। खासकर मांसपेशियां बहुत महत्वपूर्ण होती हैं, क्योंकि वे काम करते समय गर्मी पैदा करती हैं। इसलिए जिन लोगों की मांसपेशियां ज्यादा होती हैं, वे अंदर से अधिक गर्मी बनाते हैं। ठंड से बचाव के मामले में मांसपेशियां शरीर की सबसे मजबूत ढालों में से एक हैं। लेकिन, सिर्फ शरीर का आकार ही पूरी कहानी नहीं है। आर्कटिक जैसे बेहद ठंडे इलाकों में रहने वाले कुछ समुदाय द्धजैसे ग्रीनलैंड के इनुइट लोगत्र अपेक्षाकृत छोटे कद के बावजूद कड़ाके की ठंड आसानी से सह लेते हैं। शोध में पाया गया है कि कुछ लोगों के जीन ऐसे होते हैं जो 'भूरी वसाश नाम की खास वसा के विकास से जुड़े हैं। यह वसा शरीर में गर्मी पैदा करने में मदद करती है। इसके अलावा, जीन यह भी तय करते हैं कि शरीर में चर्बी कैसे वितरित होगी और मांसपेशियां कैसे काम करेंगी। इन कारणों से कुछ लोग अपने शरीर का अंदरूनी तापमान दूसरों की तुलना में बेहतर तरीके से बनाए रख पाते हैं। जीन इस बात को भी प्रभावित कर सकते हैं कि ठंड में हमारी रक्त वाहिकाएं कैसे प्रतिक्रिया देती हैं। जब मौसम बहुत ठंडा होता है, तो त्वचा और हाथ-पैरों की ओर बहने वाला खून कम हो जाता है, ताकि हृदय और दूसरे जरूरी अंगों के आसपास गर्मी बनी रहे। इसी कारण उंगलियां और पैर ज्यादा ठंडे महसूस होते हैं, लेकिन इससे शरीर का केंद्रीय तापमान सुरक्षित रहता है। कुछ लोगों में जीन इस प्रक्रिया को और बेहतर तरीके से नियंत्रित करने में मदद करते हैं। कुल मिलाकर, ठंड लगना कई कारणों से तय होता है। इसमें डील-डौल, अनुकूलन क्षमता और जेनेटिक्स तीनों मिलकर असर डालते हैं। **( स्रोत फीचर्स )**



कोलंबो। श्रीलंका के साथ समुद्री सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित यात्रा के दौरान भारतीय नौसेना की पनडुब्बी आईएनएस सिंधुकेसरी श्रीलंका पहुंची।

## होर्मुज में फंसे जहाजों को निकालने की कवायद तेज

### अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने की प्रोजेक्ट फ्रीडम नाम से एक नौसैनिक अभियान की घोषणा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' नाम से एक नौसैनिक अभियान की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे वाणिज्यिक जहाजों को सुरक्षित बाहर निकालना है।

यह अभियान पश्चिम एशिया में सोमवार सुबह से शुरू हो गया है। ट्रम्प ने एक बयान में कहा कि दुनिया के कई देशों ने अमेरिका से सहायता का अनुरोध किया है ताकि इस संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले समुद्री मार्ग में फंसे जहाजों को बाहर निकाला जा सके। उन्होंने कहा कि दुनिया भर के देशों ने अमेरिका से अनुरोध किया है कि क्या हम उनके जहाजों को मुक्त कराने में मदद कर सकते हैं, जो होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे हुए हैं। उन्होंने इन जहाजों को 'तटस्थ और निर्दोष पक्षों' का बताया। ट्रम्प ने कहा कि तटस्थ देशों के जहाजों को अमेरिकी बल 'सुरक्षित तरीके से प्रतिबंधित जलमार्गों से बाहर निकालेंगे', ताकि वे सामान्य व्यावसायिक गतिविधियों को फिर से शुरू कर सकें। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल अमेरिका बल्कि ईरान और पूरे पश्चिम एशिया के लिए भी लाभकारी होगी। घोषणा के अनुसार अमेरिकी प्रतिनिधियों को संबंधित देशों को सूचित करने के निर्देश दिए गए हैं कि वाशिंगटन उनके जहाजों और चालक दल को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए 'हर संभव प्रयास' करेगा। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में शामिल जहाज तब तक वापस नहीं लौटेंगे जब तक क्षेत्र को नौवहन के लिए सुरक्षित नहीं माना जाता। ट्रम्प ने कहा कि यह प्रक्रिया, प्रोजेक्ट फ्रीडम, सोमवार सुबह मध्य पूर्व समयानुसार शुरू होगी।




■ तटस्थ देशों के जहाजों को अमेरिकी बल 'सुरक्षित तरीके से प्रतिबंधित जलमार्गों से बाहर निकालेंगे', ताकि वे सामान्य व्यावसायिक गतिविधियों को फिर से शुरू कर सकें

उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच 'बहुत सकारात्मक बातचीत' चल रही है, जिससे रचनात्मक परिणाम निकल सकते हैं। ट्रम्प ने इस अभियान को मानवीय पहल बताते हुए कहा कि क्षेत्र में कई जहाज भोजन सहित आवश्यक आपूर्ति की कमी का सामना कर रहे हैं, जिससे चालक दल की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि यह प्रयास उन लोगों, कंपनियों और देशों को राहत देने के लिए है जिन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है और परिस्थितियों के शिकार बने हैं। यह एक मानवीय पहल है। हालांकि उन्होंने चेतावनी भी दी कि इस अभियान में किसी भी तरह का हस्तक्षेप होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक है, जहां से वैश्विक तेल आपूर्ति का बड़ा हिस्सा गुजरता है और हाल के महीनों में यह बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव का केंद्र बना हुआ है।

## मॉन्स्टर ट्रक शो के दौरान भीड़ में घुसी कार, दो की मौत, 37 घायल

**बोगोटा।** दक्षिणी कोलंबिया में 2026 मॉन्स्टर ट्रक शो के दौरान एक कार भीड़ में घुस गई, जिससे कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और 37 अन्य घायल हो गए। नोटिशियास काराकोल ब्रॉडकास्टर की रिपोर्ट के अनुसार यह कार्यक्रम काउका प्रांत के पोपायान शहर में आयोजित किया गया था। काउका के गवर्नर ऑक्टेवियो गुजमैन ने हताहतों की संख्या की पुष्टि की और इस दुर्घटना से प्रभावित लोगों के प्रति अपनी एकजुटता व्यक्त की है।

## प्रोजेक्ट फ्रीडम, होर्मुज खोलने के लिए सैन्य स्तरीय अभियान: सेंटकॉम

**वॉशिंगटन।** अमेरिका का 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' एक बड़ा सैन्य स्तरीय अभियान है जिसमें गाइडेड-मिसाइल डिस्ट्रॉयर्स, 100 से अधिक विमान और लगभग 15000 सैन्य कर्मी तैनात किए गए हैं। यह उन देशों की तत्परता को दर्शाता है, जो हॉर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले व्यापारिक जहाजों के लिए सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करने का समर्थन कर रहे हैं। अपनी व्यापकता और मारक क्षमता के बावजूद इस अभियान से दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री चोकपॉइंट्स में से एक में बढ़ती अस्थिरता का कोई स्थाई समाधान मिलने की संभावना कम ही है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार, इस मिशन का उद्देश्य केवल वाणिज्यिक जहाजों को मात्र सुरक्षा देना नहीं बल्कि इस रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण जलमार्ग में नौवहन की स्वतंत्रता बहाल करने का व्यापक प्रयास है। इस मार्ग से प्रतिदिन वैश्विक समुद्री तेल का लगभग एक-चौथाई हिस्सा और भारी मात्रा में एलएनजी, ईंधन व उर्वरक लदे जहाज गुजरते हैं। सेंटकॉम ने अपने बयान में कहा है कि उसकी सेनाएं चार मई से इस पहल का समर्थन करना शुरू कर देंगी।

### प्रोजेक्ट फ्रीडम के जवाब में तेहरान ने दी अब चेतावनी देते हुए

## ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट का नया नक्शा जारी किया

**तेहरान।** ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने सोमवार को होर्मुज जलडमरूमध्य का एक नया नक्शा जारी किया। इसमें उन क्षेत्रों को दर्शाया गया है जो ईरान के नौसैनिक नियंत्रण और प्रबंधन के अधीन हैं। इस कदम से क्षेत्र में तनाव और बढ़ने की आशंका है। 'फारस न्यूज एजेंसी' के अनुसार, आईआरजीसी द्वारा निर्धारित यह क्षेत्र पश्चिम में ईरान के केश्म द्वीप और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के उम्म अल-कुवैन के बीच से शुरू होकर, पूर्व में ईरान के माउंट मुबारक और फुजैराह तक फैला हुआ है। ईरान का यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा घोषित 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' के जवाब में आया है।

'प्रोजेक्ट फ्रीडम' के तहत अमेरिका इस रणनीतिक जलमार्ग में फंसे वाणिज्यिक जहाजों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए एक बड़ा नौसैनिक अभियान शुरू कर रहा है। ईरान की एकीकृत सशस्त्र सेना कमान के प्रमुख मेजर जनरल अली अब्दुल्लाही ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि ईरान जलडमरूमध्य में प्रवेश करने या उसके करीब आने वाले 'किसी भी विदेशी सशस्त्र बल', विशेष रूप से 'आक्रामक अमेरिकी सेना' को निशाना बनाएगा। उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा का प्रबंधन ईरान पूरी मजबूती के साथ कर रहा है। दूसरी ओर, अमेरिकी सेना ने स्पष्ट किया है कि उसका यह प्रयास कोई औपचारिक 'एस्कॉर्ट मिशन' (जहाजों के साथ चलने वाला मिशन) नहीं है, बल्कि इसमें गाइडेड-मिसाइल डिस्ट्रॉयर, 100 से अधिक विमान और 15000 सैनिक 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' को सहयोग देंगे। अब्दुल्लाही ने सभी वाणिज्यिक जहाजों और तेल टैंकरों से अपील की है कि वे ईरानी सशस्त्र बलों के साथ समन्वय किए बिना इस क्षेत्र से न गुजरें, अन्यथा उनकी सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि अमेरिका की किसी भी आक्रामक कार्रवाई से स्थिति और जटिल होगी और जहाजों की सुरक्षा को खतरा पैदा होगा। अब्दुल्लाही ने कहा कि यह जलमार्ग ईरान के सशस्त्र बलों के नियंत्रण में है, और 'स्थति को बिगाड़ने के लिए अमेरिका द्वारा की गई कोई भी आक्रामक कार्रवाई केवल और अधिक जटिलताएं पैदा करेगी और इस क्षेत्र में जहाजों की सुरक्षा को खतरे में डाल देगी। उल्लेखनीय है कि ट्रम्प ने एक नौसैनिक मिशन की घोषणा की है, जिसका नाम 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' रखा गया है। आधिकारिक बयान के अनुसार, इसका मकसद होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे हुए व्यापारिक जहाजों को बाहर निकालना है। आईआरजीसी के प्रवक्ता सरदार मोहेब्बी ने कहा कि तेहरान द्वारा लागू किए गए पारगमन नियमों (ट्रांजिट प्रोटोकॉल) का उल्लंघन करने वाले किसी भी जहाज को बलपूर्वक रोका जाएगा। उन्होंने सभी शिपिंग और परिवहन बीमा कंपनियों को सलाह दी है कि वे आईआरजीसी की आधिकारिक घोषणाओं पर गौर करें। उन्होंने फारस समाचार एजेंसी की ओर से जारी बयान में कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य की प्रबंधन प्रक्रिया में कोई बदलाव नहीं हुआ है। नागरिक और वाणिज्यिक जहाजों की कोई भी समुद्री आवाजाही, जो आईआरजीसी नौसेना द्वारा जारी किए गए पारगमन प्रोटोकॉल का पालन करती है और समन्वय के साथ निर्धारित मार्ग से होती है, वह पूरी तरह सुरक्षित रहेगी। उन्होंने कहा कि आईआरजीसी नौसेना द्वारा घोषित सिद्धांतों के विपरीत होने वाली अन्य गतिविधियों को गंभीर जोखिमों का सामना करना पड़ेगा।



■ कहा: स्ट्रेट में प्रवेश करने पर किसी भी विदेशी सशस्त्र बल को निशाना बनाएगा

### होर्मुज की नई व्यवस्था में अमेरिकी हस्तक्षेप युद्धविराम का उल्लंघन है: ईरानी सांसद

**तेहरान।** ईरान की संसद के एक वरिष्ठ सांसद ने चेतावनी दी है कि होर्मुज जलडमरूमध्य की नई समुद्री व्यवस्था में अमेरिका का कोई भी हस्तक्षेप युद्धविराम का सीधा उल्लंघन माना जाएगा। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की जहाजों को सुरक्षा देने की योजना को 'भ्रमपूर्ण' करार दिया। ईरानी संसद की विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के प्रमुख इब्राहिम अजीजी ने रविवार को सोशल मीडिया पर कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य के नई समुद्री व्यवस्था में किसी भी अमेरिकी हस्तक्षेप को युद्धविराम का उल्लंघन माना जाएगा। उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य और फारस की खाड़ी का संचालन ट्रम्प के भ्रमपूर्ण पोस्ट से नहीं होगा। दोषारोपण की कहानियों पर कोई विश्वास नहीं करेगा। अजीजी की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब ट्रम्प ने घोषणा की है कि अमेरिकी बल सोमवार से इस जलमार्ग से गुजरने वाले जहाजों को सुरक्षा प्रदान करना शुरू करेंगे।

## पाक में दो हिंदू अल्पसंख्यकों का सीएसएस में चयन

■ अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित 123 सीटें अभी भी खाली

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के दो पुरुषों ने देश की संघीय सिविल सेवा में शामिल होने की योग्यता हासिल की है। सिंध प्रांत के जीवन रेबारी और खेम चंद जंडोरा उन 170 उम्मीदवारों में शामिल हैं, जिन्हें संघीय लोक सेवा आयोग द्वारा गुरुवार को परिणाम घोषित होने के बाद केंद्रीय सुपीरियर सेवा (सीएसएस) में शामिल होने के लिए योग्य घोषित किया गया। यह उपलब्धि ऐसे समय में मिली है जब सरकारी नौकरियों में अल्पसंख्यक समूहों का प्रतिनिधित्व ऐतिहासिक रूप से कम रहा है।

2023 की जनसंख्या जनगणना के अनुसार, 38 लाख की कुल आबादी के साथ हिंदू पाकिस्तान का सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समुदाय हैं, जो अधिकतर सिंध प्रांत में रहते हैं। पाकिस्तान की सीएसएस में अल्पसंख्यकों का प्रतिनिधित्व ऐतिहासिक रूप से कम रहा है, जिसके कारण सरकार ने समावेश बढ़ाने के लिए 2025 में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम जैसी पहल शुरू की है। संघीय लोक सेवा आयोग के अनुसार, देशभर से 12792 लोगों ने लिखित परीक्षा दी थी। इनमें से 355 उम्मीदवार उत्तीर्ण हुए, और आगे के दौर के बाद कुल 170 उम्मीदवारों का चयन किया गया। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित 123 सीटें अभी भी खाली हैं, जो इन पुरुषों की शीर्ष सूची में जगह बनाने के महत्व को और उजागर करता है। संविधान संघीय नौकरियों में अल्पसंख्यकों के लिए समान अधिकारों और पांच फीसदी कोटा की गारंटी देता है। हालांकि, उनका वास्तविक प्रतिनिधित्व कोटा सीमा से कम बना हुआ है। सीएसएस में विदेश सेवा से लेकर डाक सेवा तक 12 समूह हैं। 2022 के परिणामों के बाद राजेंद्र मेनघवार पहले हिंदू पीएसपी (पाकिस्तान पुलिस सेवा) अधिकारी बने थे। राजेंद्र की सफलता ने भी अन्य लोगों को इस क्षेत्र में शामिल होने और एक उदाहरण बनने के लिए प्रोत्साहित किया। खेम चंद के माता-पिता को अपने बेटे की शिक्षा के लिए उच्च ब्याज दरों पर कर्ज लेना पड़ा और गहने बेचने पड़े। खेम चंद जंडोरा समुदाय से संबंध रखते हैं, जिसका नाम जंड से लिया गया है, जो भारी पत्थर की चक्की को संदर्भित करता है।

## होर्मुज की नाकेबंदी पर अकेले पड़े ट्रम्प

### यूरोप ने पीछ खींचे हाथ, मैक्रों बोले: जंग में हम शामिल नहीं, अमेरिका से अलग रणनीति अपनाएंगे

**पेरिस।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर जारी संकट के बीच फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने साफ कर दिया है कि यूरोप इस मुद्दे पर अमेरिका से अलग रणनीति अपनाएगा। फ्रांस के राष्ट्रपति ने कहा कि यूरोप अपना स्वतंत्र सुरक्षा ढांचा तैयार कर रहा है और अमेरिका के नेतृत्व वाले किसी अस्पष्ट सैन्य आपरेशन का हिस्सा नहीं बनेगा।

आर्मेनिया की राजधानी येरेवन में आयोजित यूरोपीय पालिटिकल कम्युनिटी की 8वीं बैठक में मैक्रों ने कहा कि यूरोपीय संघ अपनी सुरक्षा और रक्षा के लिए खुद समाधान बना रहा है। हम अपनी किस्मत अपने हाथ में ले रहे हैं और कामन सिक्योरिटी फेम्वर्क विकसित कर रहे हैं। मैक्रों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा शुरू किए गए प्रोजेक्ट फ्रीडम में शामिल होने से साफ इनकार कर दिया। यह पहल होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही बहाल करने के लिए शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि हम ऐसी किसी पहल में हिस्सा नहीं लेंगे, जिसका ढांचा स्पष्ट न हो। हालांकि फ्रांस ने जलमार्ग को फिर से खोलने के प्रयासों का समर्थन किया, लेकिन यह भी स्पष्ट किया कि वह किसी भी फोर्स-बेस्ड आपरेशन में शामिल नहीं होगा, जब तक कि उसका स्पष्ट और सहमति आधारित ढांचा न हो। मैक्रों ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने का सबसे टिकाऊ तरीका अमेरिका और ईरान के बीच समन्वित समझौता है। उन्होंने फ्री और बिना टोल के नेविगेशन को सुनिश्चित करने के लिए बातचीत को ही एकमात्र रास्ता बताया। इस बीच, क्षेत्र में हालात अभी भी बेहद संवेदनशील बने हुए हैं। 28 फरवरी के बाद से तनाव तेजी से बढ़ा है, जब अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर हमले किए और जवाब में तेहरान ने भी इजरायली ठिकानों और खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। ईरान ने साफ चेतावनी दी है कि अगर अमेरिकी सेना होर्मुज जलडमरूमध्य के करीब आती है, तो उस पर हमला किया जाएगा। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा कि अमेरिका के प्रस्ताव की समीक्षा की जा रही है, जो पाकिस्तान के जरिए मिला है।



■ मैक्रों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा शुरू किए गए प्रोजेक्ट फ्रीडम में शामिल होने से साफ इनकार कर दिया

## ट्रम्प कार्रवाई चाहते हैं, वह चुपचाप बैठे नहीं रहना चाहते: अमेरिकी अधिकारी

**वाशिंगटन।** होर्मुज स्ट्रेट में गतिरोध को तोड़ने के उद्देश्य से ट्रम्प की ओर से शुरू किया गया नया नौसैनिक अभियान 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' ऐसे समय में आया है जब अमेरिका में ईरान के साथ 'न समझौता, न युद्ध' की स्थिति को लेकर निराशा बढ़ रही है। अमेरिकी न्यूज वेबसाइट एक्सियोस से बातचीत में प्रशासन के एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रपति कार्रवाई चाहते हैं। वह चुपचाप बैठे नहीं रहना चाहते। वह दबाव बनाना चाहते हैं। वह एक समझौता चाहते हैं। अधिकारियों का कहना है कि कूटनीति पर जोर देने के बावजूद, ट्रम्प बंद दरवाजों के पीछे ईरान के लिए कड़े सैन्य विकल्पों पर विचार कर रहे हैं।

## अमेरिका ने ईरानी जहाज के चालक दल को पाक के हवाले किया

■ इस जहाज ने बार-बार दी गई चेतावनियों के बावजूद नौसैनिक नाकाबंदी को तोड़ने की कोशिश की थी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि अमेरिका ने एक ईरानी कंटेनर जहाज पर पकड़े गए चालक दल के 22 सदस्यों को सुरक्षित पाकिस्तान पहुंचा दिया है, जिन्हें आज ही ईरानी अधिकारियों को सौंप दिया जाएगा।

पाकिस्तान ने चालक दल की इस वापसी को तनाव कम करने की दिशा में अमेरिका द्वारा उठाया गया एक 'विश्वास बढ़ाने वाला कदम' बताया है। ईरानी ध्वज वाला जहाज 'एम/वी टूसका', जो इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान शिपिंग लाइन्स का हिस्सा है, पिछले महीने ओमान की खाड़ी में अमेरिकी सेना द्वारा जब्त कर लिया गया था। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार, इस जहाज ने बार-बार दी गई चेतावनियों के बावजूद नौसैनिक नाकाबंदी को तोड़ने की कोशिश की थी। अमेरिकी सेना ने जहाज के इंजन रूम पर फायरिंग भी की थी। ईरान ने अमेरिका की इस कार्रवाई की कड़ी निंदा की थी और इसे 'समुद्री डकैती' करार दिया था। पाकिस्तान के मुताबिक, चालक दल के सदस्यों को रविवार रात उसकी हिरासत में सौंपा गया था और सोमवार को उन्हें ईरान भेज दिया जाएगा। मंत्रालय ने यह भी कहा कि मरम्मत के बाद जहाज को उसके असली मालिकों को लौटा दिया जाएगा। सीएनएन ने पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के हवाले से कहा कि इन सदस्यों की वापसी ईरानी और अमेरिकी पक्षों के समर्थन से मिलकर की जा रही है।






## राम चरण स्टारर पेड्डी में स्पेशल सॉन्ग के लिए शामिल हुईं श्रुति हसन

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री श्रुति हासन, दक्षिण भारतीय फिल्म स्टार राम चरण स्टारर की आने वाली फिल्म पेड्डी के स्पेशल सॉन्ग के लिए शामिल हो गई हैं। फिल्म पेड्डी, में ग्लोबल स्टार राम चरण लीड रोल में हैं। इस फिल्म में जाह्नवी कपूर और जगपति बाबू भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह फिल्म लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। इसका म्यूजिक पहले ही माहौल बना चुका है, चार्टबस्टर हिट्स दे चुका है और एक्साइटमेंट को और बढ़ा दिया है। अब इस फिल्म को लेकर और बड़ा अपडेट सामने आया है। पैन-इंडिया सिनेमा की बज गर्ल श्रुति हासन फिल्म में एक हाई-एनर्जी स्पेशल डांस नंबर में नजर आने वाली हैं, जिसकी शूटिंग इस वक्त चल रही है। इससे पहले उन्हें एक और बड़े प्रोजेक्ट वाराणसी के लिए भी अप्रोच किया गया था। इससे साफ है कि भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी आने वाली फिल्मों में उनकी डिमांड और मौजूदगी लगातार बढ़ रही है।

## नाटो के भीतर अमेरिका ही जर्मनी का सबसे महत्वपूर्ण साझेदार: मर्ज

**बर्लिन।** जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने कहा है कि ईरान मुद्दे पर मतभेदों के बावजूद अमेरिका नाटो संगठन में जर्मनी का सबसे महत्वपूर्ण साझेदार बना हुआ है। मर्ज ने एआरडी प्रसारक को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि मुझे स्वीकार करना होगा कि अमेरिकी राष्ट्रपति की इन मुद्दों पर हमसे अलग राय है, लेकिन इससे यह तथ्य नहीं बदलता कि अमेरिका हमारे लिए महत्वपूर्ण साझेदार है, नाटो में सबसे महत्वपूर्ण, और यूरोप तथा अमेरिका के साथ मिलकर आगे बढ़ने में हमारी साझा रुचि है। उन्होंने ईरान को लेकर अमेरिकी रणनीति की आलोचना भी दोहराई।

